नई दिल्ली
गुरुवार, 20 जून 2024
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 28, अंक : 70
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 39
न्यून. 31

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 मंधाना का रिकॉर्ड लगातार दूसरा शतक, हरमनप्रीत 103 पर नाबाद

# मोदी सरकार ने 14 फसलों की एमएसपी बढ़ाई, वाराणसी एपी का होगा विस्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। सरकार ने धान समेत 14 खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने को मंजूरी दी है। इससे किसानों के खाते में 2 लाख करोड़ जाएंगे। इसके अलावा ग्रीन एनर्जी के द्वार खोले गए हैं। वाराणसी में एयरपोर्ट का विस्तार होगा। 2 लाख गोदाम बनाने का लक्ष्य तय किया है। 76200 करोड़ से सरकार पालघर के वधावन पोर्ट का विस्तार करेगी। इससे 12 लाख को रोजगार मिलेगा। हर राज्य में फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी का कैंपस होगा।

## रेल मंत्री वैष्णव ने दी जानकारी, ग्रीन एनर्जी के द्वार खुलेंगे, हर राज्य में होंगे फोरेंसिक साइंस कैंपस



### किसानों को सरकार दे रही खास प्राथमिकता

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएममोदी अन्नदाताओं के प्राथमिकता देते हैं और आज की कैबिनेट में खरीफ सीजन के लिए 14 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है। धान का नया एमएसपी 2300 रुपए होगा। इसमें 170 रुपए की बढ़ोत्तरी की गई है। 2013-14 में यह 1310 रुपए था। कॉटन की एमएसपी में 501 रुपए की बढ़ोत्तरी की गई है। पहले इसकी एमएसपी 7121 थी, जिसे बढ़ाकर 7521 रुपए किया गया है। मूंग का नया एमएसपी 8682 रुपए होगा। तूर दाल का 7550, मक्का 2225 रुपए, ज्वार 3371 रुपए, मूंगफली 6783 रुपए होगा।

### 12 लाख रोजगार के मौके पैदा होंगे

पोर्ट एंड शिपिंग सेक्टर के लिए बड़ा फैसला लिया गया है। पालघर के वधावन पोर्ट पर सरकार 76200 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इससे पोर्ट की क्षमता का विस्तार किया जाएगा। इसकी क्षमता 298 मिलियन टन यूनिट हो जाएगी। इसके लिए हर स्टेक होल्डर से बात की गई है। इसके डिजाइन में बदलाव किया गया है। इससे 12 लाख रोजगार के मौके पैदा होंगे। इससे इंडिया मिडिल ईस्ट कॉरिडोर मजबूत होगा। यहां 9 कंटेनर टर्मिनल होंगे और मेगा कंटेनर पोर्ट होगा। कोस्ट गार्ड का एक बर्थ होगा, जबकि फ्यूल का अलग बर्थ होगा और दूसरे कंटेनरों के लिए भी बर्थ बनाए जाएंगे। इसका पहला चरण 2029 में पूरा होगा। बनने के बाद यह पोर्ट दुनिया के टॉप 10 पोर्ट में से एक होगा।

### समुद्र में फ्लोटिंग टर्मिनल बनाए जाएंगे

रिन्युएबल एनर्जी के क्षेत्र में लैंड मार्क फैसला लिया गया है। सरकार ने पहले ऑफशोर विंड प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। इसके तहत समुद्र में फ्लोटिंग टर्मिनल बनाए जाएंगे। पहला गुजरात में 500 मेगावाट का होगा और दूसरा 500 मेगावाट का तमिलनाडु में बनाया जाएगा। वेस्ट और ईस्ट कोस्ट में हवा पूरे साल बहुत अच्छी चलती है। इसे देखते हुए यह अहम फैसला लिया गया है। हमारे यहां 7000 किलोमीटर की कोस्ट लाइन है। यहां 70 हजार मेगावाट का विंड पोटेंशियल मेजर किया गया है। इस प्रोजेक्ट पर सरकार 7453 करोड़ रुपए खर्च करेगी।

### वाराणसी ग्रीन एयरपोर्ट बनेगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी को बड़ा तोहफा मिला है। वाराणसी एयरपोर्ट की क्षमता का विस्तार किया जा रहा है। यह काम लगभग पूरा हो गया है। वहां से 39 लाख यात्री हर साल सफर कर पाएंगे। सरकार अब वहां एक नया टर्मिनल बनाने जा रही है। रनवे, हाईवे और अंडरपास बनाया जाएगा। इस पर सरकार 2870 करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। भारत की संस्कृति को दर्शाते हुए इसका विकास होगा और इसे ग्रीन एयर पोर्ट बनाया जाएगा।

### 2 लाख गोदाम बनेंगे

अश्विनी वैष्णव ने कहा, नेफेड की बहुत अच्छी ऐप बनी है, जिसके माध्यम से किसानों को तिलहन बेचने में आसानी होगी। देश में 2 लाख गोदाम बनाने का लक्ष्य तय किया गया है ,उस मामले पर अब काम किया जा रहा है। फर्टिलाइजर की कीमतें कम रखने के लिए बहुत काम किया गया है। भारत में अभी भी उर्वरक की कीमतें दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले काफी कम है।

बिहार के राजगीर में अंतरराष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय के एक नए कैंपस के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए बोले प्रधानमंत्री

# आग की लपटें किताबें जला सकती है, ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी





हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार के राजगीर स्थित अंतरराष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय के एक नए कैंपस का उद्घाटन किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटें पुस्तकों को जला सकती हैं। लेकिन ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। नालंदा केवल एक नाम नहीं है। यह एक पहचान और एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य, मंत्र और गौरव गाथा है।

उन्होंने कहा कि यह नया कैंपस विश्व को भारत के सामर्थ्य का परिचय देगा। साथ ही बताएगा कि जो राष्ट्र मजबूत मानवीय मूल्यों पर खड़े होते हैं। वो राष्ट्र इतिहास को पुनर्जीवित कर बेहतर भविष्य की नींव रखना जानते हैं।

उद्घाटन समारोह के साथ ही प्रधानमंत्री ने कैंपस में बोधि वृक्ष का एक छोटा सा पौधा भी लगाया। जो कि बौद्ध धर्म की विरासत और भारतीय आध्यात्मिकता का प्रतीक है। नालंदा का अर्थ बताते हुए उन्होंने कहा कि जहां शिक्षा और ज्ञान का अविरल प्रवाह हो, वो नालंदा है। यह शिक्षा की सीमाओं और नफे-नुकसान के नजरिए से परे है।

### कई देशों की विरासत समेटे नालंदा

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय भारत के अतीत का पुनर्जागरण ही नहीं है। बल्कि इससे दुनिया और एशिया के कई देशों की विरासत जुड़ी हुई है। उन्होंने विश्वविद्यालय के पुनर्निर्माण की भागीदारी में भारत के मित्र देशों का अभिनंदन किया। नालंदा के छात्रों से प्रधानमंत्री ने अपील की कि उनके लिए आने वाले दिन महत्वपूर्ण हैं। छात्र अपने ज्ञान का प्रयोग समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए करें। इसके अलावा ज्ञान से बेहतर भविष्य का निर्माण करें। क्योंकि इसी से संपूर्ण मानवता को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि हमारे युवा भविष्य में पूरे विश्व को नेतृत्व देंगे। इस विवि के जरिए भारत की पहचान एक बार फिर से दुनिया के ज्ञान के केंद्र के रूप में हो। जब भारत कहता है वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर तो पूरी दुनिया उनके साथ खड़ी होती है।*

### लोस चुनाव के बाद बिहार का पहला दौरा

गौरतलब है कि बीते दिनों लोकसभा चुनाव के दौरान मिली सफलता के साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के केंद्र की सत्ता पर पुनः काबिज होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह पहला बिहार का दौरा था। जिसमें उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैंपस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल विश्वनाथ अरलेकर, राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरीटा, नालंदा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. अरविंद पनगढ़िया और बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मौजूद थे।

### नए कैंपस की विशेषताएं

नालंदा विश्वविद्यालय का नया कैंपस 455 एकड़ में फैला हुआ एक नेट जीरो ग्रीन कैंपस है। 40 कक्षाओं के दो अकादमिक ब्लॉक हैं। इनमें कुल 1900 छात्रों के बैठने की क्षमता है। नालंदा विवि का इतिहास से गहरा संबंध है। वास्तविक नालंदा विश्वविद्यालय 1600 वर्ष पूर्व स्थापित किया गया था। जो कि विश्व का पहला आवासीय विवि था। यह कैंपस राजगीर में नालंदा के खंडहर स्थल के करीब स्थित है। पूर्व में इस विश्वविद्यालय की स्थापना संसद के कानून के जरिए हुई थी। इसका उद्देश्य बौद्धिकता, तार्किकता और आध्यात्मिक शिक्षा के रूप में एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान के रूप में ऐतिहासिक नालंदा की ख्याति को स्थापित करना है। नालंदा विश्वविद्यालय कानून को 2010 में संसद की मंजूरी मिली थी। इसके लिए 2007 के दूसरे और 2009 के चौथे पूर्व एशिया सम्मेलन की अहम भूमिका थी। वहीं, इसकी निर्माण परियोजना को गति वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश के बाद मिली थी। विवि, भारत की पूर्व की ओर देखो नीति के अर्थ को अपने आप में समाविष्ट किए हुए है। जिसमें भारत समेत 17 देशों की भागीदारी ▶▶ शेष पेज 7 पर

गड़बड़ी की शिकायत के बाद एनटीए का फैसला

# यूजीसी-एनईटी जून 2024 का एग्जाम रद्द, सीबीआई जांच होगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 18 जून, 2024 को देश के विभिन्न शहरों में आयोजित यूजीसी-नेट जून 2024 की परीक्षा को रद्द कर दिया है। एनटीए ने परीक्षा दो शिफ्ट में ओएमआर (पेन और पेपर) मोड में आयोजित की थी। 19 जून, 2024 को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को परीक्षा के संबंध में गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आईसी) की राष्ट्रीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई से कुछ इनपुट प्राप्त हुए। ये इनपुट प्रथम दृष्टया संकेत देते हैं कि मंगलवार को आयोजित परीक्षा में गड़बड़ी हुई थी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि यूजीसी-नेट जून 2024 परीक्षा रद्द कर दी जाए। अब नए सिरे से परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके लिए जानकारी अलग से शेयर की जाएगी। साथ ही मामले की गहन जांच के लिए मामला सीबीआई को सौंपा गया है।



### 11 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने लिया था हिस्सा

यूजीसी ने कहा कि परीक्षा का आयोजन नए सिरे से किया जाएगा जिसकी जानकारी अलग से साझा की जाएगी। सरकार परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करने और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। बता दें कि यूजीसी नेट परीक्षा जून 2024 देश भर के 317 शहरों में 1205 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी जिसमें 11,21,225 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया था।

### 18 जून को हुई थी परीक्षा

18 जून को आयोजित नेट की परीक्षा की पहली शिफ्ट सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक थी। एनटीए ने एक ही दिन में सभी 83 विषयों के लिए परीक्षा आयोजित की थी।




### माता वैष्णो देवी के लिए जम्मू से हेलीकॉप्टर सेवा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर की त्रिकुटा पहाड़ियों के बीच स्थित माता वैष्णो देवी के भक्तों के लिए खुशखबरी है। जम्मू से माता वैष्णो देवी की पवित्र गुफा मंदिर तक बहुप्रतीक्षित हेलीकॉप्टर सेवा 25 या 26 जून से शुरू होने की संभावना है।




पत्नी की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर पाए

## गृह सचिव ने पत्नी के शव के पास खुद को गोली मारी

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के गृह सचिव एवं आईपीएस शिलादित्य चेतिया ने अपनी पत्नी की मौत के कुछ मिनटों के बाद आत्महत्या कर ली। उनकी पत्नी अगामोनी बोरबरुआ कैंसर से पीड़ित थीं। पिछले कई दिनों से गुवाहाटी के नेमकेयर अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। मंगलवार को 40 साल की अगामोनी जिंदगी की जंग हार गईं। वह आईसीयू में भर्ती थीं। उनकी मौत के 10 मिनट के भीतर 44 साल के शिलादित्य ने सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। पत्नी की बीमारी के कारण बीते चार माह से छुट्टी पर चल रहे शिलादित्य ने मेडिकल स्टाफ से कहा कि वे अपनी पत्नी के शव के पास प्रार्थना करने के लिए थोड़ी प्राइवेसी चाहते हैं। नेमकेयर अस्पताल संचालक के मुताबिक स्टाफ केबिन से जैसे ही बाहर निकला, गोली चलने की आवाज आई। शिलादित्य ▶▶ शेष पेज 7 पर



कई विषयों पर होगा विमर्श

## विदेश मंत्री एस.जयशंकर की श्रीलंका यात्रा आज से

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर गुरुवार से श्रीलंका के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। भारत में हालिया संपन्न हुए आम चुनावों-2024 के बाद केंद्र में गठित की गई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार में लगातार दूसरी बार विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद एस.जयशंकर की यह पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा है। जिसमें श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व के साथ आपसी संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी कर बताया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर की श्रीलंका की यह यात्रा भारत की 'पड़ोस सबसे पहले' नीति, नई दिल्ली के निकटतम समुद्री पड़ोसी देश और समय की कसौटी पर परखे गए एक भरोसेमंद मित्र को लेकर लगातार ▶▶ शेष पेज 7 पर






आतंकवाद का मुकाबला करेगा भारत, निज्जर की मौत पर एक मिनट मौन रही कनाडा की संसद

## आतंकवाद के मामले पर भारत-कनाडा के संबंधों में बढ़ेगी तल्खी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

आतंकवाद के मामले पर भारत और कनाडा के संबंधों के बीच जमी हुई बर्फ के पिघलने के फिलहाल कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। इसका अंदाजा कनाडा में हालिया हुई एक घटना से साफतौर पर लगाया जा सकता है। जिसमें एक ओर वैंकूवर में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि भारत, आतंकवाद के खतरे का डटकर मुकाबला करने और इस वैश्विक खतरे से निपटने के लिए सभी देशों के साथ निकटता से काम करने के लिए तैयार है। साथ ही दूतावास ने 23 जून 1985 में एयर इंडिया की ▶▶ शेष पेज 7 पर



### कनिष्क बम धमाके में मारे गए थे 329 लोग

भारत के महावाणिज्य दूतावास ने यह भी कहा कि स्मारक सेवा के कार्यक्रम को वैंकूवर के स्टेनली पार्क के सेपरले प्लेग्राउंड क्षेत्र में एयर इंडिया मेमोरियल में आयोजित किया जाएगा। इसमें आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए प्रवासी भारतीयों से शामिल होने की अपील की गई है। गौरतलब है कि कनिष्क बम धमाके में एयर इंडिया के विमान में सवार सभी 329 लोगों की मौत हो गई थी। इनमें 268 कनाडाई नागरिकों में से अधिकांश भारतीय मूल के थे। जबकि 24 भारतीय नागरिक भी इस हमले में मारे गए थे।



## दिल्ली के मुख्य सचिव को एनडीएमसी चेयरमैन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार अब दो महीने के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के चेयरमैन का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने दिल्ली के मुख्य सचिव को यह जिम्मेदारी सौंपी है। गृह मंत्रालय की ओर से उप राज्यपाल के प्रधान सचिव को भेजे गए पत्र में कहा है कि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से, यह निर्णय लिया गया है कि नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के चेयरमैन का प्रभार दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव नरेश कुमार को सौंपा जाए। पत्र में कहा गया है कि एनडीएमसी अध्यक्ष पद के लिए उनका कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो महीने की अवधि के लिए अथवा अगले आदेश जो भी पहले तो तक रहेगा। बता दें कि नरेश कुमार पहले भी एनडीएमसी चेयरमैन के पद रह चुके हैं। केंद्र सरकार ने पिछले माह केंद्र नरेश कुमार को दिल्ली के मुख्य सचिव के तौर पर तीन महीने के लिए सेवा विस्तार दिया था। दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार के साथ टकराव में चल रहे नरेश कुमार को उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद नवंबर 2023 में पहला विस्तार दिया गया था। 30 नवंबर 2023 को सेवानिवृत्त होने वाले थे तब उन्हें छह माह का दूसरी बार सेवा विस्तार दिया गया है।

### आरोपी को कोर्ट ने सुनायी थी आजीवन कारावास की सजा

# पांच साल की बच्ची के अपहरण और रेप का मुजरिम अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने पांच साल की बच्ची को अगवा कर रेप केस में आजीवन कारावास की सजा पा चुके मुजरिम को गिरफ्तार किया है। 40 वर्षीय आरोपी श्रीभगवान मूलरुप से छपरा बिहार का रहने वाला है। यह बीते तीन साल से फरार था।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसारा बवाना थाने में 2012 में पांच साल की बच्ची के अपहरण और रेप का मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोप श्रीभगवान के ऊपर लगा। कोर्ट ने मामले में आरोपी को दोषी करार दिया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनायी थी। अप्रैल 2020 में कोरोना काल में इसे पैराल मिल गई। इसे अगले साल फरवरी में सरेंडर करना था लेकिन उसने नहीं किया। क्राइम ब्रांच को हाल ही में इसके बारे में इनपूट मिला कि वह नांगलोई इलाके में ठेकेदार और बेलदारों के बीच रहता है। ठेकेदार, बेलदारों से संपर्क कर पुलिस ने उसकी तस्वीर दिखायी। जिसके बाद उसकी पहचान हो गई। पता चला कि वह लेबर चौक लोकेश सिनेमा नांगलोई के पास मौजूद है। पुलिस ने वहां पहुंच आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में इसने बताया कि वर्ष 2012 में जेजे कॉलोनी बवाना में रहता था। वह पीड़िता को बेर देने के बहाने बहला-फुसलाकर बवाना नहर के पास ले गया। इसके बाद उसका रेप किया। पुलिस से बचने के लिए वह लगातार अपने ठिकाने बदलता रहा।

## ठगी में वांटेड भगौड़ा कोलकाता से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले की पुलिस ने चीटिंग केस में वांछित अपराधी को कोलकाता से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट ने साल 2020 में भगौड़ा घोषित किया था। हराधन भौमिक उर्फ हरू (42) के खिलाफ वसंत विहार थाने में केस दर्ज था। डीसीपी रोहित मीना के अनुसार भगौड़े अपराधी के बारे में जानकारी मिली थी कि वह पश्चिम बंगाल के कोलकाता में रह रहा है। इसके बाद एक टीम ने वहां पहुंची और आरोपी को डानकुनी इलाके से पकड़ लिया। छह सितंबर 2013 को इसके खिलाफ वसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। कियतकर्ता का कहना था कि वह पिछले 12 साल से अकाउटेंट के तौर पर काम कर रहा था। आभूषण की दुकान चलाने वाले आरोपी ने 6,62,000 रुपए और 15 ग्राम सोने के आभूषण बिजनेस प्रमोशन के लिए लिए थे। उसने समय पर लौटाने का वादा किया था। बाद में जब वह पत्नी के साथ आरोपी के घर रूपए और गहनें लेने गए तो उसने देने से साफ मना कर दिया। इसी केस में आरोपी को अरेस्ट किया गया है। वर्तमान में वह पश्चिम बंगाल के एक गोदाम में काम कर रहा था।

## स्पेयर पार्ट्स सप्लायर की चाकू से हमला कर हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- सीलमपुर इलाके में हुई वारदात

नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के सीलमपुर इलाके में मंगलवार रात एक शख्स की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मनोज कुमार (48) के तौर पर। वह चंद्रलोक, शाहदरा का रहने वाला था और स्पेयर पार्ट्स का सप्लायर था। वारदात के समय वह बाइक से घर जा रहा था।

डीसीपी जॉय टिर्की के अनुसार वारदात मंगलवार रात करीब 9 बजकर 40 मिनट पर वेलकम मेट्रो स्टेशन की ओर जीटी रोड फ्लाईओवर के पास हुई। घायल को अचेत हालत में अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रात 11 बजकर 23 मिनट पर हॉस्पिटल से ही पुलिस को मामले की सूचना मिली थी। इस घटना को लेकर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के दौरान पता चला कि मृतक कश्मीरी गेट बाजार में स्पेयर पार्ट्स सप्लायर था। उसके परिवार में पत्नी, 20 साल का बेटा और 23 साल की बेटी है। मनोज के सीने में दाहिनी ओर चाकू से हमला किया गया था। उस वक्त वह बाइक से जा रहा था। क्राइम और एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस अब घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चैक कर हमलावरों के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है। किस वजह से मनोज की हत्या की गई यह अभी साफ नहीं हो पाया है। पुलिस लूट, रोडरेज व आपसी रंजिश समेत विभिन्न पहलूओं को ध्यान में रख जांच को आगे बढ़ा रही है।

## विदेशी मूल की महिला की घर में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- मार्च में ही पर्यटक वीजा पर आई थी भारत
- मालवीय नगर के पंचशील विहार का मामला

दक्षिण जिले के मालवीय नगर थाना इलाके में घर के अंदर एक विदेशी महिला की लाश मिली। किस वजह से मौत हुई यह अभी साफ नहीं हुआ। शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेजा गया है। 42 साल की महिला मूलरुप से युगांडा की रहने वाली थी और इसी साल मार्च में पर्यटक वीजा पर भारत आई थी। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट से मौत की वजह साफ हो पाएगी। पुलिस को मंगलवार रात 10 बजकर 51 मिनट पर मामले में सूचना मिली। बताया गया कि पंचशील विहार स्थित एक घर में युगांडा मूल की महिला बेहोश पड़ी है। पुलिस मौके पर पहुंची तो महिला फर्श पर पड़ी मिली। एम्स ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। क्राइम टीम ने भी मौके पर जाकर जांच पड़ताल की है। पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला कि महिला बीते तीन महीने से अपनी महिला मित्र के साथ यहां रह रही थी। दोनों हेयर ड्रेसर के रूप में काम करती थी। मंगलवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे मृतका की दोस्त कमरे से चली गई थी। शाम करीब पांच बजे जब वह लौटी तो उसकी रूम पार्टनर फर्श पर पड़ी थी। कई बार आवाज देने के बाद भी वह नहीं उठी। इसके बाद उसने अपने जान पहचान के विदेशी लोगों को एकत्रित किया और फिर पुलिस को सूचना दी। मौत किस वजह से हुई इसका पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार पुलिस कर रही है।

## दिल्ली हवाईअड्डा: बुजुर्ग का हुलिया बनाकर कनाडा जा रहा युवक पकड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 24 वर्षीय युवक को पकड़ा गया है जो कथित तौर पर बुजुर्ग का हुलिया बनाकर कनाडा जा रहा था। उन्होंने बताया कि बाल और दाढ़ी रंगकर पहुंचे यात्री गुरु सेवक सिंह को मंगलवार शाम इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर रोका गया और उसे दिल्ली पुलिस को सौंप दिया गया। अधिकारी के अनुसार संदिग्ध गतिविधियों के चलते सीआईएसएफ कर्मियों ने पहले उस व्यक्ति की जांच की। उसने पहचान पत्र के तौर पर पासपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए खुद को 67 वर्षीय रशविंदर सिंह सहोता बताया। अधिकारी ने बताया कि उसे मंगलवार को दिल्ली से उड़ान भरने वाले एयर कनाडा के विमान में सवार होना था। उन्होंने कहा उस व्यक्ति की शक्ल, आवाज और त्वचा की बनावट पासपोर्ट में दिए गए विवरण से भिन्न और काफी कम उम्र वाले युवक की थी। नजदीक से देखने पर पता चला कि उसने अपने बाल और दाढ़ी सफेद रंगवा ली थी और बुजुर्ग दिखने के लिए चश्मा भी पहना हुआ था। अधिकारी ने बताया कि आगे पूछताछ में यात्री ने अपनी सही पहचान गुरु सेवक सिंह (24) बताई। उसके मोबाइल फोन में इसी नाम के पासपोर्ट की फोटो भी मिली। उन्होंने बताया कि चूंकि मामला जाली पासपोर्ट और दूसरे का भेष धरने का था, इसलिए यात्री को उसके सामान के साथ कानूनी कार्रवाई के लिए दिल्ली पुलिस को सौंप दिया गया।

### नीट विवाद :आप यूथ विंग ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के आवास पर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के यूथ एवं छात्र विंग ने नीट परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ बुधवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मिलने से उन्हें रोक दिया और विरोध करने पर लाठीचार्ज किया। विंग ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने और दोबारा परीक्षा कराने की मांग की, ताकि सभी बच्चों को बराबर मौका मिल सके। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे 'आप' के विधायक संजीव झा ने कहा कि यह देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। आम आदमी पार्टी छात्रों के साथ मजबूती से खड़ी है और उनको न्याय दिलाने के लिए सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ेगी। नीट परीक्षा में हुई धांधली का असर लाखों छात्रों पर हुआ है। इससे युवाओं और देश के भविष्य पर बुरा असर पड़ेगा।

### कांग्रेस ने मनाया राहुल का जन्मदिन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के 54वें जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को प्रदेश कांग्रेस ने उन्हें शुभकामनाएं दी और लंबी आयु की कामना की। इस मौके प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे और लोगों का शरबत, लस्सी आदि बांटी। वहीं प्रदेश अध्यक्ष के दिशा निर्देश पर कांग्रेस के सभी 280 ब्लॉक में वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत पौधे लगाए गए। इस मौके पर यादव ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी के जन्मदिन को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़ी धूमधाम से मनाया।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जीन्द | वर्ष 2024-25 हेतु विभिन्न सम्पर्क सड़क मार्केट कमेटी नरवाना ग्रुप-1, रोड आईडी-3094, 3104, 3105, 3106, 8452, 8453 की वार्षिक मरम्मत + 8 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.06.2024 | 1.60 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1681252003 eejnc37.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/26942/I/88/7 दि. 19.06.24


### राहगीरों को पिलाया मीठा शरबत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जारी भीषण गर्मी के बीच लोगों द्वारा राहगीरों को मीठा शरबत पिलाने का सिलसिला जारी है। इसी तरह निर्जला एकादशी के दिन बाबा गणिनाथ गोविन्द जी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मुकुंदपुर चौराहे व गणिनाथ गोविन्द जी भवन के पास राहगीरों को मीठा शरबत पिलाया गया। इस दौरान ट्रस्ट के सदस्यों, ट्रस्टियों, कुलगुरु भक्तों और सेवादारों ने बढ़चढ़ भाग लिया। जिसमें विनोद कुमार साई, अमरनाथ गुप्ता, नीरज कुमार गुप्ता, सीपी साइ, शत्रुघ्न, विनय कुमार, राजकुमार साइ, संजय आदि ने सेवा की। इन्होंने बहुत ही लगन के साथ राहगीरों को मीठा शरबत पिलाने में सेवा की और व्यवस्था को बहुत ही बेहतर तरीके से संभाला।

### देशभर में मनाया गया राष्ट्रीय पठन दिवस



**हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली।** बुधवार को नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया ने भारत के पुस्तकालय आंदोलन के जनक पी.एन. पन्निकर को याद करते हुए देशभर में राष्ट्रीय पठन दिवस मनाया। इस अवसर पर नई दिल्ली, देहरादून, पटना, लखनऊ, भोपाल, वाराणसी, मुंबई, गुवाहाटी, अगरतला, कटक, चेन्नई, हैदराबाद और कोच्चि देशभर में अलग—अलग स्थानों पर बच्चों, शिक्षकों—प्रशिक्षकों और मेंटर्स के लिए पठन—पाठन से संबंधित रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन हुआ। पठन—संस्कृति को बढ़ावा देने की इस मुहिम से हजारों बच्चे, शिक्षक, अभिभावक ऑफलाइन और ऑनलाइन जुड़े। देश के अलग—अलग स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में बच्चों को पठन अभ्यास करवाया गया। बाल विशेषज्ञों ने बच्चों से कहानियाँ, कविताएँ पढ़वाईं और बताया कि किस तरह विषय के अनुरूप भावों के साथ प्रस्तुत किया जाता है। कार्यक्रमों में बच्चों की पढ़ने की आदत में सुधार करने में सहायता की गई। बच्चों को पुस्तकें पढ़ने और राष्ट्रीय ई—पुस्तकालय के जरिये डिजिटल रीडिंग पर भी जोर दिया गया।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | ईएमडी राशि (रु. करोड़ में) | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज रोहतक | खेड़ी - वीएएनजीवाई स्कीम के तहत गांव खेड़ी महम में तालाब हेतु आरसीसी पाइप लाइन का पी/एल + 16 कार्य। | 14.06.2024 01.07.2024 | 442.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज रोहतक | रोहतक जिले में गांव दतौड़, गिझी, अटायल, पाकस्मा, मकड़ौली कलां, किलोई खास, रिठाल फौगाट, किशनगढ़, भराण जिंदरान, सीसर खास, मदीना कोरसान, भैणी चंद्रपाल, नांदल, चांदी, सुंदरपुर, खरक जाट्टान, घरौठी, गुढ़ान, भाली आनंदपुर, आवंल, कटेसरा, सैम्पल, रूड़की, जसिया, गांधरा में फिरनी पर स्ट्रीट लाइटिंग। | 14.06.2024 27.06.2024 | 250.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | असिर गांव :- एक अदद एस/एस टैंक के निर्माण हेतु डीएनआईटी, 350 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप चैनल का प्रावधान व बिछाना, जलघर पर पेंटिंग और व्हाइट वॉश कार्य, रोड व पथ का निर्माण और एमजीजीबीवाई कॉलोनी में वितरण पाइप लाइन बिछाना। सीएच टू असिर :- जलापूर्ति योजना के संवर्धन हेतु आकलन और एमजीजीबीवाई कॉलोनी को जलापूर्ति पाइप लाइन का प्रावधान और गांव असिर जिला सिरसा में घरों को कनेक्शन का प्रावधान (माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जन संवाद के दौरान मांग)। [कार्य कोड-पीयूएच/2023-24/71727] {हैड-पी-01-38-4215-01-102-93-94-एन-वी-ग्रामीण जलापूर्ति (एसपी) जलापूर्ति संवर्धन} + 2 कार्य। | 14.06.2024 01.07.2024 | 232.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | चाथा गांव :- आरसीसी पाइप चैनल के प्रावधान और बिछाने हेतु डीएनआईटी, मौजूदा फिल्टर बैड, स्वच्छ जल टैंक और 2 अदद एस/एस टैंक की मरम्मत, वितरण पाइप लाइन बिछाना और जलघर पर विविध कार्य। सीएच टू :- चाथा :- जलापूर्ति के पुनरोद्धार और मरम्मत हेतु आकलन तथा गांव चाथा जिला सिरसा को शमशान घाट को जलापूर्ति सुविधाओं का प्रावधान (माननीय सीएम, हरियाणा द्वारा जन संवाद के दौरान मांग)। [कार्य कोड-पीयूएच/2023-24/78327] {हैड-पी-01-38-4215-01-102-93-94-एन-वी-ग्रामीण जलापूर्ति (एसपी) जलापूर्ति संवर्धन} - [डीएनआईटी नं. 80044] {हैड-पी-01-38-4215-01-102-93-94-एन-वी-ग्रामीण जलापूर्ति (एसपी) जलापूर्ति संवर्धन} + 4 कार्य। | 14.06.2024 05.07.2024 | 397.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 5 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | सावंत खेड़ा :- गांव सावंत खेड़ा में 100 मिमी आई/डी डीआई वितरण पाइप लाइन बिछाने हेतु डीएनआईटी। सीएच टू :- सावंत खेड़ा :- जलापूर्ति योजना के पुनरोद्धार और संवर्धन हेतु आकलन और गांव सांवत खेड़ा जिला सिरसा में एमजीजीबीवाई कॉलोनी को जलापूर्ति पाइप लाइन का प्रावधान (माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जन संवाद के दौरान मांग)। [कार्य कोड-पीयूएच/2023-24/78592] {हैड-पी-01-38-4215-01-102-93-94-एन-वी-ग्रामीण जलापूर्ति (एसपी) जलापूर्ति संवर्धन}। | 14.06.2024 21.06.2024 | 9.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज झज्जर | गांव गवालीसन ब्लॉक मातनहेल में ग्रे वाटर मैनेजमेंट का निर्माण। | 14.06.2024 24.06.2024 | 48.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 7 | हरियाणा रोडवेज झज्जर | हरियाणा रोडवेज झज्जर के बस स्टैंड और वर्कशॉप्स में विज्ञापन बोर्ड्स और होर्डिंग्स। | 02.07.2024 18.07.2024 | ईएमडी 0.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812676073 gmhrjjr@gmail.com |
| 8 | हरियाणा रोडवेज झज्जर | गतिविधि अर्थात नं. 1. झाड़ू के साथ बसों की सफाई 2. हरियाणा रोडवेज झज्जर की बसों की वॉशिंग को किराये पर लेने हेतु ई-निविदा। | 02.07.2024 18.07.2024 | 10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812676073 gmhrjjr@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | ओ/एल आरडी. 50000-आर बनी डिस्टी. डब्ल्यू/सी क्रॉसिंग की मरम्मत करने हेतु आकलन + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.06.2024 | 1.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd@gmail.com |
| 10 | जिला परिषद फतेहाबाद | लालोदा से फतेहपुरी तक रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी एच-1053) + 9 कार्य। | 18.06.2024 05.07.2024 | 446.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416728389 zpftb@hry.nic.in |
| 11 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | दड़बी :- गांव दड़बी में एमजीजीबीवाई कॉलोनी के लिए वितरण पाइप लाइन बिछाना, स्लूइस वॉल्व हौदी, रेस्टोर्ड टैप कनेक्शन और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 13.06.2024 27.06.2024 | 8.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 12 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | कंडियाला - गांव नागल बग्गा जी.पी. कंडियाला ब्लॉक पिंजौर (पीकेएल) में आंगनवाड़ी की मरम्मत + 6 कार्य। | 18.06.2024 24.06.2024 | 21.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | कसुंबी माइनर के वाटरकोर्स आउटलेट आरडी 19900/आर की पुनः स्थापना। | बंद होने की तिथि 04.07.2024 | 29.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9729357000 xennehrana@yahoo.com |
| 14 | पंचायती राज सोनीपत | गांव नैना ततारपुर में 2 एकड़ व्यायामशाला का निर्माण + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.06.2024 | 107.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज सोनीपत | गांव खंदराई ब्लॉक मुडलाना में शमशान घाट में चारदिवारी और शैड का निर्माण + 11 कार्य। | 18.06.2024 27.06.2024 | 168.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 16 | पंचायती राज सोनीपत | पंचायत फंड के तहत गांव जठेड़ी, ब्लॉक राई में आंगनवाड़ी केन्द्र-2 का निर्माण + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.06.2024 | 207.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज सोनीपत | गांव पुगथला, सरधाना और शेखपुरा में शैड/चारदिवारी रास्ता का निर्माण + 9 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.06.2024 | 123.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज रोहतक | सीसर खास - गांव सीसर खास में ठाणा तालाब की रिटेनिंग वॉल का निर्माण (वीएएनजीवाई) + 14 कार्य। | 18.06.2024 02.07.2024 | 113.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज करनाल | गांव निगधु, ब्लॉक नीलोखेड़ी में अशोक मास्टर के मकान से कन्हैया लाल के मकान तक आईएलबीपी फिरनी का निर्माण। | 17.06.2024 01.07.2024 | 113.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 20 | पंचायती राज करनाल | गांव गगसीना, ब्लॉक मुनक, जिला करनाल में कश्यप चौपाल को पूरा करना + 8 कार्य। | 18.06.2024 02.07.2024 | 67.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 21 | पंचायती राज करनाल | गांव बल्लाह, ब्लॉक मुनक, जिला करनाल में बाल्मिकी चौपाल को पूरा करना। | 18.06.2024 02.07.2024 | 4.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 22 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | रोहतक में पं. भ.द. शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के परिसर में मेडिकल मोड से सिविल सर्जन कार्यालय तक लैंडस्केपिंग के मियां-वाकी पौधारोपण सहित ग्रीन बैल्ट का विकास। | 14.06.2024 01.07.2024 | 34.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/500/26955/I/88/7 दि. 19.06.24


# राजौरी गार्डन के बर्गर किंग में अंधाधुंध फायरिंग, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- सोशल मीडिया पर हिमांशु भाऊ और नवीन बाली ने ली जिम्मेदारी

राजौरी गार्डन स्थित बर्गर किंग में मंगलवार रात ताबड़तोड़ फायरिंग में एक शख्स की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त अशोक प्रधान गैंग के अमन के रूप में हुई है। हमलावरों ने दो दर्जन से ज्यादा गोलियां चलाई। इस वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर फरार हो गए। उनकी संख्या तीन बतायी गई है। पुलिस रेस्त्रां में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कब्जे में लेकर हमलावरों की पहचान करने में जुटी है। उधर सोशल मीडिया पर गैंगस्टर हिमांशु भाऊ और नवीन बाली ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है।

डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि मंगलवार रात पौने 10 बजे इस घटना की कॉल मिली थी। स्थानीय थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। इसके साथ ही क्राइम, एफएसएल, स्पेशल स्टाफ और जिले की अन्य यूनिटों ने भी मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। फरार हमलावरों की तलाश में कई टीमों को लगाया गया है। पुलिस सूत्रों का कहना है मृतक अमन अशोक प्रधान गैंग से ताल्लुक रखता था। अक्टूबर 2020 में नीरज बवानिया के रिश्तेदार शक्ति दादा की हत्या में मुखबिरी का आरोप अमन पर ही था। बताया जा रहा है कि अमन को हनी ट्रेप में फंसाकर एक साजिश के तहत बर्गर किंग बुलाया गया था। इस साजिश में शामिल युवती का भी आपराधिक रिकॉर्ड बताया जा रहा है। जिस वक्त यह हमला हुआ तब रेस्त्रां में मौजूद लोगों को एक बार लगा कि यह आंतकी हमला है। डरे सहमे लोगों ने फायरिंग के बीच इधर उधर भागकर और छिपकर अपनी जान बचायी। पुलिस को अब इस केस में हमलावरों के साथ रही युवती की भी तलाश है। वहीं सूत्रों का कहना है युवती मौके से भागते समय मृतक का मोबाइल और पर्स भी साथ ले गई। मृतक के पास कुछ नहीं मिला, जिस कारण उसकी पहचान करने में भी पुलिस को काफी परेशानी हुई। रेस्त्रां और एक मेट्रो स्टेशन पर युवती की तस्वीर पुलिस के हाथ लगी है।


नई दिल्ली। चाणक्यपुरी में टैंकर से पानी भरते लोग।

# राजधानी में पानी की बूंद-बूंद को तरसे लोग, गर्मी ने ली कई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में भीषण गर्मी के कहर के बीच लोगों की मौतें होने लगी है। बुधवार को पांच लोगों की मौत की खबर है और 12 से 13 मरीज वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं। वहीं दिल्ली के अस्पतालों में हीटस्ट्रोक के मामलों बढ़ोतरी देखी जा रही है, अधिकारियों ने यह जानकारी बुधवार को दी है। एक अधिकारी के अनुसार अस्पतालों में भर्ती होने वाले अधिकांश मरीज मजदूर हैं। सफदरजंग अस्पताल में हीटस्ट्रोक के कुल 60 मामले सामने आए हैं, जिनमें से 42 को भर्ती कराया गया है। अस्पताल ने छह लोगों की मौत की सूचना दी है, जिसमें एक 60 वर्षीय महिला और एक 50 वर्षीय व्यक्ति शामिल है, जिनकी मंगलवार को मौत हो गई। वहीं एलएनजेपी अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, पिछले दो दिनों में संदिग्ध हीटस्ट्रोक के कारण चार मरीजों की मौत हो गई है। अस्पताल के एक अधिकारी ने कहा कि मंगलवार को संदिग्ध हीटस्ट्रोक के कारण दो मौतें हुईं और बुधवार को दो मौतें हुईं। हीटस्ट्रोक के 16 मरीज भर्ती हैं। पीड़ितों में से एक, जिसकी उम्र करीब 39 साल थी, की 15 जून को इलाज के दौरान मौत हो गई। वह एक मोटर मैकेनिक था, जो जनकपुरी में अपनी दुकान पर काम करते समय बेहोश हो गया था। उसे तेज बुखार के साथ लाया गया था। हीटस्ट्रोक के लक्षणों पर बात करते हुए अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मरीज कभी-कभी निर्जलीकरण के कारण बेहोश हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें बहुत तेज बुखार भी होता है, जिससे शरीर का तापमान 106 से 107 डिग्री फारेनहाइट तक पहुंच जाता है। दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में प्रतिदिन 30 से 35 हीटस्ट्रोक के मामले सामने आ रहे हैं। वहीं राम मनोहर लोहिया अस्पताल की बात करें तो यहां पिछले दो दिन में गर्मी और लू से पीड़ित 36 मरीजों को भर्ती किया जा चुका है। यदि अब तक गर्मी की बात करें तो इस मौसम में 50 से ज्यादा लोग हीट स्ट्रोक की वजह से अस्पताल में भर्ती हुए हैं। राम मनोहर लोहिया अस्पताल में अभी भी 11 मरीज वेंटिलेटर पर हैं। यहां 9 मरीजों की हीट स्ट्रोक से मौत हुई है, इनमें अधिकतर लोग श्रमिक हैं जो भीषण गर्मी और धूप में काम कर रहे थे। अस्पताल के एमएस अजय शुक्ला के मुताबिक अभी 11 मरीज वेंटिलेटर पर हैं। इन्हें भी हीट स्ट्रोक आया था।

## सौरभ भारद्वाज ने अस्पतालों को दिए बेडों की संख्या बढ़ाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते हीट स्ट्रोक के मामलों और उससे हो रही है मौतों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री ने बुधवार को अस्पताल प्रमुखों के साथ आपात बैठक की। इस बैठक में मंत्री सौरभ ने अस्पतालों को गर्मी से संबंधित बीमारियों के रोगियों के लिए बिस्तरों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस के बीट अधिकारियों/गश्ती दलों से बेघर लोगों को आश्रय गृहों में स्थानांतरित करने में मदद करने का अनुरोध किया जाएगा, यदि वे खुले आसमान के नीचे पड़े हैं। उन्होंने कहा कि उनका विभाग दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र भेज रहा है कि वे अपनी गश्ती दलों को एम्बुलेंस बुलाने के लिए कहें, यदि उनकी टीमों को कोई बेसहारा व्यक्ति तेज बुखार या बीमार दिखाई देता है। वहीं उन्होंने कहा कि विज्ञापनों के माध्यम से जनता को जागरूक किया जाएगा।

## मंत्री ने स्वास्थ्य सचिव की लंबी अनुपस्थिति के बारे में गृह मंत्रालय को लिखा पत्र

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को स्वास्थ्य सचिव एस.बी. दीपक कुमार की लंबी अनुपस्थिति के बारे में गृह मंत्रालय (एमएचए) को पत्र लिखा है। स्वास्थ्य मंत्री ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अभूतपूर्व गर्मी की लहर से निपटने के लिए व्यवस्था करने के बजाय, स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख मंत्री की अनुमति के बिना 13 जुलाई तक छुट्टी पर चले गए हैं। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने लिखा है कि यह अकल्पनीय है कि स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख मंत्री की अनुमति के बिना लंबी छुट्टी पर चले गए हैं। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय से एस.बी. दीपक कुमार के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने पूछा कि दिल्ली सरकार के अधिकारियों को केंद्र सरकार नियंत्रित कर रही है। उन्होंने पूछा कि स्वास्थ्य मंत्री की अनुमति के बिना किसी राज्य के सचिव (स्वास्थ्य) इतनी लंबी छुट्टी पर कैसे जा सकते हैं। स्वास्थ्य सचिव को इतनी लंबी छुट्टी किसने दी। उन्होंने कहा कि जब विभागाध्यक्ष लंबी छुट्टी पर चले जाएं और किसी कॉल या संदेश का जवाब न दें, तो स्वास्थ्य जैसा महत्वपूर्ण विभाग कैसे काम करेगा।

## जल संकट को लेकर प्रदेश भाजपा ने किया आप सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

नई दिल्ली। दिल्ली में जल संकट को लेकर प्रदेश भाजपा ने बुधवार को केजरीवाल सरकार पर धिक्कार पदयात्रा निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया



गया। इंदिरा कैंप, एंड्रयूज गंज में प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रदर्शन में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, पार्षद शरद कपूर, मंडल अध्यक्ष सचिन अहूजा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं इंदिरा कैंप निवासी सम्मिलित हुए। वहीं किशन गंज के मोती बाग चौक पर भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने, रिठाला के मंदिर रोड पर सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी में और आदेश गुप्ता ने सरोजनी नगर मार्केट में विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि 2006 में इंदिरा कैंप की जगह पर जब भाजपा के विधायक सुशील चौधरी थे, तब यहां पाइप लाइन लगवाई गई थी लेकिन तब से लेकर उसके बाद चाहे वह कांग्रेस की सरकार हो या फिर आम आदमी पार्टी की दोनों ने सिर्फ भ्रष्टाचार किया है, और आज इसलिए अगर भाजपा सड़कों पर दिल्ली की जनता की आवाज बनकर खड़ी है तो उसमें कामकाजी महिलाएं हो या पुरुष सभी लोगों का साथ मिल रहा है।

## आतिशी ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र जल संकट का हल नहीं निकलने पर कल से करेंगी अनशन

नई दिल्ली। दिल्ली में जल संकट के बीच आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और जल मंत्री आतिशी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर हरियाणा से दिल्ली को पूरा पानी न मिलने के मामले पर तुरंत हस्तक्षेप की मांग की और चेतावनी दी कि अगर कल गुरुवार तक हरियाणा से पानी नहीं मिला तो वह इसके अलगे दिन शुक्रवार 21 जून को अनिश्चितकालीन अनशन करेंगी। आतिशी ने पानी के मुद्दे पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर निवेदन किया है कि वो दिल्ली के लोगों को पानी दिलवाए क्योंकि अब दिल्लीवालों का कष्ट हर सीमा पार कर रहा है और 28 लाख लोगों तक पानी नहीं पहुँचा है। ऐसे में प्रधानमंत्री जी को किसी भी प्रकार से दिल्ली को पानी दिलवाना होगा। प्रैसवार्ता में आतिशी ने कहा कि  दिल्ली को हरियाणा से यमुना में 613 एमजीडी पानी मिलता है, लेकिन 18 जून को मात्र 513 एमजीडी पानी ही मिला। दिल्ली में इस 100 एमजीडी पानी की कमी से 28 लाख लोग प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि, लोग बूँद-बूँद पानी के लिए तरस रहे है, दिल्लीवालों के कष्ट की हर सीमा पार हो चुकी है। उन्होंने कहा कि,3 करोड़ की आबादी वाली दिल्ली को मात्र 1050 एमजीडी वही 3 करोड़ की आबादी वाले हरियाणा को 6500 एमजीडी पानी मिलता है। उन्होंने कहा कि, हमने हर संभव प्रयास किए लेकिन पर्याप्त पानी होने के बावजूद भी हरियाणा दिल्ली को 100 एमजीडी पानी देने को तैयार नहीं है। ऐसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी दिल्लीवालों को उनके हक़ का पानी दिलवाए वरना अब उन्हें मजबूरन अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठना होगा। आतिशी ने कहा कि पानी की कमी से दिल्ली की जनता बहुत कष्ट से गुजर रही है; अब उनका कष्ट देखा नहीं जाता, जब तक दिल्लीवालों को पानी नहीं मिलेगा तब तक अनशन पर बैठी रहूंगी।

## धनशोधन मामला: मुख्यमंत्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ाई गई

एजेंसी. नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े एक धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि तीन जुलाई तक बढ़ा दी। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक केजरीवाल को, उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर बुधवार को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किया गया। इस दौरान विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि तीन जुलाई तक बढ़ा दी। अदालत में सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश अधिवक्ता ने उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ाने की प्रवर्तन निदेशालय की याचिका विरोध करते हुए कहा कि उनकी हिरासत बढ़ाने का कोई आधार नहीं है। न्यायाधीश ने इस मामले में केजरीवाल द्वारा दिये गये जमानत आवेदन पर भी दलीलें सुनीं। न्यायाधीश बृहस्पतिवार को भी इस आवेदन पर दलीलें सुनेंगे। अदालत में जिरह के दौरान केजरीवाल के वकील ने अदालत से कहा कि मुख्यमंत्री के खिलाफ पूरा मामला बयानों पर आधारित है।




हरियाणा सरकार

"हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश के हर वंचित और जरूरतमंद को घर जैसी मूलभूत सुविधा वरीयता के आधार पर उपलब्ध हो सके। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार पात्र लाभार्थियों को प्लॉट वितरण कर सहायता प्रदान कर रही है।"
- नायब सिंह

"हमारी सरकार ने गरीबों के लिए आवास की समुचित सुविधाएं सुनिश्चित की हैं। तेज गति से पक्के मकान बनाए जा रहे हैं।"
- नरेन्द्र मोदी



14 शहरों में ड्रॉ के माध्यम से करीब 15,200 प्लॉट का आवंटन (प्रथम चरण में)

अब हरियाणा में होगा सबके घर का सपना पूरा

मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना

- चरखी दादरी, फतेहाबाद, झज्जर, जुलाना, पिंजौर, महेंद्रगढ़, सफीदों, सिरसा, गोहाना, जगाधरी और रेवाड़ी शहर के सभी आवेदकों, जिन्होंने फरवरी, 2024 में प्लॉट की बुकिंग करवाई है, को 24 जून, 2024 को ड्रॉ के माध्यम से प्लॉट आवंटित किए जाएंगे।
- पलवल और रोहतक शहर के केवल घुमंतु जाति, विधवा श्रेणी एवं अनुसूचित जाति के सभी आवेदकों, जिन्होंने फरवरी, 2024 में प्लॉट की बुकिंग करवाई है, को 24 जून, 2024 को ड्रॉ के माध्यम से प्लॉट आवंटित किए जाएंगे।
- करनाल शहर के केवल घुमंतु जाति एवं विधवा श्रेणी के सभी आवेदकों, जिन्होंने फरवरी, 2024 में प्लॉट की बुकिंग करवाई है, को 24 जून, 2024 को ड्रॉ के माध्यम से प्लॉट आवंटित किए जाएंगे।



प्लॉट का ड्रॉ
सम्बन्धित नगर पालिका/परिषद/निगम/ कार्यालय में किया जायेगा

अधिक जानकारी के लिए
संपर्क करें : 0172-3520001
अथवा
वेबसाइट www.hfa.haryana.gov.in पर जाएं

हाउसिंग फॉर ऑल विभाग, हरियाणा

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह ने दिए निर्देश

# किराएदारों से बकाया वसूली के लिए कड़ी कार्रवाई करे विभाग
# शहर के विकास के लिए कर जमा करना हरेक की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम बड़े बकायादारों के खिलाफ शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को नगर निगम में रमते राम रोड शॉपिंग कंपलेक्स तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम को सील कर दिया। इन दोनों संस्थाओं के विचारों पर करोड़ों रुपए का बकाया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह द्वारा समस्त जोनल प्रभारी तथा अन्य सभी टीम को किराएदारों से वसूली की कार्रवाई को सख्ती से करने के निर्देश दिए जाने के बाद अधिकारियों ने यह कार्रवाई की। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव सिन्हा, जोनल प्रभारी अंगद गुप्ता, संपत्ति अधीक्षक रामशंकर वर्मा, तथा रामबली ने मौके पर पहुंचकर यह कार्रवाई की।

नगर आयुक्त सिंह ने समस्त जोनल प्रभारी तथा अन्य सभी टीम को किराएदारों से वसूली की कार्यवाही को सख्ती से करने के निर्देश दिए। बताया गया कि टैक्स विभाग लगातार बकायादारों को नोटिस भी जारी कर रहा है।

**खास बातें**

- बड़े बकायेदारों पर चला निगम का डंडा
- रमते राम रोड शॉपिंग कॉम्पलेक्स तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम किया सील



## महापौर ने भी की अपील

महापौर सुनीता दयाल द्वारा व्यापारियों से समय से अपना कर जमा करने के लिए अपील की गई है शहर की विकास में अपनी भागीदारी निभाते हुए समय से अपना हाउस टैक्स जमा करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि बकाया कर जमा नहीं कराया जाएगा तो गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बकाया वसूली अभियान जारी

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संजीव सिन्हा ने बताया कि किरायेदारों से बकाया वसूली हेतु अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम में बड़ी कार्रवाई करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम पर 1 करोड़ 89 लाख 96439 रुपए तथा रमते राम रोड शॉपिंग कंपलेक्स जिस पर 2 करोड़ 05 लाख 43045 बकाया है। जिसके लिए नियम अनुसार कार्रवाई करते हुए कई बार नोटिस भी जारी किए गए। किंतु बकाया जमा नहीं किया गया, जिस कारण नगर निगम को राजस्व की हानि हो रही थी। कार्रवाई को आगे बढ़ते हुए दोनों संपत्तियों को सील किया गया है। इसके अलावा 1146 दुकान जिन पर 2 करोड़ से अधिक का बकाया है उनको भी अपना बकाया जमा करने के लिए नोटिस दिया जा चुका है बकाया जमा न होने की दशा में आगामी कार्रवाई सीलिंग की अमल में लाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### 532 ग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने नशे की तस्करी करने वाले एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी का नाम गौरव उर्फ सुखी है जो फरीदाबाद की नेहरू कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी को अवैध नशे सहित काबू किया था। आरोपी से 532 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सराय में नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया।



### 480 ग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा 17 की टीम ने नशे की तस्करी करने वाले एक आरोपी को काबू किया है। पुलिस ने बताया की गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम जोगिंदर सिंह है जो फरीदाबाद की गांधी कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी से 480 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना एनआईटी में नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।



### देसी कट्टे सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 85 की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम सोनू सिंह है जो फरीदाबाद के शेरपुर डाढर का रहने वाला है। उसे अवैध हथियार सहित पल्ला थाना एरिया से काबू किया था। उसके कब्जे से एक देसी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। उसके खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कर पूछताछ की गई।



### जेल में बंद आरोपी की तबीयत बिगड़ने से मौत

**गाजियाबाद।** प्रमुख कार व्यवसायी से 20 लाख रुपए की रंगदारी मांगने के आरोपी संपूर्णानंद उर्फ काले अनेजा की बुधवार को संयुक्त अस्पताल संजय नगर में इलाज के दौरान मौत हो गई। काले अनेजा 22 सितंबर 2022 से जेल में बंद था। डासना जिला कारागार में तबियत खराब होने पर उसे पहले जेल के अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



### राहुल के जन्मदिन पर पिलाया शर्बत

**गाजियाबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर विनीत त्यागी के नेतृत्व में राहुल गांधी के जन्मदिन के उपलक्ष में केक काटकर व अंबेडकर रोड पर हनुमान मंदिर पुराना बस अड्डा चौकी के सामने मोहब्बत की दुकान का बैनर लगाकर लोगों को मीठा शरबत पिलाया। त्यागी ने कहा राहुल गांधी ने अपनी यात्रा के जरिए पूरे देश में नफरत को हराकर मोहब्बत फैलाने का काम किया।



विधायक राजेश नागर से पंचायत सीईओ ने किया वादा

# आगामी दो से तीन माह में सभी कार्य पूरे किए जाएंगे
## ब्लॉक समिति के सदस्यों ने लगाया था आरोप

तिगांव के विधायक राजेश नागर ने जिला परिषद और ब्लॉक समिति के मेंबरों के साथ पंचायत समिति के सीईओ सतवीर सिंह मान की मौजूदगी में बैठक की। इस दौरान सीईओ ने आगामी दो से तीन माह में सभी कार्य पूरे किए जाने की बात कही।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

तिगांव के विधायक राजेश नागर ने आज जिला परिषद और ब्लॉक समिति के मेंबरों के साथ पंचायत समिति के सीईओ सतवीर सिंह मान की मौजूदगी में बैठक की, जिसमें अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में सदस्यों का ऐतराज था कि अधिकारी उन्हें टालते रहते हैं और कोई काम नहीं करते। जिस पर विधायक ने मामले को गंभीर बताते हुए सीईओ को सभी कार्य जल्द पूरे करवाने की बात कही। पंचायत सीईओ सतवीर सिंह मान ने अगले दो से तीन महीने में सभी गांव की समस्याओं को दूर करने की बात कही। इस बैठक में तिगांव विधानसभा के विधायक राजेश नागर के समक्ष ब्लॉक समिति के सभी सदस्यों ने एक-एक कर अपने गांव की समस्याओं को रखकर उन्हें जल्द से जल्द दूर करवाने के लिए कहा।

**खास बातें**

- सदस्यों ने गांव की समस्याएं बताईं
- नाली, सड़क, सौंदर्यीकरण के होंगे काम
- ढिलाई होने पर होगी सख्त
- नई गाइडलाइन आने से हुई देरी
- प्राथमिकता वाले काम पहले होंगे



तिगांव के विधायक राजेश नागर आज जिला परिषद और ब्लॉक समिति के मेंबरों के साथ बैठक करते हुए साथ है पंचायत समिति के सीईओ सतवीर सिंह मान व अन्य अधिकारीगण।

### जल्द ही सारा मामला सुलझाएंगे

विधायक राजेश नागर ने बताया कि इस मीटिंग में सभी ब्लॉक समिति के मेंबरों की बातें सुनी गई हैं और जो भी उनके कार्य हैं अगले दो से तीन महीने में पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नई एसओपी आने की वजह से काफी कार्य मेंबरों को समझ में नहीं आ रहे थे जिसकी वजह से गांव में होने वाले काम लेट हुए हैं, लेकिन अब जल्दी सारा मामला सुलझ जाएगा। वहीं अधिकारियों को भी सभी मेंबरों से सहयोग करने के लिए कह दिया है। थोड़ी बहुत अधिकारियों की तरफ से कमी देखी गई है लेकिन उसको भी ठीक कर लिया जाएगा। जल्द ही रुके हुए सभी कार्य पूरे हो जाएंगे। नागर ने कहा कि प्रदेश की नायब सिंह सैनी सरकार सभी क्षेत्रों में समान विकास कार्य करना चाहती है जिसमें अधिकारी और चुने हुए प्रतिनिधि मिलकर काम कर रहे हैं। इसमें कोई अधिकारी ढिलाई देगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### प्राथमिकता से कराएं काम

ब्लॉक समिति के सदस्यों ने कहा कि तिगांव विधानसभा क्षेत्र में आने वाले कई गांव के काम पिछले काफी समय से रुके हुए हैं। किसी गांव में नाली बनवानी है तो कहीं पर सड़क बनवानी है। कई गांव की फिरनी और तालाब का सौंदर्यीकरण भी करवाना है। गांव के पार्क में ओपन जिम लगवाना है। लेकिन यह सभी कार्य पिछले काफी समय से रुके हुए हैं। अधिकारी सिर्फ गोलमोल बातें कहकर ब्लॉक समिति के लोगों को बहकाते रहते हैं। टेंडर ना लगने की वजह से भी बहुत से काम रुके हुए हैं। हालांकि कुछ काम हुए हैं लेकिन जिन कामों की प्राथमिकता पहले होनी चाहिए, वह काम नहीं हुए।

### जल्द शुरू करवाएंगे काम

बैठक में पंचायती राज सीईओ सतबीर मान ने सभी कार्यों को जल्द से जल्द शुरू करवाने और पहले से चल रहे कार्यों को पूरा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों को दो से तीन महीना में जल्द से जल्द पूरा कर दिया जाएगा। इस बैठक में पंचायत विभाग एक्सईएन प्रवीण घोटवाल, बीडीओ दीपिका, जिला पार्षद संदीप भाटी एवं अनिल पाराशर, पंचायत एसडीओ हरेंद्र, बीडीसी सुखबीर, बीडीसी इलियास चौधरी, बीडीसी जसवंत, बीडीसी जय भगवान, बीडीसी कृष्ण पहलवान, बीडीसी कुलदीप सिंह, बीडीसी महेश नागर, बीडीसी शशि नागर पति महेश नागर, जागेश्वर, ओम प्रकाश एडवोकेट, प्रवीण चौहान, पूनम पति रॉबर्ट चेयरमैन, नरेंद्र, सुभाष चंदीला, सुनील कुमार, सुरजीत सिंह, उमेश नाथ रायपुर कलां, परमजीत घुड़ासन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

उपायुक्त विक्रम सिंह के सख्त निर्देश

# अवैध खनन नहीं स्वीकार्य नियमित रूप से करें जांच




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उपायुक्त विक्रम सिंह ने कड़े शब्दों में कहा है कि अवैध खनन किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। अवैध खनन की रोकथाम के लिए संबंधित विभाग नियमित रूप से जांच करें। साथ ही एसडीएम भी अपने संबंधित क्षेत्रों में नियमित तौर पर जांच कर अवैध खनन पर लगाम लगाए रखें।

अवैध खनन विषय पर बुधवार को लघु सचिवालय में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त विक्रम सिंह कर रहे थे। उन्होंने विस्तार से अवैध खनन पर चर्चा करते हुए रिपोर्ट ली। उपायुक्त को अप्रैल 2024 से 18 जून, 2024 तक की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि इस समय अवधि में अवैध खनन के मामलों में लगभग 44 लाख रुपए की रिकवरी की गई है। साथ ही बीस वाहनों को जब्त किया गया है। स प्रकार की कार्रवाई को जारी रखते हुए और बढ़ाया जाए।

### जिले की सीमाओं पर जांच बढ़ाएं

उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि यमुना में किसी भी स्थिति में खनन नहीं होना चाहिए। खनन की रोकथाम के लिए हर आवश्यक कदम उठाएं। जिला की सीमाओं पर जांच को बढ़ाया जाये। नाकों पर जांच में कोई भी छूटना नहीं चाहिए। वाहनों की चेकिंग के दौरान ई-इनवॉइस की जांच जरूर करें। साथ में ओवरलोडिंग पर भी लगाम लगाएं। ओवरलोड करने वाले वाहनों के चालान बनाए जाएं। उपायुक्त ने सभी एसडीएम को भी निर्देश दिए कि वे भी अपने-अपने क्षेत्रों में जांच कर अवैध खनन पर लगाम लगाये रखें। इसके अलावा उन्होंने अन्य संबंधित मामलों पर भी जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में एसडीएम त्रिलोकचंद, एसडीएम शिखा आंतिल, एसडीएम हरिराम, एसीपी क्राइम अमन यादव, डीए अदा खुशबू, डीआरओ बिजेंद्र राणा, आरओ संदीप सिंह, अफजल खान, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार आदि अधिकारी मौजूद थे।

डोर-टू-डोर कचरा उठाएंगे वाहन

# 350 वाहन को दिखाई हरी झंडी, जल्द 700 वाहन होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम मंडल के आयुक्त आरसी बिढ़ान ने बुधवार सुबह सिविल लाईंस क्षेत्र से डोर-टू-डोर कचरा एकत्रित करने वाले वाहनों को सिविल लाईंस से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अब तक निगम क्षेत्र में 350 वाहन घर-घर से कचरा उठाने के कार्य में लगा दिए गए हैं तथा जल्द ही इनकी संख्या 700 हो जाएगी, जिससे प्रत्येक घर तक पहुंचकर सुनिश्चित होगी।

मीडिया से बातचीत में बिढ़ान ने कहा कि सफाई व्यवस्था को बेहतर व



दुरूस्त करने में जिला प्रशासन व नगर निगम युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। डोर-टू-डोर कचरा उठान सुनिश्चित करने के लिए 350 वाहन कार्य कर रहे हैं तथा जल्द ही इनकी संख्या को 700 किया जाएगा, ताकि प्रत्येक घर से कचरा उठान सुनिश्चित किया जा सके। कूड़ा उठान होने से सड़कों पर गारबेज प्वाइंट खत्म होंगे।

10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित

# योग एक स्वस्थ और समृद्ध जीवन का मार्गदर्शन भी हैः राजेश नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

करो योग, रहो निरोग केवल एक नारा नहीं है, बल्कि एक स्वस्थ और समृद्ध जीवन का मार्गदर्शन भी है। योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर, आप सम्पूर्ण स्वास्थ्य प्राप्त कर सकते हैं। तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर तिगांव अनाज मंडी में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आयोजित योग मैराथन के शुभारंभ पर लोगों को संबोधित कर कह रहे थे।

इस अवसर पर विधायक राजेश




नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की पहल की थी। जो कि आज पूरी दुनिया में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। अमेरिका के लोगों में योग को लेकर एक दीवानगी है। आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विभिन्न देशों में उत्साह पूर्वक मनाया जाता है और यह विश्व भर में योग के प्रति लोगों की जागरूकता और रुचि को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। नागर ने कहा कि योग से हमारा स्वास्थ्य अच्छा रहता है।

नगर निगम आयुक्त ने दिए निर्देश

# सभी दुकानदार व स्ट्रीट वैंडर डस्टबिन में ही रखें कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डॉ. नरहरि सिंह बांगड़ ने कहा कि मार्केट क्षेत्रों में उन सभी दुकानदारों के चालान किए जाएंगे, जो दुकान के बाहर सड़क पर कचरा फेंक देते हैं, जिससे सफाई कर्मचारियों को परेशानी होती है। सभी दुकानदारों सहित अन्य स्ट्रीट वैंडरों को अपने यहां डस्टबिन रखना अनिवार्य है तथा कचरा केवल डस्टबिन में ही रखा जाना चाहिए, ताकि



सफाईकर्मी डस्टबिन में से आसानी से कचरा निकाल सकें। उन्होंने बुधवार तड़के सेक्टर-14 मार्केट का निरीक्षण किया। उनके साथ शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अतिरिक्त निदेशक वाईएस गुप्ता व हरीश मेहता मौजूद थे।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद थानेसर | दुखभंजन कॉलोनी, वार्ड नं. 23, एम.सी. थानेसर में झागीर के मकान से जय किशन मास्टर के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण और साथ लगती गलियों की मरम्मत + 12 कार्य। | 14.06.2024 21.06.2024 | 92.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708374707 xenmcthanesardkr@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/26931/I/88/7 दि. 19.06.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका जुलाना | वार्ड नं. 13, जुलाना में डॉ. राम सिंह के मकान से राजेश मास्टर के प्लॉट तक आईएलपीबी गली का निर्माण + 17 कार्य। | बंद होने की तिथि 21.06.2024 | 1.65 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 7206353677 secymcjulana@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/26929/I/88/7 दि. 19.06.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद झज्जर | नगर परिषद झज्जर में मातुराम पार्क का विकास + 2 कार्य। | 14.06.2024 08.07.2024 | 1.08 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 eo-jhajjar@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/26928/I/88/7 दि. 19.06.24


जनकल्याण पार्क में किया योग शिविर का शुभारंभ

# प्रत्येक मनुष्य अपनी जीवनशैली में योग करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता अजय गौड़ ने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व में योग की जो अलख जगाई है, उसी का ही परिणाम है कि 21 जून का दिन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में विश्वभर में मनाया जाता है और भारत की योग रुपी धरोहर को पूरा विश्व अपना चुका है और इससे लाभान्वित भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भी प्रदेशभर में योग शिविरों के माध्यम से लोगों को योग के प्रति जागरुक करने के लिए अथक प्रयास कर रही है क्योंकि मौजूदा समय में मानसिक व शारीरिक तंदुरुस्ती के लिए प्रत्येक मनुष्य को अपनी जीवन शैली में योग को अवश्य शामिल करना चाहिए। गौड़ जनकल्याण पार्क सेक्टर-7 सी में पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान में लगाए गए योग शिविर का शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। शिविर में पहुंचने पर शिविर के आयोजकों ने अजय गौड़ का फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान श्री गौड़ ने शिविर में भाग लेकर विभिन्न प्रकार की योग क्रियाएं भी की।

**खास बातें**

- पीएम मोदी ने योग की अलख विश्व में जगाई
- जीवन शैली में योग को करें शामिल
- योग को लेकर सरकार जागरूक कर रही



**योग से मनुष्य स्वस्थ्य रहता है**

*अजय गौड़ ने कहा कि योग से न केवल शारीरिक व मानसिक विकास होता है बल्कि गंभीर बीमारियों की रोकथाम करने में भी योग कारगर साबित होता है। प्रतिदिन योग करने से मनुष्य स्वस्थ्य रहता है। उन्होंने कहा कि योग को लोगों की जीवन शैली में शामिल करवाने के लिए प्रदेश सरकार युद्धस्तर पर प्रयास कर रही है, गांवों और शहरी क्षेत्रों में निरंतर शिविरों के माध्यम से लोगों को योग के फायदों के बारे में बताया जाता है।*

हरियाणा सरकार



"हरियाणा सरकार द्वारा हिसार में बने एयरपोर्ट के विस्तार पर आज तेजी से कार्य हो रहा है ताकि प्रदेश के नागरिक अपनी यात्राओं को सुगमता से पूर्ण करें।"

**- नायब सिंह**

"बीते एक दशक में देश में एयर कनेक्टिविटी का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। यही वजह है कि आज हवाई यात्रा जन सामान्य की पहुंच में है और भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट बन चुका है।"

**- नरेन्द्र मोदी**



# हरियाणा भर रहा नित नई उड़ान

## ₹1205 करोड़ की लागत से
## हिसार हवाई अड्डे का विस्तारीकरण

- टर्मिनल भवन का विस्तार
- हवाई यातायात नियंत्रक (ए.टी.सी.) भवन
- परिधि मार्ग, आपातकालीन मार्ग एवं मार्ग प्रकाश व्यवस्था (चरण-II)
- मौजूदा रन-वे और टैक्सी-वे का विस्तार (चरण-II)
- कैट-(II) अप्रोच लाईट्स
- नागरिक उड्डयन मंत्री एवं अध्यक्ष, एच.ए.डी.सी., हरियाणा के कार्यालय कक्ष और सम्मेलन हॉल का नवीनीकरण कार्य
- हैंगर एवं एप्रेन
- 33 के.वी. सब-स्टेशन
- सिविल एयरोड्रोम में ईंधन कक्ष

**जल्द ही, हिसार से चंडीगढ़, जयपुर, जम्मू, अहमदाबाद और अयोध्या की हवाई यात्रा होगी शुरू।**

मुख्य अतिथि
**श्री नायब सिंह**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

विशिष्ट अतिथि
**डॉ. कमल गुप्ता**
सिविल विमानन मंत्री, हरियाणा

**दिनांक - 20 जून, 2024 । समय - सायं 5 बजे**
**स्थान - हवाई अड्डा, हिसार**

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें



सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

स्टार योग मंत्र


# योग बनाए हेल्दी-एनर्जेटिक

हेल्थ के लिए योगाभ्यास के फायदों को आम लोग ही नहीं सेलिब्रिटीज भी मानते हैं। यहां दो टीवी एक्टर्स बता रहे हैं, योग उनकी लाइफ और हेल्थ को मेंटेन करने में कितना मायने रखता है?

## मैं नियमित योगासन करता हूंः आरव चौधरी



सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले 'श्रीमद रामायण' सीरियल में दशरथ के किरदार में नजर आए आरव चौधरी कहते हैं, 'योग का महत्व मैंने मेरे पिताजी से सीखा है। योग उनकी दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा हुआ करता था। मेरी नजरों में योग सिर्फ शरीर के अंगों की क्रियाओं तक ही सीमित नहीं होता है, बल्कि एक ऐसी गतिविधि है, जो मन को एकाग्रचित करने के साथ ही आपको मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत भी बनाता है। आज की भाग-दौड़ भरी दिनचर्या शारीरिक और मानसिक तौर पर थका देने वाली होती है, जिसे योग और ध्यान द्वारा संतुलित किया जा सकता है। यह हमारे पूर्वजों द्वारा हमें दिया गया बेशकीमती उपहार है, जिसे अपने रूटीन में अपनाकर हम स्वस्थ रह सकते हैं। वैसे तो सभी आसनों का अपना एक अलग ही महत्व होता है। लेकिन मैं भुजंगासन, वज्रासन और कई आसनों के साथ ध्यान भी करता हूं। वज्रासन रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाता है, जिन्हें साइटिका या स्लिप डिस्क जैसी बीमारियां हो, उन्हें डॉक्टर से सलाह लेकर इन आसनों को जरूर करना चाहिए। मैं खुद भी स्लिप डिस्क की समस्या से ग्रसित था। इसकी वजह से ब्लड फ्लो रुकने लगता है। जब काफी इलाज कराने के बाद भी मुझे कोई आराम नहीं मिला, तब मैंने योग का सहारा लिया, जिसके बाद मुझे इसमें बहुत आराम मिला। योग ने मानो मेरी स्लिप डिस्क की समस्या को छूमंतर कर दिया है।




मेरा मानना है कि योगासन और ध्यान, एकाग्रचित मन के साथ ही बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करने में भी बहुत मदद करता है। इससे शारीरिक और मानसिक विकारों से राहत मिलती है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। अगर हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा, तो ही हम हर कार्य बेहतर ढंग से कर सकेंगे। योग हर उम्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए हम सभी को नियमित रूप से योगाभ्यास करना चाहिए। *

## मैं नियमित सूर्य नमस्कार करता हूंः विनीत चौधरी



शेमारू चैनल के शो 'कर्माधिकारी शनिदेव' में शनिदेव की भूमिका निभा रहे एक्टर विनीत कुमार चौधरी योगासन के महत्व के बारे में बताते हैं, 'मैं नियमित रूप से योगासन करता हूं। उनमें से कुछ ऐसे आसन हैं, जिन्हें मैं रोज करता हूं। इनमें से एक है, सूर्य नमस्कार। इससे पूरे शरीर का वर्कआउट हो जाता है। यह मांसपेशियों को मजबूती देता है, शरीर में संतुलन और लचीलापन बनाए रखता है। यह न सिर्फ वजन घटाने में मदद करता है, बल्कि हृदय को भी स्वस्थ रखता है। इसके अलावा कपालभाति प्राणायाम करना भी नहीं भूलता। रोज इसे केवल 10 मिनट भी करने से पहले तो खूब पसीना होता है। उसके बाद बहुत सुकून और आराम मिलता है। यह तनाव को कम कर चिंतामुक्त बनाता है और मानसिक शांति देता है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य को भी संतुलित करता है। योगासन करने से शरीर फुर्तीला और मजबूत बनता है। इससे हमें जल्दी थकान नहीं होती है। एक एक्टर के तौर पर ये फायदे हमारे लिए बहुत मायने रखते हैं। इससे लंबे समय तक शूटिंग करने के बावजूद भी खुद को फुर्तीला महसूस करता हूं। मेरा मानना है कि हम कितने भी बिजी क्यों ना रहें योगासन के लिए कुछ मिनट जरूर निकालने चाहिए।' *



प्रस्तुतिः सेहत डेस्क



योगमय जीवन

दिव्यज्योति 'नंदन'


शरीर की अलग-अलग मुद्राएं योगासन कहलाती हैं। इन योगासनों का अगर हम नियमित अभ्यास करें तो अनेक तरह की बीमारियों से बचे रह सकते हैं। यही नहीं इससे हमारे भीतर सकारात्मकता, नई ऊर्जा और चेतना का संचार होता है, जिससे जीवन को हम सहजता से जीना सीखते हैं। योगाभ्यास के विभिन्न फायदों के बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

# नियमित करें योग रहें हमेशा निरोग

पिछले दिनों 'जॉन हॉपकिंस मेडिसिन होम' ने अपने एक स्वास्थ्य बुलेटिन में स्वीकार किया कि 21वीं सदी में समूचा मेडिकल तंत्र योग का लोहा मान रहा है। क्योंकि मेडिकल साइंस में आज तक ऐसी कोई दवा नहीं बनी, जो एक साथ बहुत सारी बीमारियों में समान रूप से फायदेमंद हो और न ही कोई ऐसी मेडिकल डिस्कवरी हुई है, जो भारत में जन्मे प्राचीन ज्ञान, 'योग' का मुकाबला कर सके। दुनिया में कोई ऐसी बीमारी नहीं है और कोई भी ऐसी उम्र नहीं है, जब योगासनों के फायदे न होते हों। हर बीमारी के लिए कोई न कोई बेहद स्पेसिफिक योगासन है। यूं तो जॉन हॉपकिंस मेडिसिन होम ने अपने ग्राहकों के लिए योग के दर्जनों फायदों का जिक्र किया है, लेकिन हम योगासनों से होने वाले पांच सबसे महत्वपूर्ण फायदों पर एक नजर डालेंगे, जिससे स्वतः स्पष्ट हो जाएगा कि आखिर पूरी दुनिया के मेडिकल जगत में योगासनों का इस कदर चमत्कारिक डंका क्यों बज रहा है?

### मूड रहता है पॉजिटिव

योग, शरीर और मन को एक साथ लाने का सरल अभ्यास है। शरीर की विभिन्न मुद्राएं, हमें यह गुण प्रदान करती हैं। श्वास तकनीक और ध्यान प्रक्रिया भी इसका हिस्सा है। जब योगासन हमारी दैनिक जिंदगी का सहज जरिया हो जाते हैं, तो हमारी शारीरिक मुद्राएं संतुलित, लचीली और शक्ति से भरपूर हो जाती हैं, जिससे होने वाली चिंताएं कम हो जाती हैं और जो रहती भी हैं, वह हमें परेशान नहीं करती हैं। चूंकि योग तनाव, चिंता, अवसाद और हमारी नकारात्मक सोच पर विराम लगाता है, इसलिए नियमित रूप से योगासन करने वाले लोगों का मूड हमेशा अच्छा रहता है। जब मूड अच्छा होता है तो जिंदगी को लेकर हम बेहद सकारात्मक होते हैं और हमारी जीवनशैली बेहद अनुशासित हो जाती है। हम सब जानते हैं कि आज सबसे ज्यादा लोग जीवनशैली के रोगों से ग्रस्त हैं। जब हम हर दिन नियमित रूप से योगासन करते हैं तो गलत जीवनशैली से उत्पन्न होने वाले रोगों से मुक्ति मिल जाती है।



### हृदय रहता है स्वस्थ

नियमित योग करने वाले लोगों के शरीर में ऐसी सूजन कभी नहीं होती, जो एक उम्र के बाद अधिकांश लोगों के शरीर का हिस्सा बन जाती है। दरअसल, नियमित योगासन करने वालों के शरीर में सूजन इसलिए नहीं पैदा होती, क्योंकि योग करने से उनका दिल स्वस्थ रहता है। ऐसे लोगों में उच्च रक्तचाप और अतिरिक्त वजन की समस्या न के बराबर होती है, इस वजह से भी ऐसे लोगों का दिल स्वस्थ रहता है, वह सहज गति से धड़कता है।

कम से कम एक दर्जन ऐसे योगासन हैं, जो भले अलग-अलग मुद्राओं से संबोधित होते हों लेकिन उन सबका साझा असर यह होता है कि हमारा दिल स्वस्थ रहता है और इससे हम बहुत तरह की बीमारियों से बचे रहते हैं।

### आती है अच्छी नींद

विभिन्न शोध अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि जो लोग नियमित तौर पर योगासन करते हैं, उन्हें हर रोज भरपूर नींद आती है। नियमित योगाभ्यास के जरिए ऐसे लोगों के सोने और उठने में एक रिद्म आ जाती है, जिस कारण अच्छी नींद उनकी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा हो जाती है। अलग-अलग अध्ययनों से यह भी सिद्ध हुआ है कि अच्छी नींद हासिल करने का मतलब है, कई तरह की बीमारियों से मुक्त रहना। अच्छी नींद नियमित योगाभ्यास का एक ऐसा सुखद नतीजा है, जिसकी चाह आज पूरी दुनिया रखती है, क्योंकि दवाओं के जरिए नींद न तो गुणवत्तापूर्ण आती है और न ही उसके नतीजे बेहतर होते हैं।



### सामाजिक जुड़ाव से बढ़े सकारात्मकता

कई अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि एक जैसे स्वभाव के लोगों का आपस में मिलना-जुलना खुशियों से भरता है। यह गतिविधि हमें स्वस्थ रखती है और हमारी उम्र बढ़ाती है। नियमित योग करने वाले लोग जब घर के बाहर अपने ही जैसे दूसरे लोगों के साथ मिलकर यह अभ्यास करते हैं तो उन्हें एक-दूसरे की बेहतर समझ और जानकारियों का फायदा तो मिलता ही है, साथ ही नियमित योग करने वाले लोग जब आपस में मिलते-जुलते हैं तो खूब हंसी-मजाक करते हैं और एक लंबा तनावरहित और उल्लास से भरा जीवन जीते हैं। इसका नतीजा हमें बेहतर शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के रूप में मिलता है। योग कक्षाओं में भाग लेना इसलिए जरूरी है, क्योंकि वहां आप सिर्फ योगासन नहीं सीखते बल्कि सीखे और सीखने की कोशिश करने वाले लोगों का साथ भी पाते हैं, जो हमें खुश रखता है और सेहतमंद भी।

### कई तरह के दर्दों से मिले राहत

दर्जनों ऐसे योगासन हैं, जो हमारे शरीर के अलग-अलग हिस्सों में होने वाले दर्दों से हमें राहत देते हैं। मसलन, पीठ के निचले हिस्से में होने वाले भयंकर दर्द से नियमित योगाभ्यास हमें छुटकारा दिलाता है। इसी तरह कैट या काऊ पोज हमें कंधों, हथेलियों और कूल्हों के दर्द से छुटकारा दिलाता है। इसी तरह सिरदर्द, कमर में होने वाले दर्द, घुटनों के दर्द आदि से भी योग के विभिन्न तरीके हमें राहत दिलाते हैं। इस तरह देखें तो योग करने के अनगिनत फायदे हैं। *

सलाह / योगाचार्य शिव


## मानसिक स्वास्थ्य के लिए कारगर योग



**शारीरिक स्वास्थ्य** के साथ ही योग, मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत कारगर होता है। इस बारे में मुंबई स्थित सैफी अस्पताल में योगा कोच योगाचार्य शिव (शिवम पांडेय) कहते हैं, 'हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के अनेक उपाय हैं, जैसे दौड़ना, जॉगिंग करना, व्यायाम या कोई खेल की गतिविधि करना। लेकिन योग अभ्यास को अन्य फिटनेस गतिविधियों से जो बात अलग करती है, वह है योग की शरीर के तंत्रिका तंत्र पर प्रभाव डालने की क्षमता। हमारा नर्वस रिस्पॉन्स हमें जीवन में सही और नैतिक ढंग से कार्य करने की क्षमता देता है और इसका गहरा संबंध हमारी रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) से भी होता है। स्पाइन को हेल्दी और एक्टिव रखने में योग बहुत इफेक्टिव है। एक अमेरिकन जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, स्ट्रेस आने वाले कल की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्या बनने वाली है। ऐसे में योग बहुत कारगर सिद्ध हो सकता है। योग हमारे नर्वस सिस्टम के साथ-साथ हमारे श्वसन तंत्र को भी प्रभावित करता है। स्ट्रेस और एंजाइटी के समय हृदय की गति बढ़ जाती है, जिससे ब्लड प्रेशर प्रभावित होता है और शरीर का होमियोस्टेसिस अनियंत्रित हो जाता है। ऐसे में प्राणायाम बहुत कारगर है। अनुलोम-विलोम का 4 मिनट से लेकर 10 मिनट तक का अभ्यास ब्लड प्रेशर को कम करके शरीर का होमियोस्टेसिस बैलेंस करता है। इसके साथ ही हस्तपादासन, सुप्त वज्रासन, भुजंगासन शरीर में ऊर्जा का संचार बढ़ाते हैं। इन आसनों का अभ्यास प्रतिदिन 1 से 2 मिनट तक 3 से 4 बार करना चाहिए। इसके अलावा ध्यान, भक्ति, मंत्र-जाप आपके शरीर में सेरोटोनिन, ऑक्सीटोसिन और मेलाटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर्स में संतुलन ला सकते हैं, जिससे मानसिक शांति और स्थिरता प्राप्त होती है।'

एडवाइस / शिखर चंद जैन

## चमत्कारी प्रभाव वाले स्पेशल मेडिटेशन



मानसिक तनाव, अवसाद, चिड़चिड़ेपन से मुक्ति देकर मन को एकाग्रचित और शांत करने के लिए प्राचीनकाल से मेडिटेशन का सहारा लिया जाता रहा है। मेडिटेशन करने के कई तरीके हो सकते हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

**शावर मेडिटेशनः** जब भी आप शावर ले रहे हों तो कल्पना करें कि आप तनाव नकारात्मक विचारों, अवसाद और उद्विग्नता को पानी के साथ बहाकर बाहर कर रहे हैं। अपनी त्वचा पर पानी की शीतलता और उसके दबाव से मिलने वाले आनंद को महसूस करें। आपको लगेगा मानो उदासी, दुख, पछतावा, चिंताएं निकालकर बहती हुई बाहर नाले में जा रही हैं। यह अभ्यास और नजरिया आपके तन के साथ-साथ मन को भी सुकून देगा।

**विजुअलाइजेशन मेडिटेशनः** जब भी आप विजुअलाइज करना यानी जो चाहते हैं, उसकी एक स्पष्ट छवि और स्पष्ट विचार की कल्पना करना सीख लेते हैं, तो आपके लिए उस चीज या लक्ष्य को हासिल करना आसान हो जाता है। विजुअलाइजेशन मेडिटेशन के लिए किसी शांत जगह पर आंखें बंद करके बैठ जाएं और पूरा ध्यान अपने लक्ष्य पर केंद्रित करते हुए उस चीज को देखें। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**ग्रिटीट्यूड मेडिटेशनः** जब आप अपनी तकदीर को उलाहना देना, अपराधबोध से उबरकर, प्रकृति को, लोगों को, अपनी किस्मत को और ईश्वर को धन्यवाद देना सीख लेते हैं, तो आपके मन में सकारात्मक के भाव आने लगते हैं। इसके लिए किसी बगीचे में या नदी किनारे आंखें बंद करके सुकून से आसन लगाकर बैठ जाएं। फिर धीरे-धीरे उन चीजों को याद करें, जो आपके पास हैं और इसके लिए सबका आभार व्यक्त करें।

**मंत्र मेडिटेशनः** इसमें किसी ध्वनि की बारंबार पुनरावृत्ति से मन को सुकून मिलता है। यह कोई शब्द, वाक्यांश या ध्वनि भी हो सकती है। जैसे प्रणवाक्षर ओम अत्यंत लोकप्रिय और प्रभावकारी मंत्र है। जब आप अपनी संपूर्ण मानसिक ऊर्जा इसके उच्चारण में लगाकर पूरी तरह इसमें लीन हो जाते हैं, तो मन मस्तिष्क और हृदय की गहराई तक सकारात्मक कंपन महसूस करते हैं।


**बॉडी स्कैन मेडिटेशनः** किसी उद्यान या शांत जगह पर मैट बिछा कर लेट जाएं। शरीर को ढीला छोड़कर आंखें मूंद लें। अपने पैर की अंगुलियां से शुरुआत करते हुए सर तक के शरीर के हर अंग पर ध्यान दें। इससे शरीर और मन के बीच संतुलन साधने में मदद मिलेगी साथ ही नई उर्जा का एहसास होगा। *

न्यू ट्रेंड

डीजे नंदन

ब्रेन योग वास्तव में दिमाग की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने का एक सरल तरीका है। इसके प्रभाव को देखते हुए नई पीढ़ी के लोग ब्रेन योग के जरिए मानसिक एकाग्रता को और ज्यादा बेहतर बनाकर मानसिक तीव्रता हासिल करने की कोशिश करते हैं।

## यंगस्टर्स में बढ़ रहा ब्रेन योग का क्रेज



ब्रेन योग से दिमाग सिर्फ स्थिर या संतुलित ही नहीं रहता बल्कि इसकी कार्यप्रणाली भी तीव्र और बेहतर होती है। यह एक किस्म का मानसिक व्यायाम है। यह मस्तिष्क की तरंगों को खासतौर पर चैनलाइज करने की प्रक्रिया है और इस पर नियंत्रण करके हम अपने दिमाग को पारंपरिक तरीके से कहीं बेहतर रूप में विकसित कर सकते हैं। इस योग प्रक्रिया के जरिए हम अपने दिमाग के विभिन्न हिस्सों से न सिर्फ मजबूत संबंध स्थापित कर सकते हैं बल्कि उन्हें खासतौर पर नियंत्रित भी कर सकते हैं। इससे दिमाग का फोकस बढ़ता है, दिमागी ऊर्जा का जबरदस्त संचार होता है।

**निखरती है पर्सनालिटीः** ब्रेन योग के कुछ फायदे लोगों के समूचे व्यक्तित्व में दिखते हैं। मसलन, ऐसे लोगों की स्मार्टनेस साफ तौर पर नजर आती है। कुछ लोगों के कार्यपरिणामों में उनकी कुशलता या स्मार्टनेस दिखती है। पब्लिक डीलिंग में ऐसे लोग होते हैं, तो उन पर आम लोग कहीं ज्यादा भरोसा करते हैं, क्योंकि उनके समूचे व्यक्तित्व पर आत्मविश्वास झलक रहा होता है।



**मन-मस्तिष्क में बने संतुलनः** ब्रेन योग हमारे मन और मस्तिष्क पर एक मनोवैज्ञानिक संतुलन साधने की तरकीब भी है। इससे हमारे सोचने की क्षमता तो बढ़ती ही है, हमारे सोचने की दिशा ज्यादा रचनात्मक भी बनती है। याद्दाश्त बढ़ना तो इस योग के शुरुआती और बहुत मामूली फायदों में से है। जब हम नियमित रूप से सुपर ब्रेन योग की प्रैक्टिस करते हैं और इसमें दक्षता हासिल कर लेते हैं तो इसका असर हमारे कामों और लिए गए निर्णयों में भी दिखता है। तब हमारे काम ज्यादा सफाई से किए गए होते हैं और हमारे लिए गए निर्णय कहीं ज्यादा स्पष्ट और प्रभावशाली होते हैं। अगर इसे तकनीकी भाषा में कहें तो सुपर ब्रेन योग दरअसल, हमारे दिमाग के दो हिस्सों को एक साथ नियंत्रित करने का तरीका है। माना जाता है कि हमारे मस्तिष्क के दो भाग हैं, एक दायां भाग और एक बायां भाग। आमतौर पर एक समय में मस्तिष्क का एक ही हिस्सा काम करता है, दूसरा हिस्सा निष्क्रिय रहता है। लेकिन ब्रेन योग के अभ्यास से हमारे दिमाग के दोनों हिस्से एक ही समय पर एक ही दिशा में सक्रिय हो सकते हैं।

**सरल तरीका-भरपूर प्रभावीः** कई बार हमारे सामाजिक व्यवहार में कुछ ऐसी गतिविधियां शामिल होती हैं, जिनका मतलब हम नहीं जानते, लेकिन वे बहुत दूरगामी लक्ष्य को साध रही होती हैं, जैसे- पुराने जमाने में जब किसी छात्र को शिक्षक द्वारा बार-बार पूछे गए सवाल का जवाब नहीं आता था, तब शिक्षक उन्हें दोनो कान पकड़ने या मुर्गा बनने की सजा देते थे। लेकिन अब कई योगाचार्य बता रहे हैं कि वास्तव में यह सजा एक सुपर ब्रेन योग था। एक साथ दोनो कान पकड़ने से हमारे दिमाग का ग्रे-मैटर बढ़ता है और इससे हमारे निर्णय लेने की क्षमता और हमारा फोकस बढ़ता है। यही वजह है कि आजकल योगाचार्य बच्चों को ब्रेन योग कराने की सलाह देते हैं। *

आह्वान

अजेश कुमार

योग का अभ्यास जो भी व्यक्ति नियमित करता है, उसे इसके लाभ मिलते हैं। खासतौर पर महिलाएं अगर इनका अभ्यास करें तो तन-मन से सशक्त बन सकती हैं।

## योगाभ्यास से महिलाएं बनें सशक्त



इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' है। यह विषय समग्र रूप से महिलाओं को स्वस्थ, निरोग, आनंदमय, शांतिपूर्ण और गतिशील बनाए रखने के लिए उन्हें प्रेरित करने के उद्देश्य से ही निश्चित की गई है।

**कई बीमारियों से बचाएः** महिलाओं की बहुत सी ऐसी बीमारियां होती हैं, जिन्हें योगासनों से दूर किया जा सकता है। योग विशेषज्ञों के अनुसार, गर्भाशय संबंधी सभी बीमारियों में सर्वांगासन और शीर्षासन का अभ्यास करना चाहिए। बार-बार गर्भपात हो जाना या बच्चा न होने की अवस्था में स्त्रियों को शीर्षासन से लाभ पहुंच सकता है। बोंस को मजबूती देने में भी योगासनों का बहुत प्रभाव पड़ता है। रीढ़ की हड्डी के स्वास्थ्य के लिए आगे झुकना, पीछे झुकना, दाएं-बाएं झुकना और विभिन्न आसनों से उसे लचीला बनाना और नाड़ी के प्रवाह को ठीक रखना आवश्यक है। योग रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी समस्याओं को सौ प्रतिशत सही करने में सक्षम है। इनमें सर्वाइकल, स्लिप डिस्क, नाड़ी तंत्र, सियाटिका और स्पोंडेलाइटिस आदि शामिल है। योगासन से पाचन शक्ति बढ़ती है। अग्निसार, उड्यान बंध और कई आसन और क्रियाएं पाचन संस्थान को मजबूत करती हैं। योगासन से रक्त संचार बढ़ता है। रक्त के परिभ्रमण द्वारा सभी अवयवों को पौष्टिक पदार्थ प्राप्त होते हैं और उनके गंदे तत्व बाहर निकलते हैं। मस्तिष्क को भी योगासनों से स्वस्थ रखा जा सकता है। योगासन से शरीर के सबसे नाजुक अंग, मस्तिष्क का भी व्यायाम किया जा सकता है। शीर्षासन वैसे तो सभी अंगों के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, परंतु विशेषकर मस्तिष्क को स्वस्थ रखना और स्मरण शक्ति तेज करना शीर्षासन से ही संभव है। शीर्षासन का सहयोगी सर्वांगासन है। लाइफस्टाइल संबंधी किसी भी परेशानी से निजात पाने के लिए प्रतिदिन 30 से 45 मिनट योगाभ्यास करना जरूरी है।



**वर्किंग महिलाएं जरूर करें योगः** काम-काजी महिलाएं घर और ऑफिस के कामों के चलते लगातार व्यस्त रहती हैं। लेकिन फिर भी उन्हें योग के लिए कुछ समय जरूर निकालना चाहिए। इसका उनकी हेल्थ और लाइफ पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कुछ ऐसे योगासन हैं, जिन्हें वे अपनी दिनचर्या में शामिल कर अपने तन-मन को स्वस्थ रख सकती हैं। जैसे-भ्रामरी प्राणायाम मन को शांत करता है और बौद्धिक क्षमताओं को बढ़ाता है। इसका अभ्यास मानसिक तनाव या एंजाइटी से उबारता है। यह शरीर के समस्त अंगों की शक्ति को बढ़ाता है और मन की चंचलता को दूर करता है।

इस प्राणायाम का अभ्यास करने से त्वचा पर पड़ने वाली झांइयों और रिंकल से भी मुक्ति मिलती है। इस प्रक्रिया को 10 से 15 बार आसानी से किया जा सकता है। इसी तरह अनुलोम-विलोम प्राणायाम भी बहुत फायदेमंद है। इसमें दोनों नासिकाओं से बारी-बारी से पूरक और रेचक किया जाता है। इससे नाड़ियों की सफाई होती है और व्याधियों पर नियंत्रण प्राप्त होता है। इसके अलावा 'ओउम' के उच्चारण से और ध्यान केंद्रित करने से हमारे हृदय और मस्तिष्क की शक्ति बढ़ती है और हृदय रोग नहीं होते हैं। इसके उच्चारण से पिट्यूटरी ग्रंथि की क्रियाशीलता बढ़ती है और शरीर में प्राणवायु का संचार होता है।

किसी भी योगासन का अभ्यास करने से पहले अनुभवी योगाचार्य से उसका प्रशिक्षण जरूर प्राप्त कर लें। *

**(मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली के पूर्व योगाचार्य उदय जी और भोपाल के योगाचार्य पवन गुरु जी से बातचीत पर आधारित)**

### आमंत्रित हैं लेख...


स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें

हरिभूमि- संपादक-सेहत
129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035
या मेल करें- sehatharibhoomi@gmail.com

# सिकलसेल रोग के प्रसार को आगामी पीढ़ी में जाने से रोकने के लिए प्रयास

## उप राष्ट्रपति धनखड़ विश्व सिकलसेल दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ विश्व सिकलसेल दिवस-2024 के मौके पर बुधवार को सुबह 11 बजे शासकीय चन्द्र विजय महाविद्यालय डिण्डौरी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल मौजूद रहेंगे। सिकलसेल रोग के प्रसार को आगामी पीढ़ी में जाने से रोकने के लिए गर्भवती महिलाओं की प्रि-नेटल डायग्नोसिस 'संकल्प इंडिया' के सहयोग से की जा रही है।

सिकलसेल एनीमिया की रोकथाम एवं उपचार के लिए 15 नवम्बर 2021 जनजातीय गौरव दिवस को राज्य हिमोग्लोबिनोपैथी मिशन का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। मिशन में अलीराजपुर एवं झाबुआ जिलें में पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुल 9 लाख 17 हजार जनसंख्या की स्क्रीनिंग की गई। द्वितीय चरण में प्रधानमंत्री मोदी ने एक जुलाई 2023 को राष्ट्रीय स्तर पर 'सिकल सेल उन्मूलन मिशन'- 2047 का शुभांरभ शहडोल ज़िले से किया था। इस 'राष्ट्रीय सिकलसेल उन्मूलन मिशन' में देश के 17 राज्य शामिल हैं।

### आदिवासी बाहुल्य 89 ब्लाकों में की जाएगी स्क्रीनिंग

मिशन में मप्र के आदिवासी बाहुल्य जिलों के 89 ब्लाक में लगभग एक करोड़ 11 लाख नागरिकों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की जानी है। द्वितीय चरण में अब तक 49 लाख 17 हजार जनसंख्या की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। इसमें से एक लाख 20 हजार 493 सिकलवाहक एवं 18 हजार 182 सिकल रोगी चिन्हित किए गए हैं।

### प्रत्येक जिला चिकित्सालय में जांच की व्यवस्था

सिकलसेल रोगियों की जांच एवं उपचार सुविधाओं के सुदृढीकरण के लिए प्रत्येक जिला चिकित्सालय में एचपीएलसी मशीन से पुष्टीकरण जांच की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त अन्य जांच जैसे-सीबीसी, टोटल आयरन, सिरम फेरीटिन आदि जांचों की व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। सिकलसेल एनीमिया की पुष्टिकरण जांच पीओसी किट से स्क्रीनिंग स्थल पर त्वरित जांच परिणाम प्राप्त कर सिकल रोगी का प्रबंधन किया जा रहा है।

### 22 लाख 96 हज़ार जेनेटिक कार्ड किए जा चुके हैं वितरित

आदिवासी बाहुल्य इलाकों में सिकलसेल एनीमिया की व्यापकता अधिक है। सिकलसेल एनीमिया आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में एक अहम स्वास्थ्य समस्या है। बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए समुदाय स्तर पर स्क्रीनिंग के जरिए रोगी की पहचान कर जेनेटिक काउंसलिंग एवं प्रबंधन करना अत्यंत आवश्यक है। मप्र में अब तक 22 लाख 96 हज़ार जेनेटिक कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। स्क्रीनिंग में चिन्हित सिकलसेल रोगियों को उपचार, औषधि एवं सम्पूर्ण प्रबंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं निरंतर निगरानी के लिए ट्रीटमेंट एवं फॉलोअप बुकलेट तैयार की गई है।

### ब्लड-ट्रांसफ्यूजन के लिए प्रदेश के ब्लड सेंटरों का किया गया है सुदृढ़ीकरण

पुष्टिकरण जांच में पॉजिटिव पाए गए सिकल रोगियों का जिला स्तर पर संचालित एकीकृत उपचार केन्द्र में प्रबंधन एवं उपचार किया जा रहा है। समस्त रोगियों को हाइडॉक्सीयूरिया, फोलिकि एसिड दवाइयों का वितरण तथा जरूरत के अनुसार निःशुल्क रक्ताधान दिया जा रहा है। सिकल सेल रोगियों को सुरक्षित ब्लड-ट्रांसफ्यूजन के लिए प्रदेश के ब्लड सेंटरों का भी सुदृढीकरण किया गया है। सिकलसेल स्क्रीनिंग की रिपोर्टिंग एवं डाटा ट्रैकिंग के लिए मोबाइल एप एवं नेशनल सिकलसेल पोर्टल विकसित किया गया है।

### नवजात शिशुओं की जांच के लिए एम्स भोपाल में लैब

नवजात शिशुओं में जन्म के 72 घंटे के अंदर विशेष जांच के लिए एम्स भोपाल में लैब स्थापित कर आदिवासी बाहुल्य जिलों से भेजे गए सैम्पलों की जांच प्रारंभ की गई है। सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग तथा प्रबंधन के प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग आईसीएमआर एनआईआरटीएच, जबलपुर से दिया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश के समस्त 89 आदिवासी बाहुल्य विकासखण्डों में पदस्थ प्रबंधकीय एंव चिकित्सकीय स्टाफ के साथ-साथ मैदानी कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### कर्मचारी मंच सीएम से संवाद के माध्यम से विस सत्र में रखेंगे मांगें

**भोपाल।** प्रदेश के नियमित और अनियमित कर्मचारियों की प्रमुख मांगों को प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष संवाद के माध्यम से 1 जुलाई से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में रखा जाएगा। यह निर्णय मप्र कर्मचारी मंच की बैठक में लिया गया। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि चार प्रतिशत महंगाई भत्ता, पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने, स्थाई कर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने समेत 11 सूत्रीय मांगों को संवाद और पत्राचार के माध्यम से राज्य सरकार के समक्ष कर्मचारी मंच रखेगा।

### अमरवाड़ा विधानसभा के लिए तीसरे दिन तीन नाम निर्देशन पत्र जमा

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि छिंदवाड़ा जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 123 अमरवाड़ा (अजजा) में उपचुनाव के लिए 14 जून से नामांकन-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। नामांकन पत्र जमा करने के तीसरे दिन 18 जून को 2 अभ्यर्थियों की ओर से 3 नामांकन पत्र जमा किए गए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बताया कि नामांकन पत्र भरने की अंतिम तारीख 21 जून है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 24 जून को की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 26 जून है। मतदान 10 जुलाई को होगा। राजन ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक से ली जा सकती हैं।

## इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय और ताइवान के विश्वविद्यालयों के बीच हुआ एमओयू

# सीएम बोले, सेमी-कंडक्टर व चिप-डिजाइन क्षेत्र में स्टूडेंट्स शोधकर्ताओं और निवेशकों के लिए प्रगति के खुलेंगे नए द्वार

▶▶ मुख्यमंत्री ने किया टिकाऊ भविष्य के लिए पर्यावरण प्रबंधन विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

▶▶ मुख्यमंत्री डॉ. यादव देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर की संगोष्ठी में वर्चुअली शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विश्व में सेमी-कंडक्टर और चिप-डिजाइन क्षेत्र के सिरमौर ताइवान के साथ देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर की ओर से शैक्षणिक और अनुसंधान संबंधी गतिविधियों के लिए किए जा रहे एमओयू से मप्र के विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और निवेशकों के लिए प्रगति के नए द्वार खुलेंगे। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने ताइवान के छह अलग-अलग विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार की हरसंभव कोशिश होगी कि ताइवान के साथ प्रदेश के संबंध प्रगाढ़ हों और शासन स्तर पर एमओयू क्रियान्वयन में कोई कठिनाई नहीं आए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर की ओर से टिकाऊ भविष्य के लिए पर्यावरण प्रबंधन विषय पर इंदौर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ कार्यक्रम को समत्व भवन भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री की वर्चुअल उपस्थिति में इन्दौर में आई-शु यूनिवर्सिटी ताइवान तथा देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद तथा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया।

### जैसे हम स्वयं की चिंता करते हैं वैसे ही ब्रह्मांड की चिंता करें: मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि टिकाऊ भविष्य के लिए पर्यावरण प्रबंधन विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन वर्तमान परिदृश्य में बहुत महत्वपूर्ण है। हमारी संस्कृति पर्यावरण के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए हमें प्रेरित करती है, हमारे वेद यह शिक्षा देते हैं कि जैसे हम स्वयं की चिंता करते हैं वैसे ही ब्रह्मांड की चिंता करें। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर नवाचार करने में अग्रणी रहा है इस उद्यमशीलता के लिए विश्वविद्यालय बधाई का पात्र है। पर्यावरण की दृष्टि से मध्य प्रदेश पर्याप्त संपन्न है। विश्व के सम्मुख मौजूद पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करने के लिए केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकार भी हर स्तर पर प्रयास कर रही है। भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण और जन-जन में पर्यावरण की प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के अनेक बिंदु समाहित हैं।

### इंदौर में लगाए जाएंगे 51 लाख पौधे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के क्रम में राज्य सरकार ने साढ़े 5 करोड़ पौधे लगाने का प्रण किया है। इस अभियान में इंदौर में भी 51 लाख पौधे लगाए जाएंगे। प्रदेश में जल स्रोतों के संरक्षण के लिए एक पखवाड़े तक चलाया गया अभियान पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा और प्रदेशवासियों की सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही। इन्दौर में आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. इन्दर सिंह परमार, इन्दौर सांसद शंकर लालवानी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कुलगुरु डॉ. रेणु जैन, आई-शु यूनिवर्सिटी ताइवान के प्रेसिडेंट डॉ. कुआंग तथा अन्य अधिकारी व विषय विशेषज्ञ उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीआईपी मार्ग पर काफिला रुकवा कर किया आचार्य विनम्र सागर का स्वागत

▶▶ जैन मुनियों से आशीर्वाद प्राप्त किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को वीआईपी मार्ग भोपाल में आचार्य विनम्र सागर के भोपाल आगमन पर उनका स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अन्य जैन मुनियों से भी आशीर्वाद प्राप्त किया। छिंदवाड़ा प्रवास से लौटते हुए राजकीय विमानतल से मुख्यमंत्री निवास जाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव की नजर वीआईपी मार्ग से पैदल यात्रा कर जा रहे जैन मुनियों के दल पर पड़ी और उन्होंने वाहनों का काफिला रुकवा कर सभी का स्वागत किया। आचार्य जी ललितपुर (उत्तर प्रदेश) से जैन मुनियों के दल के साथ पधारे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल आगमन पर जैन मुनि और उनके सहयोगियों का स्वागत किया।

### छिंदवाड़ा में भाजपा का विजय रथ जारी रहेगा: डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमरवाड़ा में मीडिया से चर्चा में कहा कि आजादी के बाद ये पहली बार मौका आया है कि छिंदवाड़ा लोकसभा चुनाव में एक लाख से ज्यादा वोटों से भाजपा विजई हुई है। इसके लिए छिंदवाड़ा की जनता का आभार मानता हूं। उस जीत में भी अमरवाड़ा क्षेत्र की बड़ी भूमिका थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अमरवाड़ा के सभी बन्धुओं को धन्यवाद देता हूं। अमरवाड़ा विधानसभा से प्रत्याशी कमलेश शाह और हम इस क्षेत्र के विकास के लिए कृत संकल्पित हैं। हम विकास के सभी कामों को पूरा करेंगे। उम्मीद कर रहे हैं कि भाजपा का विजय रथ जारी रहेगा। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, सांसद विवेक बंटी साहू, आदि मौजूद रहे।

#### 24 घंटे में अधिकतम तापमान दो से तीन डिग्री तक गिरने की संभावना

## छत्तीसगढ़ में अगले पांच दिनों तक बारिश के आसार, गरज चमक के साथ चलेगी तेज हवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ में अगले दो-चार दिनों में प्रदेश के कई हिस्सों में दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ाने की संभावना है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। वहीं बारिश की स्थिति बनी हुई है। बीते दिनों बारिश की वजह से वातावरण ठंडा हो गया है। हालांकि उमस अभी भी बरकरार है। प्रदेश के कई जिलों में गलत चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश में आगामी पांच दिनों तक गरज चमक के साथ बारिश और अंधड़ चलने की संभावना है। वहीं 24 घंटे में प्रदेश की अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक गिरावट होने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश के कई हिस्सों में प्री मानसून का आगमन हो चुका है। वहीं दो-चार दिनों में कुछ और हिस्सों में प्री मानसून आगे बढ़ाने की संभावना है। ऐसे में ज्यादातर जिलों में तीन-चार दिनों तक अच्छी बारिश होने की संभावना है। इन संभागों में से कई जिलों में गरज चमक के साथ बारिश और कई जिलों में तेज अंधड़ चलने की संभावना है।

## यूपी एसटीएफ ने अनवर ढेबर को नकली होलोग्राम केस में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ शराब घोटाले मामले में जमानत पर जेल से रिहा हुए अनवर ढेबर को यूपी एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। 18 जून की देर रात नकली होलोग्राम केस में ढेबर गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान ढेबर के समर्थकों ने जोरदार हंगामा किया, मौके पर पुलिसबल ने भीड़ पर काबू पाया। यूपी एसटीएफ आज अनवर ढेबर को रायपुर कोर्ट में पेश किया है। बताया जा रहा है कि यूपी एसटीएफ ट्रांजिट रिमांड लेकर ढेबर को यूपी के मेरठ कोर्ट में पेश करेगी।

शराब घोटाले मामले में अनवर ढेबर को हाई कोर्ट से जमानत मिल गई थी। ढेबर मंगलवार देर शाम ही वे जेल से रिहा हुए। इस दौरान मौके पर यूपी एसटीएफ ने होलोग्राम केस में ढेबर को पकड़ लिया। इस दौरान उसके समर्थकों ने जोरदार हंगामा किया। साथ ही पुलिसबल के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। जैसे तैसे पुलिसबल ने भीड़ को शांत किया इसके बाद ढेबर को सिविल लाइन थाने ले जाया गया।

## चांगोरी में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक की मौके पर ही मौत

▶▶ *सिर पर लगी चोट से खून का अधिक बहाव होने के कारण मौके पर ही हो गई मौत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



जांजगीर चांपा जिले के ग्राम चांगोरी में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को सामने से ठोकर मारी है। हादसे में युवक अभिजीत मिश्रा 23 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। युवक पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था, 17 जून को मृतक अभिजीत का जन्मदिन था। अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार है। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबित 18 जून की दोपहर 3 बजे लगभग घर से युवक अभिजीत मिश्रा निकला हुआ था। वह कहां जा रहा था इसकी जानकारी परिजनों को भी नही है। रात को घर वापस जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने बाइक को सामने से जोरदार ठोकर मारी है जिससे युवक बाइक से छिटक कर सड़क किनारे जा गिरा। सिर पर गंभीर चोट होने से खून का अधिक बहाव होने पर घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर 112 की टीम मौके पर पहुंची और शव उठाकर मर्चुरी भेजा गया है। बुधवार को अकलतरा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। अज्ञात वाहन चालक की तलाश पुलिस कर रही है।

## मातृ एवं शिशु अस्पताल और 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक का मंत्री नेताम ने किया भूमिपूजन

### 31 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर



बलरामपुर रामनुजगंज जिला प्रवास के दौरान कृषि और आदिम जाति विभाग के मंत्री रामविचार नेताम ने जिले को स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में बड़ी सौगात दी। उन्होंने जिला अस्पताल में मातृ एवं शिशु अस्पताल और 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक का भूमिपूजन किया। लगभग 31 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से बनने वाले यह अस्पताल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने जनता को संबोधित करता हुए कहा कि यह स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तारीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके बन जाने से जिले वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। इन अस्पतालों में अच्छी व्यवस्था के साथ मेडिकल केयर मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जिले वासियों को पहुंच संबंधी कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है। इसके पूर्ण हो जाने से लोगों को दूसरे स्थान पर इलाज के लिए जाना नहीं पड़ेगा। तत्काल जरूरत पड़ने पर अब बलरामपुर जिले में ही बड़े अस्पतालों जैसी सुविधा मिलेगी। साथ ही इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। महिला बाल विकास विभाग मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बड़े-बड़े कार्य स्वीकृत हो रहे हैं उन्हीं के प्रयासों से स्वास्थ्य क्षेत्र में 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर हेल्थ और मातृ एवं शिशु अस्पताल बनने जा रहा है।

## पेज एक का शेष

### नए कैंपस...

रही है। इसमें ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भूटान, चीन, कंबोडिया, इंडोनेशिया, मॉरीशस, म्यांमार, न्यूजीलैंड, पुर्तगाल, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका, थाईलैंड, वियतनाम, ब्रुनेई और लाओस मुख्य हैं। इन देशों के राजदूत विवि के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। कैंपस में 100 से अधिक तालाब, ऑन ग्रिड सोलर प्लांट, घरेलू पीने के पानी का प्लांट, पानी का पुनर्चक्रण प्लांट और 100 एकड़ में फैला ग्रीन कवर शामिल है।

कैंपस में 250 लोगों की क्षमता वाला योग केंद्र, स्टेट ऑफ द आर्ट ऑडिटोरियम, पुस्तकालय, पुरालेखीय केंद्र और खेलकूद कॉम्प्लेक्स शामिल है। वर्तमान में यहां 20 से अधिक देशों के छात्र अलग-अलग विषयों की शिक्षा ले रहे हैं।

### गृह सचिव ने ...

2009 बैच के आईपीएस अधिकारी थे। वे असम के तिनसुकिया और सोनितपुर जिलों के पुलिस अधीक्षक भी रह चुके हैं। होम सेक्रेटरी के पद पर तैनात होने से पहले उन्होंने असम पुलिस की चौथी बटालियन के कमांडेंट के रूप में भी काम किया था। उन्हें 2015 में स्वतंत्रता दिवस पर वीरता के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक मिला था। चेतिया और अगामोनी की 12 मई 2013 को अरेंज मैरिज हुई थी।

### विदेश मंत्री...

प्रदर्शित की गई प्रतिबद्धता पर आधारित है। इससे दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी परियोजनाओं, साझा लाभ से जुड़े सहयोग के तमाम क्षेत्र शामिल हैं। वहीं, सूत्रों ने बताया कि विदेश मंत्री के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी श्रीलंका की यात्रा कर सकते हैं।


### आतंकवाद के...

नई दिल्ली-मॉन्ट्रियल की एक उड़ान से जुड़े हुए घातक कनिष्क बम विस्फोट का जिक्र छेड़ते हुए इसी महीने 23 जून को इसकी वर्षगांठ मनाने के लिए स्मारक सेवा का ऐलान कर दिया है। वहीं, बीते मंगलवार को कनाडा की संसद में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की मौत की पहली बरसी पर एक मिनट का मौन रखा गया। निज्जर की पिछले साल 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में कनाडा की पुलिस ने चार भारतीयों को गिरफ्तार किया है।

चिंतन

# खालिस्तानी आतंकवाद को पनाह देना बंद करे कनाडा

कनाडा को आतंकवाद पर अपना रुख स्पष्ट करना पड़ेगा। आतंकवाद पर सिलेक्टिव रवैया उसे ही भारी पड़ सकता है। भारत आतंकवाद के खिलाफ दशकों से लड़ रहा है। भारत खालिस्तानी आतंकवाद और कट्टर इस्लामिक आतंकवाद दोनों का सामना कर रहा है। दोनों आतंकवाद को खादपानी विदेशी सरजमीं से मिल रही है। खालिस्तानी गतिविधियों में लिप्त लोग बरसों से कनाडा में रह रहे हैं। कनाडा आंख मूंदे हुए है। अभी आतंकवाद पर भारत ने कनाडा को मुंहतोड़ जवाब दिया है, जवाब भी ऐसा कि इससे न केवल ट्रूडो सरकार बल्कि दुनिया भर के खालिस्तानी आतंकी भी तिलमिला जाएं। खालिस्तानी आतंकवाद का समर्थन करने के मुद्दे पर भारत के बार-बार कहने के बावजूद कनाडा अपनी हरकतों से बाज नहीं आ आया। कनाडा ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की बरसी पर अपनी संसद में मौन रख कर भारत को चिढ़ाने का प्रयास किया, तो भारत ने कनाडा को कनिष्क विमान बम विस्फोट की याद दिला कर बताया है कि उसके यहां कैसे वर्षों से खलिस्तानी आतंकवाद जड़ जमाए हुए है, और वो पोसक बना हुआ है। आतंकवाद को लेकर अगर कनाडा नहीं संभला तो उसकी हालत भी अफगानिस्तान, पाकिस्तान जैसी हो सकती है, जहां आतंकवाद अब इन देशों के लिए भ्रस्मासुर साबित हो रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपनी राजनीति के लिए आग से खेल रहे हैं, हालांकि कनाडा में अब उनकी लोकप्रियता तेजी से गिर रही है, कनाडा के गैर सिख वासियों के बीच ट्रूडो की साख तेजी से गिरी है। अभी जी-7 की बैठक में पीएम नरेन्द्र मोदी ने कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो से अलग से मुलाकात की है और खालिस्तानी आतंकवादियों को संरक्षण को लेकर भारत की चिंता को जाहिर की है। इसके तुरंत बाद कनाडाई संसद का खालिस्तानी आतंकवादी व भारत में वांछित निज्जर की हत्या की बरसी पर मौन रखना दर्शाता है कि उसे भारत की चिंता की परवाह नहीं है। अब भारत ने भी कनिष्क विमान बम विस्फोट की 39वीं बरसी 23 जून को मनाने का फैसला किया है। नागरिक विमानन के इतिहास में सबसे जघन्य आतंकवाद से संबंधित हवाई दुर्घटना कनिष्क बम विस्फोट को याद करते हुए वैंकूवर स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा है कि भारत आतंकवाद की समस्या से निपटने में सबसे आगे है और इस वैश्विक खतरे से निपटने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है। मॉन्ट्रियल-नई दिल्ली एयर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या 182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया था, जिससे विमान में सवार 86 बच्चों सहित सभी 329 लोग मारे गए थे। इनमें से 268 भारतीय मूल के कनाडाई थे व 24 भारतीय थे। यह नागरिक उड्डयन के इतिहास में सबसे जघन्य आतंकवाद-संबंधी हवाई दुर्घटनाओं में से एक थी। इस बम विस्फोट का आरोप सिख आतंकवादियों पर लगाया गया था। यह विस्फोट कथित तौर पर 1984 में स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए किए गए 'ऑपरेशन ब्लूस्टार' के प्रतिशोध में किया गया था। कनाडा की संसद में खालिस्तानी आतंकी के महिमामंडन और खालिस्तान चरमपंथियों को खुली छूट भारत को अस्वीकार्य है। कनाडा में पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी को भी भारत बर्दाश्त नहीं करेगा।




विशेष
शिवप्रकाश

# सुशासन के प्रतीक-छत्रपति शिवाजी

> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज को स्मरण करते हुए कहा 'कुछ ही दिनों में देश छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्यारोहण की 350वीं वर्षगांठ मनाएगा, उनका जीवन ध्येय पथ पर बढ़ने की प्रेरणा देता है।' छत्रपति शिवाजी का राज्याभिषेक ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी विक्रम संवत 1731 को रायगढ़ में हुआ था। पुर्तगाली एवं ब्रिटिशों सहित अनेक विदेशी लेखकों ने छत्रपति शिवाजी की तुलना महानतम सेनापति नेपोलियन, सीजर, सिकंदर के साथ करते हुए उनकी वीरता, प्रशासनिक कुशलता एवं युद्ध शैली की प्रशंसा की है। हम शिवाजी के जीवन आदर्श से प्रेरणा लेकर अपने देश को आत्मनिर्भर, विश्व वन्दनीय भारत बनाएं।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत के उपलक्ष्य में आयोजित धन्यवाद भारत कार्यक्रम के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज को स्मरण करते हुए कहा 'कुछ ही दिनों में देश छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्यारोहण की 350वीं वर्षगांठ मनाएगा, उनका जीवन ध्येय पथ पर बढ़ने की प्रेरणा देता है।' छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी विक्रम संवत 1731 को रायगढ़ में हुआ था। अंग्रेजी तिथि के अनुसार 6 जून 1974 की पुण्यतिथि थी। पुर्तगाली एवं ब्रिटिशों सहित अनेक विदेशी लेखकों ने छत्रपति शिवाजी की तुलना महानतम सेनापति नेपोलियन, सीजर, सिकंदर के साथ करते हुए उनकी वीरता, प्रशासनिक कुशलता एवं युद्ध शैली की प्रशंसा की है।

16 फरवरी 1630 ई. शिवनेरी किले में शिवाजी महाराज का जन्म शाहजी भोंसले एवं माता जीजाबाई के परिवार में हुआ। उनके जन्म के समय परिस्थिति कैसी थी इसका वर्णन समर्थ गुरुरामदास महाराज ने अपने 12 वर्ष के भारत भ्रमण के बाद इस प्रकार किया "या भूमंडलाचे ढायी, धर्मरक्षा ऐसा नाही" इस समय इस भूमंडल पर धर्मरक्षक कोई नहीं है। संपूर्ण देश में कोई भी मंदिर सुरक्षित नहीं है। सामान्य जनता मुगलों के अत्याचार से कराह रही है, किसी भी नदी का जल पवित्र नहीं है जिससे अभिषेक किया जा सके। इस विकट परिस्थिति में छत्रपति शिवाजी ने अपने रणकौशल एवं बुद्धिकौशल से स्वराज की स्थापना की। उनके कुशल प्रशासन को देखने के बाद पुनः स्वयं समर्थ रामदास महाराज ने कहा "आचारशील, विचारशील, न्यायशील, धर्मशील, सर्वज्ञ सुशील जाणता राजा।" किसी भी कार्य की सफलता का आधार नेतृत्वकर्ता के सहयोगी कैसे है इस पर निर्भर करता है। शिवाजी ने सहयाद्रि में निवास करने वाले सामान्य गरीब, किसान, युवकों में स्वराज की प्रेरणा जगाई। समाज के सामान्य वर्ग से निकले इन्हीं योद्धाओं ने अपने जीवन की बाजी लगाकर स्वराज स्थापना का श्रेष्ठतम कार्य किया। औरंगजेब अपनी सेना के एक-एक सेनापति से तुलना करते हुए शिवाजी के सेनापतियों की विशेषता का वर्णन करते हुए कहता है "वे झुकते नहीं, रुकते नहीं, थकते नहीं और बिकते भी नहीं।" छत्रपति शिवाजी का शासन लोक कल्याण एव पारदर्शिता से युक्त था। वित्त प्रबंधन को लेकर वे सदैव सजग थे। मंत्रालयों की समीक्षा करते समय उन्होंने अपने लेखपाल से पूछ लिया कि कल तक का हिसाब दैनिंदनी में चढ़ा अथवा नहीं, नकारात्मक उत्तर होने पर लापरवाही के लिए कठोर दंड भी दिया। लगान के उचित संग्रह में लापरवाही पर देश कुलकर्णी आपाजी से जुर्माना भी लिया एवं पद मुक्त भी किया। भ्रष्टाचारविहीन शासन छत्रपति शिवाजी के शासन का वैशिष्टय था। भ्रष्टाचारयुक्त शासन के लिए उन्होंने रिश्वत लेने पर अपने सौतेले मामा मोहिते को भी कारागार में डाल दिया था। 13 मई 1671 के अपने पत्र में वे लिखते हैं कि अगर आप जनता को तकलीफ देंगे, कार्य सम्पादन में रिश्वत मार्गेगे तो जनता को लगेगा कि इससे तो मुगलों का शासन ही अच्छा था। छत्रपति शिवाजी ने अपने स्वराज



संचालन के लिए अष्ट प्रधान शासन प्रणाली की व्यवस्था दी थी। शिवाजी जहाँ एक दूरदर्शी योद्धा थे, वहीं वह एक कुशल प्रशासक भी थे। स्वदेशी जलपोत निर्माण के लिए मुंबई के पास कल्याण एवं भिवंडी में उनके द्वारा स्थापित जलपोत निर्माण करवाना, व्यापार एवं सुरक्षा के प्रति उनकी दृष्टि की ओर इंगित करता है। अंग्रेजों से तोप निर्माण की तकनीक न मिलने पर उन्होंने फ्रांस के सहयोग से पुरन्दर किले पर तोपखाना स्थापित कराया। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का यह मन्त्र वर्तमान की सरकार का मन्त्र भी बना है। भूमि का मापन, पैदावार का मूल्यांकन, आपदा में होने वाली हानि के मूल्यांकन की व्यवस्था शिवाजी महाराज ने उस समय की थी। सिंचाई के लिए बांध, तालाबों, कुएं, बावड़ी एवं जलाशयों का निर्माण उनकी दूरदर्शिता को प्रकट करते हैं। स्वस्थ भूमि, स्वस्थ उत्पाद, स्वस्थ पर्यावरण के लिए फसलों में विविधता, फलदार वृक्षों को लगवाना उनकी कृषि एवं पर्यावरण के प्रति दृष्टि को प्रकट करते हैं।

महिलाओं के प्रति उनके हृदय में सम्मान एवं महिलाओं के प्रति कुदृष्टि डालने पर कठोर दंड उनके शासन की व्यवस्था थी। मुस्लिम महिला गोहरबानू के प्रति उनके उदगार काश मेरी मां भी इतनी सुन्दर होती, सखोजी गायकवाड़ को दंड उनकी न्यायप्रियता को प्रकट करते हैं। स्वराज के हित को प्रथम रखते हुए उन्होंने व्यापारिक संबंध सभी से रखे थे। व्यापार के लिए मध्य एशिया के देशों तक उन्होंने संबंध बनाए थे। उसमें मस्कट के इमाम भी प्रमुख थे। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टि को अपने राज्य संचालन का आधार बनाया। उनके शासन में वृद्ध, बीमार एवं बच्चों को छोड़कर अन्य किसी के लिए भी मुफ्त सुविधा की व्यवस्था नहीं थी। छत्रपति शिवाजी की शासन प्रणाली में स्वभाषा एवं स्वसंस्कृति को विशेष महत्व था। गुलामी के प्रतीकों को हटाकर स्वाभिमानी समाज जागृत करने के लिए उन्होंने किलों के नामों को नामांतरण भी किया। उर्दू और फारसी के शब्द बदलकर स्वराज संचालन के लिए 1400 हिन्दी शब्दों का कोष भी बनाया था। शिवाजी की गुप्तचर व्यवस्था, शत्रु को पहचानने की उनकी अचूक दृष्टि उनको शेष भारतीय राजाओं से अलग करती है। उत्तर भारत की मुग़ल शक्ति एवं दक्षिण की आदिलशाही, कुतुबशाही के भेद का उन्होंने उचित उपयोग किया था। शत्रु की कमजोरी उनके साथ जैसे को तैसा व्यवहार शाइस्ताखान, अफजलखान एवं औरंगजेब से युद्ध करते समय उन्होंने अपनाया था। व्यापार एवं सुरक्षा के लिए नौसेना के महत्व को पहचान कर सिंधुदुर्ग सहित समुंद्र किनारे अनेक दुर्गों की स्थापना उन्होंने की थी। शिवाजी ने न केवल हिन्दवी साम्राज्य स्थापित किया, बल्कि सम्पूर्ण समाज में स्वराज, स्वधर्म के प्रति समर्पण की भावना भी जागृत की। देशभर में स्वराज की रक्षा के लिए संघर्षरत समस्त राजाओं के प्रेरणा पुंज भी वह बने। अपनी माता की मृत्यु के समय भी बिना अवकाश लिए वे राज्य का सूत्र संचालन करते रहे। स्वराज संस्थापन के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करना ही उनकी प्रेरणा थी। स्वराज स्थापन यह "श्री" का कार्य है यह मान कर उन्होंने सम्पूर्ण जीवनभर संघर्ष किया। अपने सहयोगियों में भी उन्होंने यही भाव कूट-कूट कर भरा था। सहयोगियों से वे कहते थे कि हमारे कार्य की दिशा ठीक है यह पवित्र कार्य है। हमारा कार्य पवित्र होने के करण पवित्र अदृश्य शक्तियां हमारा सहयोग करेंगी। मां तुलजा भवानी एवं परमेश्वर पर यह आस्था ही उनके संघर्ष की प्रेरणा थी। निमित्तता के इसी निस्वार्थ भाव के कारण उन्होंने एक कागज पर लिखकर अपना राज्य अपने प्रेरणा स्रोत समर्थ रामदास स्वामी महाराज की छोली में डाल दिया था।

हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना के इस पुनीत अवसर पर हम छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन आदर्श से प्रेरणा लेकर अपने देश को आत्मनिर्भर, आर्थिक सम्पन्न, सुरक्षित एवं सांस्कृतिक मूल्यों से संरक्षित कर विश्व वन्दनीय भारत बनाएं।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

टेक के खतरे
शैलजा सिंह



# एआई में अंतर्निहित समस्याएं

हम सभी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बारे में बहुत कुछ सुना और पढ़ा है। आप में से कइयों ने संभवतः उपलब्ध हो रहे अनगिनत एआई उपकरणों में से कुछ का उपयोग भी किया होगा। कुछ लोगों के लिए, एआई एक जादू की छड़ी की तरह लगता है, जो हर मुश्किल आसान कर सकता है, लेकिन ताजा अध्ययन के मुताबिक, एआई परफेक्ट नहीं है। इसमें खतरनाक अंतर्निहित समस्याएं हैं, जिन्हें ठीक करना मुश्किल है। इसमें कोई दोराय नहीं कि एआई डिजिटल दुनिया को तेजी से बदल रही है, यह वह तकनीक है, जो मानव मस्तिष्क की तरह कृत्रिम मेधा की संरचना विकसित कर रही है। इसके बहुत लाभ हैं, हर क्षेत्र में एआई का प्रवेश हो रहा है। एक ही काम को बार-बार दोहराना, डिजिटल सहायक, मानवीय त्रुटि को दूर करना, जोखिम भरे काम करना, बिना थके उपलब्धता, त्वरित निर्णय लेना, बेहतर स्वास्थ्य सेवा, स्मार्ट ऑटोमेशन, रोबोटिक्स व लॉजिस्टिक्स, भविष्यसूचक विश्लेषण, नवाचार और रचनात्मकता, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण आदि एआई के फायदे हैं। लेकिन इसके नुकसान भी हैं, जिसके चलते इसको बनाने वाले से लेकर इसके उपयोग करने वाले तक दुनिया की सरकारों को चेता रहे हैं कि एआई को नियंत्रित रखने के लिए सरकारें नया कानून बनाएं। आई उपयोगकर्ताओं के लिए कई नुकसान पैदा करता है। उनमें से कुछ में प्रौद्योगिकी पर निर्भरता और आलोचनात्मक सोच की कमी, कम मानवीय संपर्क, डेटा गोपनीयता और सुरक्षा में नैतिक चिंताएं, तकनीकी सीमाएं और त्रुटियां आदि शामिल हैं। जैसे, न्यूयॉर्क शहर के एक चैटबॉट ने लोगों को कानून तोड़ने की सलाह दी, और गूगल का एआई ओवरव्यू लोगों को चट्टानें खाने के लिए कह रहा है। मुद्दे की बात यह है कि एआई प्रणाली की कुछ अंतर्निहित कमियां हैं।

**वास्तविक दुनिया में परेशानी** : सभी एआई प्रणालियों के लिए अंतर्निहित मुद्दों में से एक यह है कि वे वास्तविक दुनिया की सेटिंग्स में 100% सटीक नहीं हैं। उदाहरण के लिए, एक पूर्वानुमानित एआई प्रणाली को अतीत के डेटा बिंदुओं का उपयोग करके प्रशिक्षित किया जाएगा। यदि एआई को कुछ नया मिलता है - जो प्रशिक्षण डेटा में किसी भी चीज़ के समान नहीं है - तो यह संभवतः सही निर्णय लेने में सक्षम नहीं होगा। एक काल्पनिक उदाहरण के रूप में, आइए एआई-संचालित ऑटोपायलट प्रणाली से सुसज्जित एक सैन्य विमान लें। यह प्रणाली अपने प्रशिक्षण ज्ञान आधार की बदौलत कार्य करेगी। लेकिन एआई सिर्फ गणितीय गणना है। एक प्रतिकूल स्थिति ऐसी बाधाएं पैदा कर सकती है जिसे विमान एआई देख नहीं सकता क्योंकि वे प्रशिक्षण डेटा में नहीं हैं, जिससे संभावित विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

**प्रशिक्षण डेटा में पूर्वाग्रह** : आपने एआई द्वारा पक्षपातपूर्ण निर्णय लेने के बारे में सुना होगा। आमतौर पर, पूर्वाग्रह तब होता है जब हमारे पास असंतुलित डेटा होता है। सरल शब्दों में, इसका मतलब यह है कि एआई प्रणाली को प्रशिक्षित करते समय, हम इसे एक प्रकार के परिणाम के बहुत सारे उदाहरण और दूसरे प्रकार के बहुत कम उदाहरण दिखा रहे हैं। आइए एक एआई प्रणाली का उदाहरण लें जो किसी व्यक्ति द्वारा अपराध करने की संभावना की भविष्यवाणी करने के लिए प्रशिक्षित है। यदि सिस्टम को प्रशिक्षित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले अपराध डेटा में ज्यादातर समूह ए (मान लीजिए, एक विशेष जातीयता) के लोग हैं और समूह बी से बहुत कम लोग हैं, तो सिस्टम दोनों समूहों के बारे में समान रूप से नहीं सीख पाएगा। परिणामस्वरूप, समूह ए के लिए इसकी भविष्यवाणियों से ऐसा प्रतीत होगा कि ये लोग समूह बी की तुलना में अपराध करने की अधिक संभावना रखते हैं। यदि सिस्टम का उपयोग बिना सोचे-समझे किया जाता है, तो इस पूर्वाग्रह की उपस्थिति के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। एआई को पूर्वाग्रह बनाए रखने से रोकने के लिए संतुलित डेटा का होना महत्वपूर्ण है।

**ऑफ़लाइन प्रशिक्षण की समस्या** : एआई के साथ एक और समस्या तब उत्पन्न हो सकती है जब इसे ऑफ़लाइन प्रशिक्षित किया गया हो और यह उस समस्या की गतिशीलता के साथ अद्यतित न हो, जिस पर इसे काम करना है। एक सरल उदाहरण किसी शहर में दैनिक तापमान की भविष्यवाणी करने के लिए विकसित की गई एआई प्रणाली होगी। इसके प्रशिक्षण डेटा में इस स्थान के तापमान डेटा पर सभी पिछली जानकारी शामिल है। एआई का प्रशिक्षण समाप्त होने और तैनात होने के बाद, मान लीजिए कि एक गंभीर जलवायु घटना सामान्य मौसम की गतिशीलता को बाधित करती है। चूंकि भविष्यवाणियां करने वाली एआई प्रणाली को उस डेटा पर प्रशिक्षित किया गया था जिसमें यह व्यवधान शामिल नहीं था, इसलिए इसकी भविष्यवाणियां तेजी से गलत हो जाएंगी।

(लेखिका साहित्यकार व टेक विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भगवान के चरणों में अर्पित करना ही ज्ञान



संकलित
दर्शन

सर्व सामर्थ्य होते हुए भी अहंशून्य होकर स्वयं को भगवान के चरणों अर्पित कर देना ही ज्ञान, भक्ति और कर्म की परिपूर्णता है। भगवान के परम भक्त बालिपुत्र अंगद ने रावण की सभा में अपना एक पैर रोपकर अपने मुष्टिप्रहार से रावण के दसों मुकुटों को सिर से गिरा दिया था, वहीं चार मुकुटों को बीच में उछालकर भगवान के पास भेज दिया था। लंका से लौटकर आए अंगद से जब भगवान श्रीराम ने पूछा कि तुमने ये मुकुट कहां और कैसे प्राप्त किए, तब अंगद ने धर्म और ईश्वर से विमुख व्यक्ति की तात्विक व्याख्या की है। अंगद विनम्र भाव से कहते हैं, प्रभु! ये चार मुकुट नहीं, राजनीति के चार पद हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति व्यवहार करते हुए भी परमार्थ को प्राप्त कर लेता है। रावण आपसे और धर्म से विमुख हो चुका है, इसलिए राजनीति के चारों चरणों (साम, दाम, दंड और भेद) का दुरुपयोग कर रहा था, इस कारण मुकुट के रूप में ये चारों उसको छोड़कर आपकी शरण में आ गए हैं। रावण ने शेष छह मुकुट जो सिर पर धारण कर रखे हैं, वे साधक के जीवन में रहने वाली षड्संपत्ति (शम, दम, उपरति, तितीक्षा, श्रद्धा और समाधान) हैं। चूंकि रावण उनका भी दुरुपयोग कर रहा था, इसलिए ये षड्संपत्ति न रहकर विकार बनकर रावण के सिर पर शासन कर रहे हैं, जो उसके विनाश के कारण बनेंगे। मेरे प्रभु! गुण तो केवल वे ही हैं, जिन्हें आपने स्वीकारा है। शेष सब अवगुण ही हैं। गुणों का योग जब तक भगवान से नहीं होगा, तब तक व्यक्ति उसका उपयोग और कहां करेगा?

# जीवन का, जीवन बीमा



संकलित
प्रेरणा

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। दोनों ने बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया। पहले सेठ ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया की वह भी अपनी सम्पत्ति का बीमा करवा ले। परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था इसलिए उसे सारी संपत्ति वापिस मिल गई जबकि दूसरा मित्र निर्धन बन गया। मगर हाथ पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है की एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं की जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते है, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते है, न ईश्वर का साक्षात्कार करते है। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया हैं- शरीररूप बंधन में आकर जीवात्मा जहां तहां भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके करले अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण कर-वेद जीवात्मा वासनावश ऊंची नीची योनियों में शरीर धारण करता है।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### रेलवे की फिर लापरवाही घातक साबित हुई

समय-समय पर रेलवे की लापरवाही बहुत से लोगों की जान को आफत में डाल देती है और जान पर भी भारी पड़ जाती है, लेकिन रेलवे पता नहीं क्यों ऐसे हादसों से सबक नहीं लेता है। अब रेलवे की लापरवाही पश्चिम बंगाल और बिहार की सीमा पर देखने को मिली। वहां मालगाड़ी ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में कुछ लोगों की जान चली गई और कुछ घायल हो गए। अगर मालगाड़ी की रफ्तार तेज होती तो फिर न जाने और कितने लोगों की जान पर यह रेलवे की लापरवाही पड़ जानी थी। कुछ महीने पहले ओडिशा में बहुत ही दिल दहलाने वाला ट्रेन हादसा हुआ था। यहां तीन ट्रेनें आपस में टकराई थी। इस हादसे में सैकड़ों लोगों की जान चली गई और बहुत से लोग घायल हुए थे। ऐसा ही हादसा आंध्र प्रदेश में भी हुआ था। *-सुशील त्यागी, कांकेर*

## करंट अफेयर

# आतंकवाद का मुकाबला करने में भारत सबसे आगे



नागरिक विमानन के इतिहास में सबसे जघन्य आतंकवाद से संबंधित हवाई दुर्घटना कनिष्क बम विस्फोट को याद करते हुए वैंकूवर स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा है कि भारत आतंकवाद की समस्या से निपटने में सबसे आगे है और इस वैश्विक खतरे से निपटने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है। मॉन्ट्रियल-नयी दिल्ली एअर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या 182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया, जिससे विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। इनमें से अधिकांश भारतीय मूल के कनाडाई थे। इस बम विस्फोट का आरोप सिख आतंकवादियों पर लगाया गया था। यह विस्फोट कथित तौर पर 1984 में स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए किए गए 'ऑपरेशन ब्लूस्टार' के प्रतिशोध में किया गया था। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बम विस्फोट की बरसी पर एक स्मृति कार्यक्रम की योजना बनाई है। वैंकूवर स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने मंगलवार को 'एक्स' पर लिखा, 'भारत आतंकवाद के खतरे का मुकाबला करने में सबसे आगे है और इस वैश्विक खतरे से निपटने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है।'

## ऑफ बीट

# मजे के लिए पक्षियों को तीखे रसायन की तलाश



पक्षियों को विभिन्न कारणों से तीखे रसायनों की तलाश रहती है। कुछ पक्षी सड़े फलों को बड़े चाव से खाते हैं और इसके दुष्परिणाम भुगतते हैं। कुछ पक्षी बदबूदार चींटियों के संपर्क में रहते हैं। ये चींटियाँ उपयोगी रोगाणुरोधी और कीट विकर्षक का उत्पादन करती हैं। हमारे हालिया शोध में, मेरे सहयोगियों और मैंने नॉरफ़ॉक द्वीप के हरे तोतों को शिकार के दौरान अपने पंखों और त्वचा पर काली मिर्च के पेड़ की छाल और कोंपलों लगाते हुए देखा। हमारा मानना है कि यह किसी पक्षी द्वारा परजीवियों से छुटकारा पाने के लिए पौधों के पदार्थ का उपयोग करने का एक दुर्लभ उदाहरण है। लेकिन इसमें और भी कुछ हो सकता है। ऐसा लगता है कि ये पक्षी इस सब में आनंद ले रहे हैं। एक सदी से भी अधिक समय से, वैज्ञानिक चींटी के उद्देश्य पर उलझन में हैं। जब पक्षी इस तरह के व्यवहार में संलग्न होते हैं, तो वे या तो सक्रिय रूप से चींटियों को फैलाते हैं या बस चींटियों को अपने पंखों के माध्यम से चलने देते हैं। बचाव में चींटियाँ फॉर्मिक एसिड छोड़ती हैं। क्या पक्षी इस एसिड से मजा लेते हैं? हो सकता है कि काली मिर्च के पेड़ की छाल का औषधीय प्रभाव भी अधिक हो। इसकी अत्यधिक संभावना है कि ऐसी स्व-चिकित्सा उत्तेजक होती है।

## ट्रेंड

### प्रतिबद्धता दोहराते हैं



विश्व सिकल सेल दिवस पर, हम इस बीमारी पर काबू पाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। पिछले साल, हमने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन शुरू किया था। हम जागरूकता पैदा करने, सार्वभौमिक जांच, जैसे पहलुओं पर काम कर रहे हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### शिक्षा यात्रा के 23 साल पूरे



15,000 किलोमीटर की देशव्यापी 'शिक्षा यात्रा' के समापन के 23 साल पूरे हो गए हैं। हमने मांग की कि मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाया जाए। हमारे प्रयासों के परिणामस्वरूप 2009 में शिक्षा का अधिकार कानून बनाया गया।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

### सदन ज़ोर से नहीं चलेगा



कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि सदन का तापमान बढ़ने वाला है। अब सदन जबरन ज़ोर ज़बरदस्ती से नहीं चलेगा। अब 14 मिनट राहुल गांधी के बोलने पर 11 मिनट स्पीकर नहीं दिखाए जाएंगे। मनबढ़ई और तानाशाही का इलाज जनता ने कर दिया।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### तुरंत सम्मान दें



मेरे गुरु मुझसे कहते हैं, "इस कहावत को स्वीकार न करें कि 'सम्मान अर्जित किया जाता है', बल्कि तुरंत सम्मान दें, और यह व्यक्ति पर निर्भर है कि वह अपने व्यवहार के आधार पर इसे बनाए रखे या खोए।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

**अपने विचार**

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# एडवाइजरी से इतर मालगाड़ी की चौगुनी रफ्तार बनी कंचनजंगा एक्सीडेंट का कारण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

## घायल सहायक लोको पायलट के स्वस्थ होने का है इंतजार ताकि हकीकत बयां हो सके

कंचनजंगा एक्सप्रेस और मालगाड़ी ट्रेन के बीच हुए एक्सीडेंट की शुरुआती जांच रिपोर्ट ये बात सामने आई है कि मालगाड़ी की स्पीड चार गुना अधिक थी।

जब कि उस सेक्शन में एक सिग्नल में खराबी आने की वजह से ड्राइवर को पेपर लाइन क्लियर टिकट के मार्फत ये ताकीद की गई थी कि अगर रास्ता साफ मिले तो 15 किमी की अधिकतम स्पीड लिमिट रखनी है कि और अगर रास्ता क्लियर न मिले तो किसी भी कीमत पर ट्रेन की स्पीड 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से अधिक नहीं होनी चाहिए। ये बात अलग है कि अलग अलग रेल विशेषज्ञ ऐसी रिपोर्ट से इत्तेफाक नहीं रखते। विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी पटरी पर अगर काम चल रहा हो, या सिग्नल में कोई खराबी आई हो तो एक ही ट्रैक पर दो गाड़ियों की आवाजाही सौ फीसदी बंद होनी चाहिए। देर से माल पहुंचे या यात्री, जरूरी ये है कि सुरक्षित अपने गंतव्य तक की यात्रा हो। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से उसी पटरी पर धडधडाती हुई मालगाड़ी ठोंक दिया था जिसके कारण अब तक 10 यात्रियों की जान चली गई है जिसमें मालगाड़ी का एक ड्राइवर भी शुमार हैं। एक सहायक ड्राइवर घायल है। उसी के स्वस्थ होने का इंतजार किया जा रहा है ताकि हकीकत की विस्तार से जानकारी मिल सके।

**शुरुआती जांच रिपोर्ट में हकीकत आई सामने**



### रेलवे बोर्ड ने दी जानकारी

शुरुआती जांच रिपोर्ट की जानकारी साझा करते हुए रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के रंगापानी और छत्तरहाट स्टेशन के बीच गत सोमवार की सुबह 5.55 से सिग्नल सिस्टम में गड़बड़ी पाया गया था। वो ठीक होता इसके पहले ही 1400 यात्रियों से भरी हुई कंचनजंगा एक्सप्रेस को 40-50 की स्पीड से दौडती मालगाड़ी ने पीछे जोरदार धक्का मारा। जिससे कंचनजंगा के गार्ड, मालगाड़ी का ड्राइवर समेत 10 लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र है कि उसी पटरी पर अवध असम एक्सप्रेस, न्यू जलपाईगुड़ी मालदा इंटरसिटी, मिलिट्री स्पेशल और एक मालगाडी समेत कुल पांच गाड़ियों का सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित हुआ है। मालगाडी के ड्राइवर की मौत के बाद वैसे भी इस दुर्घटना में किसी तरह की कोई कार्रवाई किसी पर होनी नहीं है। बस हादसे भविष्य में ऐसे न घटे विस्तार से तहकीकात करने पर उस फार्मूले को पाया जा सकेगा।

## खबर संक्षेप

### आयुष सचिव कोटेचा को तीसरी बार सेवा विस्तार



**नई दिल्ली।** आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा का कार्यकाल एक साल और बढ़ाकर 28 जून, 2025 तक कर दिया है। यह इस पद पर उनका तीसरा सेवा विस्तार है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 28 जून, 2024 से आगे एक वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर आयुष मंत्रालय के सचिव कोटेचा के कार्यकाल में विस्तार को मंजूरी दे दी है।

### जेल में ही रहेंगे सीएम केजरीवाल, हिरासत बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल अभी जेल में ही रहेंगे। केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3जुलाई तक बढ़ा दी गई है।इससे पहले अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। अदालत ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत भी 19 जून तक बढ़ा दी थी।

### सांसद अग्रवाल ने विस से दिया इस्तीफा



**रायपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद सोमवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। अग्रवाल ने पार्टी नेताओं की मौजूदगी में विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह के आवास पर इस्तीफा सौंपा। सिंह ने कहा कि अग्रवाल ने राज्य विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

### एक्टर दर्शन ने कबूला कत्ल का जुर्म



**चेन्नई।** साउथ की फिल्मों के सुपरस्टार दर्शन तुगुदीपा ने गिरफ्तारी के बाद पुलिस के सामने कबूल किया है कि उसने रेणूका स्वामी की हत्या के इस मामले को दबाने के लिए आरोपियों को 30 लाख रुपए दिए थे। अब दर्शन के बयान ने इस बात की तस्दीक कर दी है। इस बीच दर्शन के मैनेजर की भी मौत हो गई है। इसका भी उसी पर हत्या का संदेह है।

### मथुरा में भीषण सड़क हादसे में 3 की मौत



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में एक भीषण सड़क हादसा हो गया है। यहां कार ने एक बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे का संज्ञान लिया है।

---

### इस साल के अंत में राज्य में विधान सभा चुनाव पर विचार-मंथन

# भाजपा हाईकमान ने महाराष्ट्र पर किया मंथन, वर्तमान टीम में नहीं होगा परिवर्तन

### नड्डा और शाह की मौजूदगी में नई दिल्ली में हुई कोर ग्रुप की बैठक, लोकसभा चुनाव के नतीजों, आगामी विधानसभा चुनाव और वर्तमान टीम पर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा महाराष्ट्र में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश संगठन में कोई बदलाव नहीं करेगी। प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले अपने पद पर बने रहेंगे। लोकसभा चुनाव में प्रदेश की ज्यादातर सीटों पर भाजपा, शिवसेना और एनसीपी गठबंधन महायुति की हार के बाद चर्चा थी कि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा हाईकमान कुछ बड़े वर्तमान चेहरों को किनारे कर पार्टी के दूसरे नेताओं को चुनाव की बागडोर सौंप सकती है। नई दिल्ली में मंगलवार देर शाम तक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में हुई महाराष्ट्र भाजपा कोर कमेटी की बैठक में लोकसभा चुनाव के नतीजों की समीक्षा, विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई साथ ही वर्तमान टीम पर भरोसा जताते हुए आगे बढ़ने का फैसला किया गया। बैठक में नड्डा और शाह के अलावा राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल,महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस, प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, पंकजा मुंडे सहित कई नेता मौजूद रहे। इस बैठक के बाद पीयूष गोयल ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष में पार्टी कोई बदलाव नहीं करेगी, न ही कोई नेतृत्व परिवर्तन होगा।

ज्ञात हो कि महाराष्ट्र लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने इस्तीफे की पेशकश की थी। इस बैठक के बाद देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आज हमने लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र का जो परिणाम आया, इस पर चर्चा की। कहां परेशानी हुई, कहां कमी रही उसके साथ साथ विधानसभा चुनाव के ब्लू प्रिंट पर चर्चा की गई। हम सहयोगी दलों से बात कर के चुनाव की तैयारी करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य महाराष्ट्र में महायुती की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाना है।




### मुख्यमंत्री चेहरे पर अभी कोई फैसला नहीं: बावनकुले

महाराष्ट्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ 'महायुति' का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार किसे बनाया जाए, इस बारे में अभी तक कोई बातचीत नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व और गठबंधन के सहयोगी दल इस बारे में फैसला करेंगे। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस राज्य में उनकी पार्टी के नेता रहेंगे। बावनकुले ने कहा कि बैठक में पार्टी नेताओं ने राज्य में भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के महायुति गठबंधन के कमजोर प्रदर्शन पर बात की और इस बारे में भी चर्चा की गई कि विपक्षी गठजोड़ महाविकास आघाड़ी की तुलना में उसका वोट प्रतिशत 0.3 प्रतिशत कम क्यों रह गया? भाजपा को 2019 में 23 सीटें मिली थी वहीं इस बार सिर्फ 9 सीटें ही भाजपा की झोली में आई। बावनकुले ने कहा कि हमने इस बारे में विचार-विमर्श किया कि हम राज्य में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में इस अंतराल को कैसे पाट सकते हैं।

### सिंह, अश्विनी समेत कई शीर्ष नेताओं की राज्यपाल के लिए चर्चा



लोकसभा चुनाव के बाद अब 9 राज्यों में राज्यपालों का कार्यकाल पूरा हो रहा है। राज्यपालों की नियुक्ति को लेकर इस बीच अटकलें भी तेज हैं। भाजपा ने इस बार चुनाव में अपने कई दिग्गज नेताओं को मौका नहीं दिया था। ऐसे में दावा किया जा रहा है कि उन्हें राज्यपाल के पद ऑफर किए जा सकते हैं। हालांकि इस बार भाजपा की सीटें कम हैं, ऐसे में राज्यपाल पद के लिए भाजपा नेताओं की नियुक्ति थोड़ा टेढ़ी खीर जरूर साबित हो सकती है। इस बार 9 राज्यों में राज्यपालों की नियुक्ति को लेकर भाजपा सहयोगी दलों को साथ लिए बिना फैसला नहीं कर सकती है। राज्यपाल पद के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह, अश्विनी चौबे समेत कई बड़े नेताओं के नामों की चर्चा है।

---

### पश्चिम बंगाल में टीएमसी पोषित हिंसा

## भाजपा की जांच टीम ने बंगाल में हिंसा पीड़ितों से की मुलाकात



बिप्लब देब की अगुवाई में कोलकता गई फैक्ट फाइंडिग टीम ने राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस को दी हिंसा की पूरी जानकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सांसद एवं त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब कुमार देब ने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी पोषित हिंसा ने जो तांडव मचाया है उससे मानवता भी शर्मसार हुई है। उन्होंने कहा कि जिस राज्य की मुख्यमंत्री महिला हैं उस राज्य में महिलाएं ही सुरक्षित नहीं हैं और राजनीतिक हिंसा का शिकार हो रही हैं।

देब ने कहा कि कूचबिहार लोकसभा क्षेत्र की अनुसूचित जाति की एक महिला भाजपा कार्यकर्त्ता के साथ हुए बलात्कार ने इंसानियत को तार-तार किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा गठित चार सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग टीम ने राज्यपाल डा. सीवी आनंद बोस से भी मुलाकात की और टीएमसी कार्यकर्ताओं द्वारा की गई बर्बरता के बारे में अवगत कराया। बिप्लब कुमार देब की अगुवाई में गठित टीम में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद, राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी बृजलाल और सांसद कविता पाटीदार शामिल हैं। राजनीतिक हिंसा का शिकार हुए लोगों से मिलने के बाद बिप्लब देब ने कहा कि भाजपा को वोट देने और समर्थन करने वाले कार्यकर्ताओं पर टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने कहर बरसाया है। संदेशखाली में भाजपा कार्यकर्ताओं की दुकानों और अन्य व्यवसायों को जबरदस्ती बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को पानी भी नहीं लेने दिया जा रहा है। बिप्लब देब ने कहा कि टीएमसी के आतंक के कारण दलित समाज के लोग अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि ग्रामीणों का सामान भी टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने लूट लिया। ऐसा हिंसा का तांडव हमने कहीं नहीं देखा, जैसा बंगाल में हो रहा है। पूरा का पूरा गांव खाली हो गया। भाजपा कार्यकर्ता डर के कारण गांव में नहीं आ पा रहे हैं। बिप्लब देब ने कहा कि जनता को ममता बनर्जी और उनकी पुलिस से कोई उम्मीद नहीं है। हम अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को न्याय दिलाने के लिए उनके साथ खड़े हैं और न्याय दिलाकर रहेंगे।

---

**हरियाणा के सीएम नायब सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने दिलाई भाजपा की सदस्यता**

## किरण चौधरी ने बेटी श्रुति के साथ थामा भाजपा का दामन, हुड्डा पर साधा निशाना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

किरण चौधरी और उनकी बेटी श्रुति चौधरी बुधवार को भाजपा में शामिल हो गईं। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ की मौजूदगी में किरण और श्रुति ने भाजपा की सदस्यता ली। किरण ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा में कांग्रेस व्यक्ति केंद्रित पार्टी हो गई है। उन्होंने हुड्डा की तरफ इशारा करते हुए कहा कि उनको मंजूर नहीं कि पार्टी में किसी का कद बढ़े। श्रुति ने कहा है कि हरियाणा कांग्रेस अब पूरी तरह से स्वार्थी हो गई है। इसलिए पार्टी में नहीं रह सकते। मुझे अपने क्षेत्र की जनता की उम्मीदें पूरी करनी हैं। बाद में दोनों ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की।




सैनी ने कहा कि पुत्र-मोह और राजनीतिक जागीरदारी के खिलाफ मजबूत आवाज उठाने वाली हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बंसीलाल की बहू कांग्रेस की दिग्गज नेत्री किरण और उनकी बेटी (पूर्व सांसद) श्रुति का भाजपा परिवार में स्वागत है। किरण तोशाम से विधायक हैं और उनकी बेटी श्रुति भिवानी महेंद्रगढ़ सीट से सांसद रह चुकी हैं। किरण लोकसभा चुनाव में अपनी बेटी को टिकट नहीं मिलने से नाराज हो गई थीं। उनको लगता है कि हुड्डा ने श्रुति का टिकट काटकर राव दान सिंह को दिलवाया, हालांकि भिवानी से राव दान सिंह चुनाव हार गए थे। किरण का कहना था कि टिकट का बंटवारा सही होता तो इस सीट से कांग्रेस जीत सकती थी। यह रार इतनी बढ़ी कि कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। हालांकि लोकसभा चुनाव से पहले भी किरण के भाजपा में शामिल होने की चर्चा थी लेकिन तब उन्हें श्रुतिको भिवानी-महेंद्रगढ़ से कांग्रेस टिकट मिलने की उम्मीद थी। पर उनकी बेटी को टिकट नहीं मिला। उन्हें सैलजा-किरण-रणदीप गुट की मजबूत नेता माना जाता था। किरण और श्रुति हरियाणा में चौधरी बंसी लाल की राजनैतिक विरासत संभाल रही हैं। भाजपा इनके जरिये भिवानी महेंद्रगढ़ इलाके में जाट मतदाताओं में पकड़ मजबूत बनाने की कोशिश में है।

---

### दो दिवसीय होगा तमिलनाडु का उनका यह दौरा, आज होंगे रवाना

## मदुरई में सैनिक स्कूल के बच्चों के साथ योगासन करेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस बार 21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के मौके पर तमिलनाडु के मदुरई में सैनिक स्कूल के बच्चों के साथ योगासन करते हुए नजर आएंगे। मदुरई ही यह यात्रा दो दिवसीय होगी। जिसकी शुरुआत गुरुवार 20 जून को होगी। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि बीते दिनों राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार के तीसरे शपथ ग्रहण समारोह के बाद देश के रक्षा मंत्री के रूप में राजनाथ सिंह ने लगातार दूसरी बार अपना कार्यभार संभाला है। इसके बाद उन्होंने सबसे पहले राजधानी दिल्ली के बाहर नौसेना की विशाखापट्टनम स्थित पूर्वी कमांड का दौरा किया था और अब वह राजधानी के बाहर अपनी दूसरी यात्रा पर योग दिवस के आयोजन में शिरकत करने के लिए तमिलनाडु के मदुरई जा रहे हैं।

### 2023 में विक्रांत पर किया योग

पिछले साल 2023 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कोच्चि में भारतीय नौसेना के पहले स्वदेश में निर्मित विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस 'विक्रांत' पर योगाभ्यास किया था। इसमें उनके साथ तत्कालीन नौसेनाप्रमुख एडमिरल आर.हरिकुमार और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी व कई नौसैन्यकर्मी मौजूद थे। आईएनएस विक्रांत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो सितंबर 2022 को राष्ट्र की सेवा में देश को समर्पित किया था। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर ही दिसंबर 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग दिवस का प्रस्ताव आया था और इसे सर्वसम्मति से पारित किया गया था। इसके बाद ही हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की घोषणा की गई थी।

---

**लंबे समय से राहुल से मिलने की बाट जोह रहे**

## अमितेश शुक्ल की लंबी मुलाकात वेणुगोपाल से, हमसे का भूल हुई, हमें कमतर आंका गया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लंबे समय से राहुल गांधी से मिलने की बाट जोह रहे छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अमितेश शुक्ल ने बुधवार को एआईसीसी संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से लंबी मुलाकात की। कांग्रेस के गढ़ माने जाने वाले राजिम विधानसभा चुनाव में हार के बाद अमितेश शुक्ल को एआईआरसीसी स्तर की कोई सांगठनिक जिम्मेदारी भी नहीं दी गई है। उन्हें इस बात का मलाल रहा है कि संयुक्त मप्र के मुख्यमंत्री रहे उनके पिता श्यामाचरण शुक्ल और चाचा विद्याचरण शुक्ल का विरासत संभालने के बाद भी उन्हें कमतर आंका गया। बड़ी जिम्मेदारी देने से परहेज किया गया। यहां तक कि सबसे ज्यादा वोटों से जीतने के बाद भी भूपेश बघेल सरकार में मंत्री नहीं बनाया गया। राहुल गांधी से मिलकर वे 'मन की बात' करना चाहते हैं, इसीलिए दिल्ली प्रवास पर हैं।

केसी वेणुगोपाल से एआईसीसी में अमितेश शुक्ल मिलने आए तो उनके हाथों में मोटी फाइल थी। वो फाइल क्या थी? इस पर वे हौले से मुसकुरा भर देते हैं। हाल ही में उन पर सरकारी जमीन पर स्वीमिंग पुल बनाने के आरोप लगे हैं। इस संबंध में एआईसीसी में शिकायती पत्र भी पहुंचे हैं। मगर, सच ये भी है कि राजनीति में ऐसे आरोप बहुत मायने नहीं रखते।

### 23 जून से ओडिशा में होंगी विभिन्न विषयों पर परिचर्चाएं

**नई दिल्ली।** हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग का अमृत महोत्सव (75वां) अधिवेशन इस वर्ष 23 से 25 जून तक ओडिशा के कोरापुट में होगा। सम्मेलन का उद्घाटन 23 जून को सायं 5 बजे होगा। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व प्रति कुलपति प्रो. आरएस सर्राजु होंगे। सभापति केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के निदेशक प्रो. सुनील बाबुराव कुलकर्णी होंगे।24 एवं 25 जून को साहित्य परिषद, राष्ट्रभाषा परिषद एवं समाजशास्त्र परिषद में विभिन्न विषयों पर परिचर्चाएं होंगी। इसकी स्थापना 1910 में हुई थी और इसके प्रारंभिक सभापतियों में पंडित मदन मोहन मालवीय और महात्मा गांधी भी शामिल हैं।

---

### इंडिया गठबंधन दिखाएगा ताकत

## संसदीय सत्र के लिए विपक्ष के तरकश में कई तीर, 'आक्रमण' होगा जोरदार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विपक्षी दलों ने संसद के लिए सवालों के तीर अपनी तरकश में सजा लिए हैं। संसद का संक्षिप्त सत्र इस बार विपक्षी ताकत का प्रतीक बने, इंडिया गठबंधन की पूरी कोशिश होगी।

यही वजह है कि नीट एग्जाम में हुई भारी गड़बड़ियों के मसौदे को विपक्षी दलों ने अपने टॉप एजेंडे में रखा है। कांग्रेस पार्टी ने एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि भले ही मामला सुप्रीम कोर्ट में हो, मगर केंद्र सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकती। प्रधानमंत्री को संसद में तो जवाब देना ही होगा। आखिर मामला देश के 24 लाख युवाओं से जुडा है। उन्होंने कहा, पहले शिक्षा मंत्री कहते हैं कि नीट परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं हुई। बाद में यूटर्न लेते हुए कहते हैं कि गड़बड़ी हुई।

आखिर ये चल क्या रहा है? संसद के मार्फत केंद्र सरकार से, प्रधानमंत्री से जवाब मांगा जाएगा। इसके साथ ही एग्जिट पोल के दिन जिस तरह भारी बहुमत से मोदी सरकार की वापसी दिखाकर कथित तौर पर स्टॉक घोटाला हुआ, उसकी जांच जेपीसी से कराए जाने की मांग, कांग्रेस पार्टी समेत अन्य विपक्षी दल मुख्य रूप से करने वाले हैं। इसके बाद लगातार बढती बेरोजगारी और महंगाई-आंकड़ों के हवाले से ट्रेजरी बेंच को घेरने की पुरजोर कोशिश होगी। लोकसभा की कार्यवाही 24 जून से शुरू होगी जब बारी बारी से नए सांसदों का शपथ ग्रहण कराया जाएगा। राज्यसभा की कार्यवाही 27 से शुरू होगी। दोनों सदन 3 जुलाई तक चलेगा। संसदीय सत्र से पहले विपक्ष का नेता कौन होगा? क्या राहुल गांधी इस पद को स्वीकार करेंगे या किसी और का नाम आगे बढ़ाएंगे? सत्र से पहले ये भी तय हो जाएगा।

# देश में एटीएम की किल्लत, परेशान बैंकों ने आरबीआई का दरवाजा खटखटाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में एटीएम की किल्लत हो गई है। इसे लेकर सभी बैंक परेशान हैं। बैंकों ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और केंद्र सरकार के समक्ष यह मसला उठाया है। बैंकों का कहना है कि उन्हें इन मशीनों को हासिल करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सभी बैंकों ने सरकार से ई मार्केट प्लेस से खरीद के नियमों को स्पष्ट करने की मांग की है। सूत्रों के हवाले से आई इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पिछले महीने हुई बैठक में बड़े बैंकों के प्रतिनिधियों ने कहा कि कई मसलों पर बातचीत हुई थी। इसी दौरान एटीएम की कमी का मसला भी उठाया गया।

## बैंकों को मशीनें हासिल करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा

### मेक इन इंडिया गाइडलाइन्स को जिम्मेदार ठहरा रहे बैंक

रिपोर्ट के अनुसार, एटीएम वेंडर्स इस किल्लत के लिए वित्त वर्ष 2020 में लागू किए गए मेक इन इंडिया गाइडलाइन्स को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। इनके चलते वेंडर्स को भारत में अपने ऑपरेशंस शुरू करने में काफी समय लग गया। कई एटीएम वेंडर्स भारत में रजिस्टर्ड भी नहीं हैं। इसलिए बैंक चाहते हैं कि खरीद के नियमों को सरकार की ओर से स्पष्ट किया जाए ताकि आगे जाकर उन पर कोई रेगुलेटरी एक्शन न लिया जाए। बैंक चाहते हैं कि यदि सभी गाइडलाइन्स का पालन होता है तो उन्हें एटीएम के लिए इंडिपेंडेंट प्रपोजल जारी करने की अनुमति दी जानी चाहिए।




### जीईएम पोर्टल पर डिमांड की उम्मीद

एटीएम कमी के चलते हमारे ऊपर जुर्माना लगाने के साथ ही रेगुलेटरी एक्शन लिए जा सकते हैं। उधर, सीएमएस इंफो सिस्टम्स के प्रेसिडेंट मंजुनाथ राव ने कहा कि बैंक, एटीएम के अलावा कैश रीसाइक्लिंग मशीनें भी लगा रहे हैं। इसके चलते जीईएमपोर्टल पर डिमांड बढ़ने की उम्मीद है।

### एटीएम मशीनों की डिमांड में आएगी तेजी

इस समय बैंक एटीएम में लॉक करने योग्य कैसेट सिस्टम लागू करने जा रहे हैं। मगर, बैंकरों ने कहा है कि एटीएम की कमी के चलते उनके कारोबार पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। बैंक अधिकारियों के अनुसार, यह बदलाव कई स्टेज में किया जाना था। लेकिन, हम लक्ष्य से काफी पीछे हो गए हैं।

## बीते वित्त वर्ष में डिजिटल कर्ज 49 फीसदी बढ़ा

**मुंबई।** डिजिटल ऋण देने वाली 37 सदस्य इकाइयों ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1.46 लाख करोड़ रुपये के कर्ज दिए और इसमें सालाना आधार पर 49 प्रतिशत की वृद्धि हुई। डिजिटल ऋण को लेकर व्यापक चिंताओं के बीच उद्योग निकाय फिनटेक एसोसिएशन फॉर कंज्यूमर एम्पावरमेंट (एफएसीई) ने यह जानकारी दी।

**PUBLIC NOTICE**

My Husband Late Sh. Udham Singh S/o Sh. Shri Pal R/o 130, Baidpura, Dadri, Gautam Buddha Nagar, UP, booked a plot no- R001B00173 Supertech Golf country TS - 5, Sector 22D Yamuna Expressway Gautam Buddha Nagar UP-201303, I requested to M/s Supertech Township Project Ltd to transfer the said plot on my name alone, If anybody has any objection, he/she may contact to M/s Supertech Township Project Ltd office at Plot No C-2, Sector 96, Noida, Uttar Pradesh 201303 within 15 days of the Published notice .

*Rajni Devi*

## साकार हो चुके आंकड़े इस साल वर्ल्ड फूड इंडिया में

# वर्ल्ड फूड इंडिया कार्यक्रम में निवेश के सत्यापित आंकड़े ही दिए जाएंगे: चिराग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने बुधवार को कहा कि सरकार पूरी तरह सत्यापित और जमीनी स्तर पर साकार हो चुके निवेश आंकड़ों को ही इस साल 'वर्ल्ड फूड इंडिया' कार्यक्रम में जारी करेगी। पासवान ने राष्ट्रीय राजधानी में 19-22 सितंबर को आयोजित होने वाले वर्ल्ड फूड इंडिया कार्यक्रम के तीसरे संस्करण के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि सरकार इस बार निवेश के बारे में अतिरंजित आंकड़े साझा करने से परहेज करेगी।*

खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय का कार्यभार संभालने वाले पासवान ने इस कार्यक्रम के पिछले दो संस्करणों में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में किए गए निवेश की स्थिति पर जताई जा रही चिंताओं को दूर करने की कोशिश की।

### उसी निवेश का उल्लेख जो शुरू किए जा सकते हैं

पिछले दो संस्करणों में किए गए निवेश दावों की स्थिति के बारे में पूछे गए सवाल पर पासवान ने कहा, 'समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर से निवेश का वादा किया जाता है और उसपर अमल की एक अवधि होती है। उसके बाद ही हमें पता चल पाता है कि जमीन पर कितना निवेश हुआ है। अब से हम निवेश की बात करते समय उन निवेश का ही उल्लेख करेंगे जिन्हें शुरू किया जा सकता है।'

### निवेश के आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर नहीं देंगे

पासवान ने तीसरे संस्करण के लिए एक मोबाइल ऐप और वेबसाइट को जारी करते हुए कहा, ''हम बहुत स्पष्ट हैं कि आपके सामने निवेश के ऐसे बड़े आंकड़े नहीं रखेंगे जो शुरू नहीं हुए हैं। मैं, मेरी पूरी टीम और मंत्रालय इस बात को लेकर स्पष्ट हैं कि हम निवेश के आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर नहीं देंगे। इसलिए मैंने आपके सामने तब तक कोई आंकड़ा नहीं बताया जब तक कि हम उन्हें पूरी तरह से सत्यापित नहीं कर लेते।''

- 19 से 22 दिसंबर में राजधानी दिल्ली में
- निवेश के अतिरिक्त आंकड़े जारी करने से रोकेंगी



***भारत अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करता है***

*केंद्रीय मंत्री के तौर पर अपनी पहले संवाददाता सम्मेलन में पासवान ने भारतीय खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की अप्रयुक्त क्षमता का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ल्ड फूड इंडिया कार्यक्रम भारत की ताकत को प्रदर्शित करने और विचारों, नवाचार, प्रौद्योगिकी एवं निवेश का आदान-प्रदान करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करता है।*

### पहले संस्करण में 11.25 अरब डॉलर निवेश आकर्षित

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, वर्ल्ड फूड इंडिया कार्यक्रम के वर्ष 2017 में आयोजित पहले संस्करण में सरकार ने 11.25 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित किया था जबकि 2023 में आयोजित दूसरे संस्करण में निवेश का आंकड़ा 3.98 अरब डॉलर का था।

### प्रसंस्करण इकाइयां लगाने पर जोर

केंद्रीय मंत्री ने किसानों और खेतिहर समुदाय को बेहतर लाभ सुनिश्चित करने और फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने के लिए खेतों के पास ही प्रसंस्करण इकाइयां लगाने की जरूरत पर बल दिया। इस दौरान खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग सचिव अनीता प्रवीण और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

### खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की क्षमता का उपयोग नहीं

पासवान ने कहा, 'आज तक हमने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की अपनी क्षमता का 10 प्रतिशत भी इस्तेमाल नहीं किया है। वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए इस क्षेत्र का योगदान महत्वपूर्ण होगा।'

## इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने विदेशों से भारत में धनप्रेषण सेवा शुरू की




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने यूरोनेट के रिया मनी ट्रांसफर के साथ साझेदारी में विदेशों से भारत में धनप्रेषण शुरू कर दिया है। आईपीपीबी के एक सीनियर ऑफिसर ने यह जानकारी दी। आईपीपीबी के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) आर विश्वेश्वरन ने कहा कि विदेश से धन पाने वाले शख्स को खाते में राशि आने पर कोई शुल्क नहीं देना होगा और केवल सेंडर (प्रेषक) को ही रिया मनी को पैसे भेजने का चार्ज देना होगा।आर विश्वेशरन ने कहा कि हमारा उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं से वंचित और कम बैंकिंग सेवाओं के दायरे में शामिल लोगों की अड़चनों को दूर करना है। हम अब रिया मनी ट्रांसफर के साथ साझेदारी में 25,000 स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय धनप्रेषण सेवा शुरू कर रहे हैं। इसे धीरे-धीरे बढ़ाकर 1.65 लाख से अधिक स्थानों वाले हमारे समूचे नेटवर्क को शामिल कर लिया जाएगा।

**भारतीय रेल**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2018/ट्रैक–I(पी)/आरएसपी–ईयूआर/वॉल्.। दिनांक : 19.06.2024

**शुद्धिपत्र सं. 5**

विषय : लॉन्ग रेल एक्सचेंज (अनलोडिंग एवं लोडिंग) सिस्टम और 05 (पांच) वर्ष के लिए इसकी वार्षिक अनुरक्षण संविदा (भारतीय रेल द्वारा मौजूदा ईयूआर उपलब्ध कराए जाने हैं) की आपूर्ति हेतु ई–निविदा सं. टीकेपी–1–2024.

इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे शुद्धिपत्र के ब्यौरों के लिए http://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।

(आलोक कुमार)
कार्यपालक निदेशक/रेलपथ (पीएंडपी)
कमरा नं. 256–डी, रेल भवन,
नई दिल्ली – 110001
फोन : 011–23304852
ई मेल: alokkumar.g@gov.in

1845/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक**
(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

**शैक्षणिक वर्ष 2024-25 हेतु प्रवेश सूचना**
(विज्ञा. पीआर सं. –13 ऑफ 2024)

शैक्षणिक सत्र 2024–25 हेतु विश्वविद्यालय अध्यापन विभागों और एमडीयू-सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड अलाइड स्टडीज (सीपीएएस), गुरुग्राम द्वारा प्रस्तावित 2–वर्षीय पीजी प्रोग्राम्स, 3–वर्षीय एलएल.बी. (ऑनर्स) और बी.पी.एड. प्रोग्राम्स के लिए प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन जमा हेतु पोर्टल का खुलना : 11.06.2024
आवेदन जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि : 25.06.2024

पात्रता शर्तों, सीटों की संख्या, शुल्क और अन्य विवरण हेतु, कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट अर्थात www.mdu.ac.in पर उपलब्ध 2024–25 की विवरणिका ध्यानपूर्वक पढ़ें।

अद्यतन जानकारी / परिवर्तन, यदि कोई हो, विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अधिसूचित किये जाएंगे।

संवाद–1235/11/132/2025/26949/सी/88/7 दि. 19.06.24 रजिस्ट्रार

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सोने में 80 रुपये की तेजी चांदी 100 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोना 80 रुपये मजबूत होकर 72,430 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। मंगलवार को सोना 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।चांदी की कीमत भी 100 रुपये की तेजी के साथ 91,400 रुपये प्रति किलो हो गयी। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,300 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,430 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहीं। यह पिछले बंद भाव से 80 रुपये अधिक है।' अंतरराष्ट्रीय जिंस बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,327 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जो पिछले बंद भाव से आठ डॉलर अधिक है।


## सेंसेक्स 36 अंक चढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर



**मुंबई।**स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 36 अंक की बढ़त के साथ नये शिखर पर पहुंच गया जबकि एनएसई निफ्टी नुकसान में रहा।

कारोबार के दौरान एक समय दोनों सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गये थे लेकिन बाद में किसी ठोस संकेत के अभाव में मुनाफावसूली होने से नीचे आ गए। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों, पूंजीगत वस्तुओं और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली हुई। वहीं बैंक और वित्तीय शेयरों में लिवाली देखने को मिली। बीएसई के 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 36.45 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ नये शिखर 77,337.59 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 41.90 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,516 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 106.1 अंक की बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 23,664 पर चला गया था।

**गुमशुदा की तलाश**




सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **विवेश कुमार ऊर्फ पाप्पे, पुत्रः अनतराम, पताः मकान नं. बी–793, गली नं. 14, मदनपुर खादर एक्स., दिल्ली जोकि दिनांक 09.05.2024 को प्रातः 11:30 बजे अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 12A, दिनांक 10.05.2024** पुलिस थाना कालिन्दी कुन्ज, नई दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा व्यक्ति की पहचान दी गई है:


**नामः विवेश कुमार ऊर्फ पाप्पे, उम्रः 26 वर्ष, कदः 5'8'' (लगभग), रंगः सांवला, बनावटः मध्यम, चेहराः लम्बा, मानसिकताः असामान्य, पहनावाः पीले रंग की टी–शर्ट, काले रंग का पजामा, पीली टोपी और पैरों में काले रंग की चप्पल।**

अगर किसी को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृप्या पुलिस थाना कालिन्दी कुन्ज, नई दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।
वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फोनः 011–24368638/24368641, फैक्सः 011–24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना कालिन्दी कुन्ज, नई दिल्ली
फोनः 8010704834, 8750870922

DP/7377/SE/2024


## राशिफल


**मेष** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**वृष** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।


**मिथुन** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।


**कर्क** आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।


**सिंह** आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।


**कन्या** मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।


**तुला** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।


**वृश्चिक** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**धनु** आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।


**मकर** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन–सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।


**कुंभ** मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।


**मीन** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## खाद्य वस्तुओं के बढ़ रहे दाम चिंता का विषय: आरबीआई

**मुंबई (भाषा)।** खुदरा महंगाई धीरे-धीरे कम हो रही है लेकिन लेकिन खाद्य वस्तुओं की ऊंची और अस्थिर कीमतें मुद्रास्फीति में कमी के रास्ते में बाधा बन रही है। भारतीय रिजर्व बैंक की बुधवार को जारी बुलेटिन में यह कहा गया। 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' शीर्षक से जून, 2024 के बुटेलिन में प्रकाशित लेख में कहा गया कि 2024 की पहली तिमाही में वैश्विक वृद्धि मजबूत थी और कई केंद्रीय बैंकों ने अपने-अपने देशों में मुद्रास्फीति में गिरावट को देखते हुए कुछ नरम मौद्रिक नीति की ओर रुख किया है। उच्च आवृत्ति वाले संकेतक (जीएसटी संग्रह, बिजली खपत, माल ढुलाई, पीएमआई आदि) बताते हैं कि भारत में वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर मोटे तौर पर उससे पिछली तिमाही में हासिल की गई गति को बनाए रखेगी। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबव्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम के लिखे इस लेख में कहा गया है कि इसके अलावा, दक्षिण-पश्चिम मानसून के समय से पहले आने से कृषि की संभावनाएं सकारात्मक हो रही हैं।

## के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड डिज़ाइन ने करवाया इको क्राफ्ट

**नई दिल्ली।** ट्रांसफॉर्मिंग ट्रैश इंटो ट्रेजर इवेंट, जो के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड डिजाइन के सी 211 में अभिकल्पक गुलनाज और अयान चटर्जी के साथ आयोजित किया गया, का उद्देश्य प्रतिभागियों को रचनात्मक तरीकों से कचरे की सामग्री को पुनः उपयोग करने के लिए प्रेरित करना था, जिससे पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा मिले। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुनर्चक्रण के महत्व के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना था, और यह दिखाना था कि अवांछित सामग्री से कितने रचनात्मक और उपयोगी उत्पाद बनाए जा सकते हैं। इस कार्यक्रम ने जिम्मेदार उपभोग और कचरा प्रबंधन की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इंटरैक्टिव गतिविधियों और शैक्षिक सत्रों के माध्यम से पर्यावरणीय चेतना की आदतों के संभावित लाभों को उजागर किया। इसने प्रतिभागियों की रचनात्मकता और पर्यावरण-अनुकूल डिज़ाइन में नवीनता को प्रेरित करने का लक्ष्य रखा, जिससे पर्यावरणीय संरक्षण के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को बढ़ावा मिले। यह कचरे की सामग्री को नए और रचनात्मक तरीकों से पुनः उपयोग करके पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया था। प्रतिभागियों ने कई व्यावहारिक अभ्यासों और सेमिनारों में भाग लिया, जिसमें कचरे को उपयोगी उत्पादों में बदलने के रचनात्मक तरीकों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर शैक्षिक कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य पुनर्चक्रण और जिम्मेदार कचरा प्रबंधन के महत्वपूर्ण महत्व के बारे में सार्वजनिक ज्ञान को बढ़ाना था, विशेष रूप से इन प्रथाओं के पर्यावरण पर महत्वपूर्ण प्रभाव को ध्यान में रखते हुए।

## वोडाफोन ने इंडस टावर्स में 18 फीसदी हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की दूरसंचार कंपनी वोडाफोन ने टावर कारोबार से जुड़ी इंडस टावर्स में 18 प्रतिशत हिस्सेदारी 1.7 अरब यूरो (15,300 करोड़) में बेच दी है। वोडाफोन ने कहा कि वह इस राशि के बड़े हिस्से का उपयोग भारत में कंपनी की परिसंपत्तियों के एवज में बैंक से लिए गए 1.8 अरब यूरो के बकाया ऋण का भुगतान करने में करेगी। वोडाफोन ने कहा, "वोडाफोन ग्रुप पीएलसी ने इंडस टावर्स लिमिटेड में 48.47 करोड़ शेयर बेच दिए। ये शेयर इंडस की शेयर पूंजी का 18 प्रतिशत हैं। कंपनी ने कहा, "इस बिक्री से 153 अरब रुपये (1.7 अरब यूरो) की सकल आय हुई है। इस राशि का विशेष तौर पर इस्तेमाल वोडाफोन की भारतीय परिसंपत्तियों पर बैंकों से लिए गए 1.8 अरब यूरो के बकाया कर्ज को चुकाने में किया जाएगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **राहुल उर्फ मोनू पुत्रः** सुरेश **पताः** सी–3/580, नन्द नगरी, दिल्ली ने **FIR No. 16/2021, dated 07.01.2021 U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना नन्द नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ मोनू**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ मोनू**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ मोनू**, केस **FIR No. 16/2021, dated 07.01.2021 U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना नन्द नगरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.08.2024** को या उससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
अरिदमन सिंह चीमा
महानगर दण्डाधिकारी–03, शाहदरा
कमरा नंबर 19, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/7152/NE/2024
(Court Matter)

## शब्द पहेली - 5547



**बाएँ से दाए**
1.अनाथालय-5
4.जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7.कमरा,रूम-2
8.फिजूल-3
9.अंग्रेजी शराब-2
10.अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11.लक्ष्मी,कमला-2
13.ध्वनिहीनता,शांति-4
14.देवता,देव-2
16.प्रणाम,नमस्कार-3
18.रुधिरहीन,कमजोर-3
19.प्रस्थान करना-3,2
21.पालने वाला,ईश्वर-5
24.प्रेम,चाहना-3
26.वन,अरण्य,जंगल-3
28.विदेशी मदिरा-2
29.छिड़कना-4
30.धूल,मिट्टी-2
32.अंगीकार करना-4
33.छापा,सतत वर्षा-2
35.विरुद्ध-3
36.सुबह,प्रातःकाल-2
37.जोकर,विदूषक-4
38.संन्यासी,साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2.उदारता,बड़प्पन-4
3.पत्नी का नाना-2,3
4.दसवीं राशि -3
5.बहादुर,निडर-2
6.एक मुस्लिम महीना-4
7.कहानी लेखक-5
10.नाव चलाना-2,2
12.सम्मान-2
15.मारकाट,खून खराबा-4
17.पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18.कुकर्म,दुष्कर्म-4
20.गाड़ी,यान-3
22.इंकार करना-4
23.रचना करनेवाला, रचयिता -5
25.जीवनसाथी-5
26.कारोबार,व्यवसाय-4
27.मादा का विलोम-2
29.निर्झरणशील-4
31.ढेर,काफी सारा (उर्दू-3)
34.मजा,आनंद-2
36.भोगने वाला,कामी-2

**शब्द पहेली - 5546 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | स | ह | नी | य | | | क | लि | का | |
| प | र | | ला | | सा | ग | र | | बु | आ |
| ह | | | प | ह | रा | | ण | | | खे |
| र | स | खा | न | | | म | | क | प | ट |
| ण | | लि | | न | भ | च | र | | रा | |
| | आ | स | | सी | | ल | | ग | स्त | |
| | रा | | प | ह | न | ना | | रु | | ड |
| शा | म | त | | त | | | ता | र | ता | र |
| य | | | तै | | जा | हि | र | | | ल |
| द | म | | र | सी | ला | | पी | | ज | ग |
| | न | गी | ना | | | म | न | भ | र | ना |



# डिकॉक का अर्धशतक, द. अफ्रीका 18 रन से जीता

भाषा ▶▶| नॉर्थ साउंड

दक्षिण अफ्रीका ने सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (74 रन) के धमाकेदार अर्धशतक और कप्तान एडेन मार्कराम के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए 60 गेंद में 110 रन की साझेदारी से बुधवार को यहां टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के ग्रुप दो के अपने शुरूआती मैच में अमेरिका को 18 रन से शिकस्त दी। ग्रुप चरण के सभी मैच जीतने वाली दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 194 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पहली बार टूर्नामेंट के नॉकआउट में खेल रही अमेरिका की टीम की दाद देनी होगी जो एंड्रीयस गौस (नाबाद 80 रन, 47 गेंद) के अर्धशतक की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को चुनौती देने की स्थिति में पहुंच गयी थी लेकिन उसे दूसरे छोर पर विकेट गिरने का खामियाजा भुगतना पड़ा। इससे टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन बनाकर हार गयी। 'मैन ऑफ द मैच' रहे डिकॉक ने धीमी और स्पिनरों के लिए मुफीद मानी जा रही पिच पर अमेरिका के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 40 गेंद की पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाकर टूर्नामेंट में अपना पहला अर्धशतक जड़ा। शीर्ष क्रम में डिकॉक की आतिशी पारी के अलावा मार्कराम ने 32 गेंद में चार चौके और एक छक्के से 46 रन का योगदान दिया जिससे दक्षिण अफ्रीका को ग्रुप चरण में शीर्ष क्रम के फ्लाप शो की चिंता दूर करने में मदद मिली। अंत में हेनरिच क्लासेन ने नाबाद 36 रन और ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 20 रन बनाकर पांचवें विकेट के लिए 53 रन की नाबाद साझेदारी निभायी। अमेरिका के लिए सौरभ नेत्रवलकर ने 21 रन देकर और हरमीत सिंह ने दो दो विकेट चटकाये। सह मेजबान अमेरिका ने लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज स्टीवन टेलर (24 रन) का विकेट गंवा दिया जिन्हें कागिसो रबाडा (18 रन देकर तीन विकेट) ने ऊंचा खेलने के लिए उकसाया और हेनरिच क्लासेन उनका कैच लपक लिया। गौस एक छोर पर टिके थे। नीतिश कुमार (08) के पावरप्ले के अंतिम ओवर में रबाडा की गेंद पर आउट होने के बाद कप्तान आरोन जोंस खाता भी नहीं खोल सके और केशव महाराज (24 रन देकर एक विकेट) का शिकार बने। एनरिच नोर्किया (37 रन देकर एक विकेट) ने फिर कोरी एंडरसन (12 रन) को बोल्ड किया। शायन जहांगीर (03) के आउट होने के बाद गौस और हरमीत सिंह (38 रन, 22 गेंद, दो चौके, तीन छक्के) मिलकर अच्छा खेल रहे जिससे उम्मीद बंधी हुई थी। रबाडा ने 19वें ओवर में शानदार गेंदबाजी करते महज दो रन देकर हरमीत का विकेट झटका। इससे इन दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 43 गेंद में 91 रन की साझेदारी खत्म हुई। यह अमेरिका की टूर्नामेंट में छठे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी भी है। इससे पहले डिकॉक ने दक्षिण अफ्रीका की धीमी शुरुआत के बाद आक्रामक होना शुरू किया। टीम ने रीजा हेंड्रिक्स (11) का विकेट पावरप्ले में गंवा दिया जो नेत्रवलकर का शिकार हुए।

■ विश्व कप सुपर आठ के पहले मुकाबले में अमेरिका को 18 रन से हराया, 195 चेज कर रही अमेरिका 176 रन ही बना पाई



# भारत और अफगानिस्तान में सुपर-8 जंग आज

एजेंसी ▶▶| ब्रिजटाउन

भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में उतरेगी। भारत की नजरें काफी समय से खामोश पड़े विराट कोहली के बल्ले पर होगी। भारतीय टीम संयोजन को लेकर काफी चर्चा हो रही है। भारत ग्रुप चरण की टीम में कोई बदलाव नहीं करेगा या किसी विशेषज्ञ तेज गेंदबाज की जगह पिछले एक साल से अधिक समय से अपने सर्वश्रेष्ठ स्पिनर को टीम में जगह देगा। टूर्नामेंट की शुरुआत में कप्तान रोहित शर्मा ने चार हरफनमौलाओं (हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा) को अंतिम एकादश में रखने पर जोर दिया था।

### पिच से स्पिनरों को मिलेगी मदद

कुलदीप को टीम में लाने के लिए मोहम्मद सिराज या अर्शदीप सिंह को बाहर रखना होगा। ऐसा होने पर सिराज को बाहर रहना पड़ सकता है। भारतीय टीम के दो अभ्यास सत्रों को देखें तो पिच से स्पिनरों को मदद मिलने के कारण कुलदीप का दावा पुख्ता होता है।

### फार्म में नहीं कोहली

भारतीय प्रशंसकों की नजरें कोहली पर लगी होंगी जो अभी तक इस टूर्नामेंट में दोहरे अंक तक नहीं पहुंचे हैं। न्यूयॉर्क में वह अपनी चिर परिचित शैली से कामयाब नहीं रहे लेकिन वेस्टइंडीज में उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप



### ओलंपिक के बाद डॉक्टर की सलाह लेंगे नीरज

**तुर्कु।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भारतीय भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा है कि वह पेरिस ओलंपिक के बाद 'एडक्टर' (जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशियों) में होने वाली तकलीफ के इलाज के लिए डॉक्टरों से सलाह लेंगे। एक महीने के ब्रेक के बाद ट्रैक और फील्ड पर लौटे चोपड़ा ने पावो नुरमी खेलों में तीसरे प्रयास में 85.97 मीटर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। चोपड़ा ने पिछले महीने एहतियात के तौर पर ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से नाम वापिस ले लिया था चूंकि वह जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में असहज महसूस कर रहे थे।

### अल्काराज की क्वींस क्लब के पहले दौर में शानदार जीत

**लंदन।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने क्वींस क्लब में पहले मैच में फ्रांसिस्को सेरूंडोलो को 6-1, 7-5 से हराकर ग्रासकोर्ट सत्र का जीत के साथ आगाज किया जबकि एंडी मर्रे ने टूर स्तर पर 1000वां मैच जीता।



फ्रेंच ओपन खिताब विजेता अल्काराज का ग्रासकोर्ट पर जीत का अभियान 13 मैचों का हो गया है।उन्होंने पिछले साल क्वींस क्लब खिताब जीतने के बाद विम्बलडन फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया। अब उनका सामना जैक ड्रेपर से होगा। पांच बार के चैंपियन मर्रे ने अलेक्जेइ पोपिरिन को 6-3, 3-6, 6-3 से मात दी। दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनौर को लोरेंजो मुसेत्ती ने 1-6, 6-4, 6-2 से हराया। टेलर फ्रिट्ज, टॉमी पॉल और सेबेस्टियन कोरडा भी दूसरे दौर में पहुंच गए।

### सुपर-8 : कैटलबोरो और इलिंगवर्थ होंगे अंपायर

**दुबई।** इंग्लैंड के रिचर्ड कैटलबोरो और रिचर्ड इलिंगवर्थ भारत और आस्ट्रेलिया के बीच 24 जून को होने वाले टी20 विश्व कप ग्रुप एक के सुपर आठ मुकाबले में अंपायरिंग करेंगे।



भारत के गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ पहले सुपर आठ मैच में आस्ट्रेलिया के रॉडनी टकर और पॉल रीफेल अंपायर होंगे जबकि डेविड बून मैच रैफरी होंगे। बांग्लादेश के खिलाफ 22 जून को होने वाले भारत के मैच में इंग्लैंड के माइकल गॉफ और दक्षिण अफ्रीका के एड्रियन होल्डस्टॉक अंपायरिंग करेंगे।

### बांग्लादेश के गेंदबाज तंजीम पर जुर्माना

**दुबई।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तंजीम हसन साकिब पर टी20 विश्व कप ग्रुप डी के आखिरी लीग मैच में नेपाल के कप्तान रोहित पौडेल से झड़प के बाद 'अनुचित शारीरिक संपर्क' के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना नेपाल की पारी के तीसरे ओवर की है जब तंजीम गेंद डालने के बाद आक्रामक अंदाज में पौडेल की तरफ बढ़े और अनुचित रूप से शारीरिक संपर्क भी किया। तंजीम ने मैच में सात रन देकर चार विकेट लिए और बांग्लादेश को 21 रन से जीत दिलाई।

**दो शतक की बदौलत भारत ने 50 ओवर में तीन विकेट गंवाकर बनाए 325 रन**

## वनडे : कप्तान और उपप्तान ने की 171 रन की साझेदारी

# मंधाना का रिकॉर्ड लगातार दूसरा शतक, हरमनप्रीत 103 पर नाबाद

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में स्मृति मंधाना ने शतक जड़ा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले वनडे में भी उन्होंने 117 रन की पारी खेली थी। अब लगातार दूसरा शतक जड़कर उन्होंने इतिहास रच दिया है। मंधाना ने 120 गेंद में 18 चौके और दो छक्के की मदद से 136 रन की पारी खेली। वहीं, उपकप्तान के अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी शतक लगाया। वह 88 गेंद में नौ चौके और तीन छक्के की मदद से 103 रन बनाकर नाबाद रहीं। इन दो शतक की बदौलत भारत ने 50 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 325 रन बनाए।

मंधाना वनडे में लगातार दो शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी और ओवरऑल 10वीं महिला खिलाड़ी बन गईं। इन 10 खिलाड़ियों ने मिलकर 11 बार ऐसा किया है। मंधाना से पहले एमी सैथटरवेट, जिल केन्नारे, डेबोरा हॉकी, केएल रॉन्टन, मेग लैनिंग, टैमी ब्यूमोंट, एलिसा हीली, नेट शीवर ब्रंट और एल वोल्वार्ड्ट ऐसा कर चुकी हैं। मंधाना का यह वनडे करियर का सातवां शतक रहा। उन्होंने दिग्गज मिताली राज के वनडे में सात शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की। वह अब मिताली के साथ वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाली भारतीय खिलाड़ी के मामले में शीर्ष पर हैं।



### 84 वनडे में की रिकार्ड की बराबरी

यह भी गौर करने वाली बात है कि मंधाना ने सात शतक 84 वनडे पारियों में लगाए हैं। वहीं, मिताली को इसके लिए 211 वनडे पारियां खेलनी पड़ी थीं। मंधाना के सातों शतक ओपनिंग करते हुए आए हैं। इससे पहले भारत की किसी भी ओपनर ने दो से ज्यादा शतक नहीं लगाए थे। मंधाना की 136 रन की पारी वनडे में किसी भारतीय महिला खिलाड़ी द्वारा भारतीय सरजमीं पर उच्चतम स्कोर है।

### हरमनप्रीत की छठी वनडे सेंचुरी



मंधाना के अलावा कप्तान हरमनप्रीत ने वनडे करियर का छठा शतक जड़ा। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम को 38 के स्कोर पर पहला झटका लगा था। शेफाली वर्मा 38 गेंद में 20 रन बनाकर आउट हुई थीं। वहीं, हेमलता ने 24 रन की पारी खेली। इसके बाद मंधाना ने हरमनप्रीत के साथ मिलकर 171 रन की साझेदारी निभाई। मंधाना को मलाबा ने पवेलियन भेजा। इसके बाद हरमनप्रीत ने ऋचा घोष के साथ चौथे विकेट के लिए 54 रन की नाबाद साझेदारी निभाई। ऋचा 13 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाकर नाबाद रहीं। दक्षिण अफ्रीका की ओर से मलाबा ने दो विकेट लिए, जबकि क्लास को एक विकेट मिला। पहला वनडे भारत ने 123 रन से अपने नाम किया था।

**सबसे ज्यादा शतक**
(भारतीय महिला खिलाड़ी)

| खिलाड़ी | शतक |
|---|---|
| स्मृति मंधाना | 7 |
| मिताली राज | 7 |
| हरमनप्रीत कौर | 6 |
| पूनम राउत | 3 |

## यूरो 2024

# पुर्तगाल का जीत के साथ आगाज



एजेंसी ▶▶| लीपजिग

स्टॉपेज टाइम में सब्स्टीट्यूट फ्रांसिस्को कोंसिकाओ के गोल की मदद से पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के मैच में चेक गणराज्य को 2-1 से हराकर जीत के साथ आगाज किया।

मैदान पर 90वें मिनट में उतरे कोंसिकाओ ने 92वें मिनट में गोल दागा। चेक गणराज्य के लिए लुकास प्रोवोड ने 62वें मिनट में गोल दागा। इसके आठ मिनट बाद पुर्तगाल के लिए रानाक ने रिबाउंड पर बराबरी का गोल किया। इससे करीब 24 साल पहले कोंसिकाओ के पिता सर्जियो ने हैट्रिक लगाकर गत चैंपियन जर्मनी को यूरो 2000 से बाहर किया था। छह यूरो चैंपियनशिप खेलने वाले पहले खिलाड़ी बने सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो कोई गोल नहीं कर सके। वह पुर्तगाल के लिए टूर्नामेंट के इतिहास में 14 गोल कर चुके हैं। ग्रुप एफ के अन्य मैच में तुर्की ने जॉर्जिया को 3-1 से हराया।

### बार्सीलोना ने भारत में बंद की अकादमियां

*नई दिल्ली। मशहूर फुटबॉल क्लब एफसी बार्सीलोना ने 14 साल बाद भारत में अपनी सारी अकादमियां बंद करने का फैसला किया है। क्लब ने इस फैसले का कोई कारण नहीं बताया। 'ला मासिया' (युवा अकादमी) शैली में बच्चों को फुटबॉल के गुर सिखाने के लिए ये अकादमियां शुरू की गई थी जो एक जुलाई से बंद हो जाएंगी। क्लब ने एक बयान में कहा, 'एफसी बार्सीलोना ने दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और पुणे में परिवारों को सूचित कर दिया है कि एक जुलाई 2024 से अकादमियां बंद हो रही है। बार्सीलोना ने भारत में 2010 में पदार्पण किया और तब से हजारों बच्चे क्लब की शैली में फुटबॉल खेलना सीखे हैं।'*

## टेनिस

# पेरिस ओलंपिक खेलेंगे जोकोविच



एजेंसी ▶▶| लंदन

सर्बियाई ओलंपिक समिति ने पुष्टि की है कि नोवाक जोकोविच आगामी पेरिस ओलंपिक में भाग लेंगे। फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल से पहले घुटने की सर्जरी के कारण पीछे हटने वाले जोकोविच ने उम्मीद जताई कि वह जल्दी प्रतिस्पर्धा में लौटेंगे। सर्बियाई समिति ने कहा कि जोकोविच ने पेरिस ओलंपिक खेलने की पुष्टि की है जो उनका पांचवां ओलंपिक होगा।

जोकोविच ने कहा कि उनके दाहिने घुटने की सर्जरी सफल रही है। पेरिस ओलंपिक की टेनिस स्पर्धाएं 27 जुलाई से शुरू होंगी। जोकोविच ने 2008 बीजिंग ओलंपिक में पदार्पण करते हुए कांस्य पदक जीता था।

### विलियमसन ने कप्तानी छोड़ी, ठुकराया अनुबंध

*क्राइस्टचर्च। टी20 विश्व कप से न्यूजीलैंड के अप्रत्याशित रूप से जल्दी बाहर होने के बाद कप्तान केन विलियमसन ने 2024-25 के लिए राष्ट्रीय अनुबंध ठुकरा दिया है और अपने अंतरराष्ट्रीय कॅरियर को विस्तार देने के लिए सीमित ओवरों की कप्तानी भी छोड़ दी है।*



*विलियमसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा बुधवार को जारी विज्ञप्ति में कहा, 'सभी प्रारूपों में टीम को आगे ले जाना मेरा जुनून रहा है और मैं आगे भी योगदान देते रहना चाहता हूं। लेकिन इस सत्र में विदेश में खेलने के मौकों के कारण मैं न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध नहीं ले सकूंगा।' न्यूजीलैंड को जनवरी में बहुत कम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना है। दिसंबर 2022 में टेस्ट कप्तानी छोड़ने वाले विलियमसन इस दौरान तीनों प्रारूप खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। 33 वर्ष के इस धुरंधर ने कहा, 'न्यूजीलैंड के लिए खेलना मेरे लिए खास है और टीम के लिए योगदान देने की मेरी ख्वाहिश जस की तस है। क्रिकेट के बाहर मेरी जिंदगी हालांकि बदल गई है। परिवार के साथ अधिक समय बिताना, उनके साथ देश विदेश में अनुभव का लुत्फ उठाना मेरे लिए अधिक महत्वपूर्ण है।'*

# स्टोइनिस बने नंबर एक टी20 ऑलराउंडर, नबी को पछाड़ा

एजेंसी ▶▶| दुबई


ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस बुधवार को अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को पछाड़कर आईसीसी की नवीनतम टी20 रैंकिंग में नंबर एक ऑलराउंडर बन गए। मौजूदा टी20 विश्व कप में स्टोइनिस ने छह विकेट चटकाने के अलावा बल्ले से भी उपयोगी योगदान दिया और ऑस्ट्रेलिया को सुपर आठ में जगह दिलाने में मदद की। स्टोइनिस एक स्थान के फायदे से नंबर एक ऑलराउंडर बने जबकि नबी को तीन स्थान का नुकसान हुआ।

श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा और बांग्लादेश के अनुभवी शाकिब अल हसन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने अब तक टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया है जो उनकी रैंकिंग में भी नजर आता है। बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन गेंदबाजी रैंकिंग में छह स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद शीर्ष पर हैं। तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ भी छह स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि टीम के उनके साथी गुडाकेश मोती 16 स्थान की लंबी छलांग के साथ 13वें स्थान पर हैं।



भारत के सूर्यकुमार यादव खेल के सबसे छोटे प्रारूप में नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं। फिल सॉल्ट, बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।

### ओसाका, राडुकानू और कर्बर को वाइल्ड कार्ड



**विंबलडन।** पूर्व ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका, कैरोलिन वोज्नियाकी, एंजेलिक कर्बर और एम्मा राडुकानू को विम्बलडन के लिए वाइल्ड कार्ड दिए गए हैं। विंबलडन एक जुलाई से शुरू होगा। चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन और दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ओसाका और तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन कर्बर मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करेंगी। वहीं पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन राडुकानू 2023 में कलाई और टखने की सर्जरी के बाद पहली बार खेलेंगी।

## अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा बर्खास्तगी से हुई कड़वाहट

# उतार-चढ़ाव रहे, लेकिन यादों के लिए धन्यवाद : स्टिमक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा बर्खास्तगी से हुई कड़वाहट के बाद इगोर स्टिमक ने खिलाड़ियों के साहस और जज्बे की प्रशंसा करते हुए बुधवार को कहा कि जब वह पहली बार देश के कोच बने थे तो उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह व्यक्तिगत रूप से इतना जुड़ जाएंगे।

भारत के कतर से दूसरे दौर के अंतिम ग्रुप मैच में हारकर 2026 विश्व कप क्वालीफायर से बाहर होने के बाद स्टिमक को बर्खास्त कर दिया गया। स्टिमक ने ऐसा करने के लिए एआईएफएफ को धमकी दी कि अगर दस दिन के भीतर उनका बकाया भुगतान नहीं किया गया तो वह फीफा ट्रिब्यूनल में उसके खिलाफ मामला दर्ज करेंगे। स्टिमक ने एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे पर भड़ास निकालते हुए उन पर उनका अनुबंध कई बार तोड़ने का आरोप लगाया और फीफा 2026 विश्व कप क्वालीफायर में भारत के दूसरे दौर से आगे नहीं जा पाने के लिए भी उन्हें जिम्मेदार ठहराया। स्टिमक ने कहा कि भारत में कार्यकाल के दौरान उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ा है और वह एआईएफएफ से दोबारा कुछ सुनना नहीं चाहते।



### टीम के हर खिलाड़ी और सदस्य पर गर्व

क्रोएशिया पहुंचे स्टिमक ने कहा, 'सभी भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों और मेरे 'ब्लू टाइगर्स' (टीम के खिलाड़ियों) के लिए, पिछले पांच साल तक आपकी सेवा करना सम्मान की बात है। जब मैं पहली बार आप सभी के साथ जुड़ा था तो मुझे इस देश के साथ इतना मजबूत जुड़ाव होने और व्यक्तिगत रूप से इतना जुड़ने की उम्मीद नहीं थी। मुझे टीम के हर खिलाड़ी और सदस्य पर गर्व है। हम साथ मिलकर उम्मीद और भरोसे का माहौल बनाने की क्षमता रखते थे। हमने एक दूसरे को शारीरिक और मानसिक रूप से निर्भीक और चतुराई भरी फुटबॉल खेलने के लिए प्रेरित किया, जिसके लिए साहस और प्रयासों की जरूरत थी। हम उतार-चढ़ाव से गुजरे, लेकिन आपमें से प्रत्येक खिलाड़ी के लिए मेरे दिल में एक विशेष जगह रहेगी। ये यादें और शानदार पांच साल देने के लिए धन्यवाद। जय हिंद।'

## मेघालय में भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-6 बंद

एजेंसी ▶▶ शिलांग

मेघालय पुलिस ने जोंवाई-बदरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-6 पर सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन को अगले आदेश तक बंद रखने का निर्देश दिया है। मेघालय के लुम्सनॉग में बाढ़ और कुलियांग में विभिन्न स्थानों पर हुए भूस्खलन के कारण राजमार्ग की स्थिति जर्जर हो चुकी है। मेघालय पुलिस ने एक नोटिफिकेशन के जरिए यह आदेश जारी किया।इस बीच, मेघालय के स्थानीय ग्राम प्रधानों ने भी इस आदेश का स्वागत करते हुए स्थिति को शीघ्र सुधारने की मांग की है। इस राजमार्ग पर बुधवार सुबह से किसी भी वाहन को चलने की अनुमति नहीं दी गई। लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क से मलवा खाली कराने और इसकी मरम्मत का काम भी सही तरीके से नहीं हो पा रहा है। वहीं दूसरी ओर, मेघालय राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एमएसडीएमए) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मेघालय में बीते कुछ दिनों से हो भारी बारिश के कारण अबतक दो लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि तीन हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। लोगों से सतर्क रहने को कहा गया है।

# असम, मेघालय, सिक्किम में बारिश ने मचाई तबाही

### बचाव कार्य में बाधक बना खराब मौसम

## सिक्किम में बारिश और लैंडस्लाइड से बुरा हाल 2000 टूरिस्ट्स को एयरलिफ्ट करने की तैयारी




**गंगटोक।** सिक्किम में पिछले कुछ दिनों से लगातार भारी बारिश हो रही है। इसके अलावा विभिन्न हिस्सों में लैंडस्लाइड के कारण कई पर्यटक फंसे हुए हैं। सिक्किम में लगातार बारिश और लैंडस्लाइड से हालात बिगड़ गए हैं। उत्तरी सिक्किम तबाह हो गया है। यहां अब भी 2000 पर्यटक फंसे हुए हैं। लगातार बारिश के कारण मंगन से लाचुंग तक कई जगहों पर लैंडस्लाइड से सड़क परिवहन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सिक्किम प्रशासन की ओर से पर्यटकों को निकालने की कोशिशें जारी हैं। यहां तक कि पर्यटकों को रेस्क्यू करने के लिए हेलिकॉप्टर भी तैयार हैं, लेकिन खराब मौसम के कारण एयरलिफ्ट करना संभव नहीं हो पा रहा है। करीब 50 पर्यटकों को किसी तरह अस्थायी मार्गों से रेस्क्यू किया गया ।

### सिक्किम का पश्चिम बंगाल से संपर्क टूटा

*दरअसल, रातभर हुई भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 10 फिर से ध्वस्त हो गया है. सिक्किम का पश्चिम बंगाल से संपर्क टूट गया है. वलुखोला और लिखुवीर इलाकों में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ी चट्टानें गिर गईं हैं, जिससे सड़क यातायात के लिए पूरी तरह से बंद हो गया। हालांकि, जिला प्रशासन तेजी से सड़क को सामान्य करने में जुट गया है।*

### एक हफ्ते से फंसे हैं पर्यटक

इससे पहले सोमवार दोपहर मंगन जिले के तूंग में फंसे पर्यटकों को सड़क मार्ग से निकालने का काम शुरू हुआ था। इस टीम को मंगन जिला मजिस्ट्रेट हेम कुमार छेत्री ने लीड किया। कुछ विदेशियों समेत पर्यटक पिछले एक सप्ताह से लाचुंग शहर में फंसे हुए हैं। मंगन जिले के कई इलाकों में मूसलाधार बारिश और लैंडस्लाइड से सड़क और संचार नेटवर्क ठप हो गए हैं, जिससे देश के बाकी हिस्सों से संपर्क बाधित हो गया है।

### लगातार बारिश से बही लाचुंग सड़क

*सिक्किम में लगातार बारिश का असर बंगाल और विशेष रूप से तीस्ता नदी पर पड़ा है. लाचुंग में एक घर बारिश के कारण बह गया. लाचुंग सड़क बह गई. तीस्ता से जुड़ने वाली सिंगतम, रंगफो (सिक्किम) नदी खतरे के स्तर को पार कर गई है, जिससे लोग डरे हुए हैं। दूसरी ओर सिक्किम से आने वाला यह पानी तीस्ता में प्रवेश करता है और तीस्ता का पानी सड़क पर आने से संकट गहरा गया था. पिछले साल दिसंबर के महीने में तीस्ता में लैंडस्लाइड और जल प्रवाह के कारण पूरे इलाके की मुश्किलें बढ़ गई थीं।*

### अब तक 29 की मौत, 3000 से अधिक लोग प्रभावित









### बाढ़ से 15 जिलों में 1.61 लाख से अधिक लोग प्रभावित

देश के असम राज्य में बाढ़ की स्थिति अभी भी गंभीर है, क्योंकि 15 जिलों में 1.61 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और बाढ़ ने अब तक राज्य में 26 लोगों की जान ले ली है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बाढ़ रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को हैलाकांडी जिले में बाढ़ के पानी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। बाढ़ रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल की बाढ़ ने राज्य में अब तक 26 लोगों की जान ले ली है। करीमगंज जिले में बाढ़ की स्थिति बदतर हो गई है और 41,711 बच्चों सहित 1.52 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। बता दें, करीमगंज जिले के नीलमबाजार, आरके नगर, करीमगंज और बदरपुर राजस्व मंडल के अंतर्गत 225 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

## सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेरा

# सोपोर में मुठभेड़ः 2 आतंकी हुए ढेर पुलिसकर्मी घायल, अभियान जारी



एजेंसी ▶▶ कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के बारामूला में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। सोपोर में सेना ने मुठभेड़ में दो आतंकियो को ढेर कर दिया है। वहीं इस गोलीबारी में सेना के दो जवान घायल हो गए हैं। जिनमें एक पुलिसकर्मी शामिल है। सुरक्षाबलों ने पूरा इलाके को घेर रखा है। अन्य आंतकियों के छिपे होने की आशंका है। जिनकी तलाश की जा रही है। हालांकि ऑपरेशन के दौरान एक जांबाज पुलिसकर्मी भी घायल हुआ। घायल जवान को तुरंत इलाज के अस्पताल ले जाया गया। अभी ऑपरेशन जारी है।

### रियासी हमले में वर्कर हाकम गिरफ्तार

इधर रियासी में शिव खोड़ी से बस में आ रहे श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले को लेकर पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रियासी से 45 साल के ओवर ग्राउंड वर्कर हाकम को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी आतंकियों का बड़ा मददगार है, जिसने इस हमले में मदद की थी। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने आतंकियों को कई बार पनाह दी थी।

## रियासी हमले में एफआईआर दर्ज

*9 जून को रियासी में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले की जांच एनआईए को सौंप दी गई थी। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद इस केस में नई एफआईआर दर्ज की गई। 16 जून को ही गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग की। जिसमें उन्होंने निर्देश दिया था कि आतंकवाद को कुचलें और आतंकियों की मदद करने वालों पर भी सख्ती बरतें।*

### एक व्यक्ति एके-47 राइफल लेकर लापता

कश्मीर के डोडा जिले में एक व्यक्ति मंगलवार देर शाम एक विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ की एके-47 राइफल लेकर लापता हो गया. अधिकारियों ने बताया कि प्रानू क्षेत्र के ट्रोन गांव का निवासी मोहम्मद रफी अपने वाहन से भेला से अपने गांव की ओर आ रहा था। उसके साथ एक एसपीओ भी था, जिसके पास हथियार था। जब वे पुल डोडा पहुंचे तो एसपीओ सफदर हुसैन कुछ जरूरी सामान खरीदने के लिए वाहन से बाहर निकल गया। इसी बीच रफी राइफल लेकर अपनी कार से फरार हो गया।

### सांबा में मिला संदिग्ध बैग, सैन्य वर्दी और कारतूस बरामद

*जम्मू संभाग के जिला कठुआ की तहसील हीरानगर के सैडा सोहल में आतंकियों की मौजूदगी के बाद सांबा जिला में भी कई क्षेत्रों में संदिग्ध देखे जाने की सूचना पर पुलिस, सेना व सुरक्षाबलों को अलर्ट पर रखा गया है। मंगलवार को सेना की क्यूआरटी वाहन सवार जवानों ने कस्बे के वीर भूमि पार्क के गेट के बाहर एक संदिग्ध बैग बरामद किया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। बैग की जांच में सेना की वर्दी, टीर्शट, एक पायजामा व एसएलआर का एक कारतूस मिला है। इसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। उधर,इस बरामदगी के बाद लोगों में दहशत है।*



# अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने की दलाई लामा से मुलाकात, चीन को लगी मिर्ची

## बोले सांसद मैककॉल, तिब्बत के लोगों को स्वतंत्रता का अधिकार है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की प्रतिनिधि सभा की पूर्व अध्यक्ष नैंसी पेलोसी के साथ भारत पहुंचे छह अमेरिकी सांसदों के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने दलाई लामा को तिब्बत के लिए अमेरिकी समर्थन को बढ़ाने के लिए 'द रिजॉल्व तिब्बत एक्ट' की फ्रेम की हुई एक प्रति भेंट की। यहां बता दें कि चीन ने बीते मंगलवार को अमेरिकी सांसदों की इस यात्रा का विरोध करते हुए कहा था कि 14वें दलाई लामा धार्मिक व्यक्ति नहीं हैं। बल्कि धर्म की आड़ में चीन के खिलाफ अलगाववादी गतिविधियों में शामिल राजनीतिक निर्वासित व्यक्ति हैं। चीन, अमेरिका की संसद में तिब्बत को लेकर हालिया पारित उस कानून से भी आगबबूला है। जिसमें अमेरिका ने कहा है कि वो तिब्बत को चीन द्वारा अपना बताए जाने से जुड़े हुए सभी दावों को खारिज करता है और इसका खुलासा वह दुनियाभर में करेगा।

### तिब्बतियों का एक अलग धर्म-संस्कृति

उधर, धर्मशाला में तिब्बती धर्मगुरु से मुलाकात के बाद प्रतिनिधिमंडल की अगुआई कर रहे अमेरिका के सांसद माइकल मैककॉल ने कहा कि तिब्बत के लोगों को स्वतंत्रता का अधिकार है। उनकी एक अलग संस्कृति और धर्म है। जिसका उन्हें आजादी के साथ पालन करने का अधिकार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीपी) की धमकी के बावजूद हम आज यहां पर हैं। वह तिब्बती प्रशासन द्वारा आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सीपीपी द्वारा की गई हिंसा और जबरन तिब्बती लोगों को बाहर निकाले जाने के बाद भी दलाई लामा लगातार शांति, माफी और सहिष्णुता के मार्ग पर चल रहे हैं।

### चीन की चेतावनी के बाद भी पहुंचे धर्मशाला

मैककॉल ने कहा कि लोकतंत्र में लोगों को स्वतंत्रता होती है। जबकि निरंकुशता में उनका उत्पीड़न होता है। तिब्बत के लोगों की एक अलग संस्कृति और ऐतिहासिक पहचान है और उनकी अपने आने वाले भविष्य में एक अहम भूमिका होनी चाहिए। आप लोगों को स्वतंत्र रूप से अपने धर्म को मानने का अधिकार होना चाहिए। चीन पर निशाना साधते हुए अमेरिकी सांसद ने कहा कि हमें सीसीपी की चेतावनी का एक पत्र मिला था। जिसमें यह कहा गया था कि यह यात्रा न करें। तिब्बत 13वीं शताब्दी से चीन का भूभाग है। इसपर मैककॉल ने कहा कि हम सीपीपी की धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। इसलिए आज हम यहां पर हैं। दलाई लामा, तिब्बत की जनता और अमेरिका जानते हैं कि तिब्बत चीन का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा कि यह समय अवधि काफी महत्वपूर्ण है। जब बीते सप्ताह अमेरिकी संसद ने तिब्बत के मामले पर एक विधेयक पारित करने के तुरंत बाद हमारे दल की धर्मशाला की यह यात्रा हो रही है। यह विधेयक भी तिब्बत की आजादी का समर्थन करता है। इस पर आगामी कुछ दिनों में जरूरी अमेरिकी पक्ष द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।

### पुतिन ने किम को लग्जरी कार 'ऑरस' गिफ्ट की

# उत्तर कोरिया पहुंचे व्लादिमीर पुतिन, हुआ भव्य स्वागत

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बुधवार तड़के उत्तर कोरिया पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन खुद एयरपोर्ट पर खड़े होकर पुतिन के स्वागत की तैयारियों का जायजा लेते दिखे। वही दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को गिफ्ट भी दिया है। रूसी राष्ट्रपति के सलाहकार यूरी उशाकोव ने बताया कि पुतिन ने कोरियाई नेता को नई 'ऑरस' लग्जरी कार गिफ्ट की। पुतिन ने किम को टी सेट भी गिफ्ट किया है। पुतिन के लिए एयरपोर्ट पर बड़े-बड़े रेड कार्पेट बिछाए गए और विमान से नीचे उतरते ही किम ने उनसे हाथ मिलाया, फिर गले लगा लिया।



### चीन के बाद पुतिन की दुर्लभ विदेश यात्रा

2022 में यूक्रेन पर रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के बाद से पुतिन के लिए यह एक दुर्लभ विदेश यात्रा है। वहीं, यह उत्तर कोरियाई राष्ट्रपति किम जोंग उन के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जिन्होंने कोविड-19 महामारी के बाद से दुनिया की सबसे राजनीतिक रूप से अलग-थलग राजधानियों में से एक प्योंगयांग में किसी बड़े वैश्विक नेता की मेजबानी नहीं की है।

### सुरक्षित यात्रा के लिए लिया गया फैसला

# उत्तरकाशी में रात 10 से सुबह 4 बजे तक यातायात पर रोक

एजेंसी ▶▶ देहरादून



चारधाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने पर जोर दिया जा रहा है। अब रात 10 बजे बाद किसी वाहन को आगे नहीं भेजा जाएगा। सुबह 4 बजे के बाद ही यातायात पुनः संचालित किया जाएगा। जनपद में रात 10 से सुबह 4 बजे तक वाहनों के आवागमन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। आगामी मानसून सीजन में चारधाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। इसी के साथ गंगोत्री हाईवे पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र सोनगाड में अस्थायी पुलिस चौकी खोली गई है।

# अब 'ध्रुव' हेलीकॉप्टर नहीं होगा हादसों का शिकार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने भारतीय थल सेना के लिए 90 और भारतीय वायुसेना के लिए 66 लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (एलसीएच) प्रचंड के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी किया है।

माना जा रहा है कि 156 प्रचंड हेलिकॉप्टर्स की तैनाती चीन और पाकिस्तान की सीमा पर की जाएगी। मल्टी मिशन एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव के मुकाबले रक्षा मंत्रालय तीनों सेनाओं के लिए मल्टी रोल कॉम्बैट हेलीकॉप्टर्स को प्राथमिकता दे रहा है। कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने इससे पहले सात मार्च को 35 एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर्स के लिए एचएएल को आरएफपी जारी किया था, जिनमें से 25 भारतीय सेना को और 9 भारतीय तटरक्षक बल को मिलने थे। सैन्य सूत्रों का कहना है एएलएच में डिजाइन संबंधी कुछ खामियां हैं, जिन्हें इस महीने के आखिर तक दुरुस्त कर लिया जाएगा। जून के अंत तक पूरा हो जाएगा अपग्रेडेशन का काम रक्षा सूत्रों के मुताबिक एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर्स ध्रुव बेड़े के जरूरी सेफ्टी अपग्रेड का काम पूरी होने वाला है। वहीं उनमें अपग्रेडेड नियंत्रण प्रणाली लगाई है, जिससे उनकी उड़ने की क्षमता में सुधार होगा। डिजाइन संबंधी समस्या के चलते ध्रुव फ्लीट को पिछले वर्ष कई बार उड़ान से रोकना पड़ा था, क्योंकि लगातार हो रहे हादसों की वजह से उसकी उड़ानों के सुरक्षा रिकॉर्ड पर सवाल उठने लगे थे।

### कोल्ड स्टोर में विस्फोट सभी सुरक्षित



**सोहावल।** अयोध्या जिले में बीती रात रौनाही थाना क्षेत्र जुबेरगंज बाजार के पास नूर कोल्ड स्टोर में अमोनिया गैस के रिसाव से विस्फोट हुआ। घटना की सूचना पर एसडीएम सोहावल अशोक कुमार सैनी थाना प्रभारी पंकज सिंह फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंचे। चार कर्मी स्वतः सकुशल बाहर निकल गए।

पांचवी मंजिल पर कार्यरत सुपरवाईजर को आधे घंटे के प्रयास के बाद सुरक्षित बाहर निकाला। फंसे होने की आवाज़ सुनाई पड़ते ही एसडीएम सोहावल एवं थाना प्रभारी के लगभग आधे घंटे के प्रयास से मसौधा निवासी परमानंद मौर्या को बाहर निकालने में सफल रहे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109